सुविचार
शिक्षा पद्धति किसी भी देश का भविष्य तय करती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 24 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 303 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com




शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी... 12

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 66,017.81 |
| निफ्टी | : | 19,802.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,845 |
| चांदी | : | 79.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### निर्वाचन आयोग ने राहुल को जारी किया नोटिस

**NEW DELHI :** निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गईं पनौती, जेबकतरे और कर्ज माफी संबंधी टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुरुवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयोग ने उनसे शनिवार शाम तक जवाब देने को कहा है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया था और कहा था कि एक वरिष्ठ नेता द्वारा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। निर्वाचन आयोग ने गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है। कांग्रेस नेता ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए पनौती, जेबकतरे व अन्य टिप्पणियां की थी।

### पूजा सिंघल से जुड़े मनी लॉउन्ड्रिंग मामले में तीन की हुई गवाही

**RANCHI :** निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में ईडी की ओर से तीन गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को तीनों गवाहों की गवाही दर्ज हुई। ईडी ने मामले में गौतम राय, सुजीत कुमार और पंचवटी बिल्डर्स के प्रमोटर आलोक सरावगी की गवाही करायी। तीनों गवाहों को अदालत ने गवाही के लिए पिछले दिनों समन भेजा था। इसी समन पर तीनों अदालत गवाही देने पहुंचे। जांच में यह बात सामने आई थी कि सरावगी बिल्डर्स ने ही पल्स अस्पताल के लिए जमीन को खरीदा था। पहले यह जमीन रूंगटा परिवार के कब्जे में था। गवाहों ने पूजा सिंघल से हुई लेन-देने के बारे में अदालत को बताया। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष के वकील ने गवाहों का प्रति-परीक्षण किया। जिरह पूरी होने के बाद अदालत ने तीनों गवाहों को डिस्चार्ज किया।

### जालंधर में नेशनल हाईवे के बाद रेलवे ट्रैक भी जाम

**JALANDHAR :** पंजाब के जालंधर में दिल्ली-जम्मू नेशनल हाईवे (एनएच-44) के बाद किसानों ने रेलवे ट्रैक भी अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया है। गन्ने का रेट बढ़ाने की मांग को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने लुधियाना की तरफ जाते वक्त पीएपी चौक से कुछ दूरी पर धन्नोवाली फाटक के पास ही रेलवे ट्रैक और नेशनल हाईवे को बंद किया है। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। रेलवे ट्रैक बंद होते ही शताब्दी एक्सप्रेस को कपूरथला के फगवाड़ा में रोक दिया था। यह प्रदर्शन जालंधर कैंट स्टेशन के पास हो रहा है।

# SC की पहली महिला जज फातिमा बीवी का निधन

## राजीव गांधी के हत्यारों के मर्सी पिटिशन को किया था खारिज

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज होने का गौरव प्राप्त करने वाली फातिमा बीवी का निधन हो गया है। फातिमा बीवी 96 वर्ष की थीं। उनका जन्म 30 अप्रैल 1927 को वर्तमान केरल राज्य में हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की जज के रूप में उन्होंने एक बेहतरीन पारी खेली उसके बाद वे तमिलनाडु की राज्यपाल भी बनाई गई थीं। 25 जनवरी 1997 को उन्हें तमिलनाडु का राज्यपाल बनाया गया था। तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में उन्होंने कई बड़े निर्णय लिए जिनमें से सर्वप्रमुख है पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या मामले में चार दोषियों द्वारा दायर दया याचिकाओं को खारिज करना। फातिमा बीवी ने 1943 में पथानमथिट्टा के कैथोलिकेट हाई स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी। बाद में वह अपनी उच्च शिक्षा के लिए त्रिवेंद्रम चली गईं थीं।

### 1989 में सर्वोच्च न्यायालय की बनीं थी जज

फातिमा बीवी ने 1950 को केरल की निचली न्यायपालिका में अपना करियर शुरू किया। आठ साल के बाद उन्होंने केरल अधीनस्थ न्यायिक सेवाओं में मुंसिफ की नौकरी की। उसके बाद वे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनीं। 1983 में फातिमा बीवी केरल उच्च न्यायालय की न्यायाधीश बनीं। 1986 में फातिमा बीवी केरल हाईकोर्ट से रिटायर्ड हुईं और फिर 1989में सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश नियुक्त की गईं। फातिमा बीवी ने पुरुष प्रधान न्यायपालिका में महिलाओं के लिए करियर बनाने का दरवाजा खोलने का काम किया था।

### फातिमा बीवी का केरल में हुआ था जन्म

जस्टिस फातिमा बीवी का जन्म 30 अप्रैल 1927 को केरल के पथानामथिट्टा में हुआ था। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के महिला कॉलेज से कैमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया। फातिमा के पिता ने उन्हें एडवोकेट की पढ़ाई करने के लिए कहा। इसके चलते उन्होंने तिरुवनंतपुरम के ही लॉ कॉलेज से एलएलबी की डिग्री हासिल की। यहां से निकलकर साल 1950 में उन्होंने बार काउंसिल का पेपर दिया। फातिमा ने बार काउंसिल एग्जाम में टॉप किया और बार काउंसिल गोल्ड मेडल पाने वाली पहली महिला बनीं। उन्होंने कोल्लम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से अपने वकालत के करियर की शुरूआत की। इसके 8 साल बाद वे मजिस्ट्रेट के तौर पर ज्यूडिशियल सर्विस में आईं। 1974 में फातिमा बीवी डिस्ट्रिक्ट सेशन जज बनीं।



जन्म : 30 अप्रैल 1927
मृत्यु : 23 नवंबर 2023

# सुरक्षाबलों ने जवानों की शहादत का लिया बदला मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर



- अब तक 5 जवान भी शहीद, एक आतंकी पाकिस्तानी आईईडी एक्सपर्ट और ट्रेंड स्नाइपर था, बुधवार से ऑपरेशन जारी
- सुरक्षाबलों को बाजीमाल इलाके में आतंकियों के छिपे होने की मिली थी सूचना
- सर्च ऑपरेशन के दौरान अतंकवादियों ने किया हमला

**AGENCY JAMMU :** राजौरी में बुधवार से आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। गुरुवार सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। गोलीबारी में एक और जवान शहीद हो गए हैं। अब तक कुल 5 जवान जान गंवा चुके हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार से जारी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सेना के जवानों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। जिसमें एक क्वारी नाम का आतंकवादी पाकिस्तानी नागरिक है। उसे पाक और अफगान मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया था। वह लश्कर-ए-तैयबा का टॉप आतंकवादी नेता था। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी पिछले एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजौरी-पुंछ में सक्रिय था। उसे डांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। उसे क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। वह आईईडी ब्लास्ट का मास्टरमाइंड था। पीआरओ डिफेंस ने बताया, वह गुफाओं से छिपकर हमला करने और एक ट्रेंड स्नाइपर था। मालूम हो बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबल लगातार ऑपरेशन चला रही है।

# ऑगर मशीन में आई खराबी प्लेटफॉर्म टूटा, ड्रिलिंग रूका

## आज सुबह तक के लिए रोका गया रेस्क्यू, अभी 16.2 मीटर खुदाई बाकी

**टनल हादसा**

**AGENCY UTTERKASHI :** उत्तराखंड में उत्तरकाशी टनल में पाइप डालने वाली ऑगर मशीन का प्लेटफॉर्म टूट गया। ऑगर ड्रिलिंग मशीन खराब हो जाने से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हो गया है। जिसके चलते 12 नवंबर से फंसे 41 मजदूरों का रेस्क्यू शुक्रवार सुबह तक के लिए रोक दिया गया है। उधर, प्लेटफॉर्म की मरम्मत की जा रही है। इससे पहले गुरुवार दोपहर 1.15 बजे मजदूरों तक पहुंचने के लिए बाकी 18 मीटर की खुदाई शुरू की गई, लेकिन 1.8 मीटर की ड्रिलिंग के बाद मलबे में सरिया आने से खुदाई रोकनी पड़ी। इसे दिल्ली से हेलिकॉप्टर से पहुंचे 7 एक्सपर्ट्स ने ठीक किया। अधिकारियों ने बताया- आज 1.86 मीटर ड्रिलिंग हुई। अभी 16.2 मीटर खुदाई बाकी है।



टनल में फंसे मजदूरों को निकाने के लिए ड्रिलिंग करती रेस्क्यू टीम।

### लगातार दूसरे दिन मलबे में आया सरिया

रेस्क्यू ऑपरेशन के नोडल सचिव नीरज खैरवाल ने बताया कि गुरुवार को मलबे में सरिया आने की वजह से पाइप कुछ मुड़ गया है। ऑगर मशीन को नुकसान हुआ है। दो एक्सपर्ट की मदद से सरिया काटा गया, जिसके बाद ड्रिलिंग का काम दोबारा शुरू हुआ। बुधवार रात भी ऑगर मशीन के सामने सरिया आ गया था। एनडीआरएफ की टीम ने रात में ही सरिया काटकर अलग कर दिया था। इससे पहले, एनडीआरएफ की टीम ने बुधवार तक मजदूरों तक पहुंचने के लिए 45 मीटर का रास्ता क्लियर कर लिया था। गुरुवार को रेस्क्यू पाइप को 1.8 मीटर पुश किया गया। अब तक कुल 46.8 मीटर पाइप पुश किया जा चुका है। अभी 16.2 मीटर खुदाई बाकी है। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि अगर टनल में डाले जा रहे पाइप मलबे में टूट जाते हैं। ऐसी स्थिति में एनडीआरएफ की टीम मजदूरों को रस्सयों से बंधे पहिए वाले स्ट्रेचर की मदद से एक-एक कर बाहर निकालेगी।

### मजदूरों तक पहुंचा वेल्डिंग का धुआं

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के पूर्व सलाहकार और उत्तराखंड सरकार में ओएसडी भास्कर खुलबे ने गुरुवार कहा था कि हम 12-14 घंटे में मजदूरों तक पहुंच जाएंगे। फिर उन्हें एनडीआरएफ की सहायता से बाहर लाने के लिए 2 से 3 घंटे लगेंगे। खुलबे के मुताबिक, 45 मीटर का रास्ता क्लियर है। एनडीआरएफ की टीम 45 मीटर तक अंदर जा चुकी है। इसका मतलब साफ है कि पैसेज क्लियर है। कल (22 नवंबर) की शाम आखिरी पाइप डालते समय वेल्डिंग की गैस ज्यादा निकल रही थी। ये गैस मजदूरों तक पहुंच रही थी। जब इसकी जानकारी मिली तो काम तुरंत रोक दिया गया। पॉजिटिव बात ये है कि अगर मजदूरों तक धुआं पहुंच रहा है, मतलब हम लक्ष्य के पास हैं। मजदूरों और रेस्क्यू टीम के सदस्य दोनों की जान खतरे में है।

### ईडी ने हाईकोर्ट को सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

**RANCHI :** बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में ईडी की छापेमारी एवं मनीलांड्रिंग के आरोपियों द्वारा ईडी के अधिकारियों को परेशान करने की साजिश रचने संबंधी मामले में गुरुवार को ईडी की ओर से कोर्ट में सीलबंद रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया। इसके बाद कोर्ट ने ईडी के अधिवक्ता से पूछा कि क्या वह इस रिपोर्ट को राज्य सरकार के साथ शेयर कर सकती है, इस पर इंस्ट्रक्शन लेकर अगली सुनवाई में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करें। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर से पक्ष रखा। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इस मामले में ईडी से सीलबंद रिपोर्ट मांगी थी। दरअसल ,पिछली सुनवाई में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा ईडी के अधिकारियों को परेशान करने की बात उठी थी। साथ ही कोर्ट को बताया गया था कि शिकायत मिलने पर ईडी के अधिकारियों ने बिरसा मुंडा जेल में छापेमारी की थी। इस पर कोर्ट ने ईडी द्वारा की गई छापेमारी एवं मनी लांड्रिंग के आरोपियों अमित अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश के द्वारा तथाकथित ईडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने मामले में ईडी से रिपोर्ट मांगी थी।

# चाईबासा में IED ब्लास्ट CRPF का जवान घायल

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान में अब तक कई आईईडी विस्फोट हो चुके हैं। इसमें दर्जनों जवान घायल हुए हैं। गुरुवार को चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान फिर आईडी विस्फोट हुआ है। इसमें सीआरपीएफ का जवान हफीजुर रहमान जख्मी हो गया। वह सीआरपीएफ के 174वीं बटालियन का हिस्सा है। गंभीर रूप से जख्मी होने की वजह से उसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। जहां मेडिका अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जवान की स्थिति अभी स्थिर है। आईडी विस्फोट की घटना मुफसिल थाना के हेसाबांध के समीप की है।

# एक्टर शाहरुख खान और फुटबॉलर मेसी को नोटिस

## मुजफ्फरपुर कंज्यूमर फोरम ने 12 जनवरी को बुलाया

- आकाश बायजूस द्वारा फीस के नाम से 2 लोन लेकर धोखाधड़ी करने का मामला

**AGENCY MUJAFFARPUR :** मुजफ्फरपुर जिला उपभोक्ता आयोग ने बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और फुटबॉलर लियोनेल मेसी को नोटिस जारी किया है। इसको लेकर आयोग में अगली सुनवाई 12 जनवरी 2024 को होगी। जिला उपभोक्ता आयोग ने ये नोटिस एक पिता की शिकायत पर जारी किया है। पिता का आरोप है कि आकाश बायजूस ने फीस के नाम 2 लोन लेकर धोखाधड़ी की है। फिल्म अभिनेता शाहरुख खान और फुटबॉलर लियोनेल मेसी आकाश बायजूस के ब्रांड ऐंबैस्डर हैं, इसलिए इनको भी विरोधी पक्षकार बनाया गया है। आयोग की तरफ से निर्धारित तारीख को अगर ये लोग या इनके प्रतिनिधि उपस्थिति नहीं होते हैं तो आयोग इन सभी के खिलाफ आगे की कार्रवाई करेगा।

### सांसदों को सलाह संसद का लॉग-इन पासवर्ड शेयर न करें

**NEW DELHI :** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े कैश फॉर क्वेरी केस के बाद लोकसभा सचिवालय ने सांसदों को संसद की लॉग-इन पासवर्ड शेयर न करने का निर्देश दिया है। साथ ही सासंदों से कहा कि पार्लियामेंट के अंदर जो भी सवाल पूछे जाने हैं, उन्हें बाहर किसी से न बताएं। सचिवालय ने यह निर्देश 10 नवंबर को जारी किया था। गुरुवार यानी 23 नवंबर को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लेटर का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। दरअसल, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद की आईडी और पासवर्ड बिजनेसमैन हीरानंदानी को देने का आरोप लगा था।

# दिल्ली : खौफनाक 'बच्चा कातिल', कर चुका है 3 कत्ल

## 16 साल का है आरोपी, 60 बार चाकू मारकर लाश पर नाचता दिखा

**AGENCY NEW DELHI :** राजधानी दिल्ली के वेलकम इलाके में मंगलवार रात हुई 17 वर्षीय नाबालिग की हत्या में दिल दहलाने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस फुटेज में हत्या के दौरान 16 साल का आरोपी मृतक यूसुफ पर चाकू के 60 से ज्यादा वार करते हुए दिख रहा है। इसके साथ ही बीच-बीच में वह गला रेतकर उसकी सांसें रोकने की पुष्टि करता हुआ दिख रहा है। बताया जा रहा है कि वह पहले भी दो हत्याओं में शामिल रहा है। जानकारी के अनुसार बीते रात 350 रुपये की लूट के लिए वेलकम इलाके में 17 वर्षीय यूसुफ की ताबड़तोड़ चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। लूट का विरोध करने के चलते नाबालिग आरोपी ने उस पर 60 से ज्यादा बार चाकू से हमला किया। उसने यह सुनिश्चित किया कि वह बचना नहीं चाहिए। वायरल सीसीटीवी फुटेज में वारदात के दौरान आरोपी मौत के बाद भी मृतक के चेहरे पर लात मार रहा है।



वायरल सीसीटीवी फुटेज।

### जेल जाने की बात कहकर कर रहा था डांस

वायरल सीसीटीवी फुटेज में वारदात के दौरान कभी वह उसके बाल घसीटकर गली में ले जा रहा है। साथ ही डांस करके वह मोहल्ले वालों को ललकार रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दौरान वह लगातार खुद जेल जाने की बात कहकर नाच रहा था। स्थानीय लोगों का ये भी दावा है कि आरोपी ने यह तीसरी वारदात को अंजाम दिया है। इससे पहले भी आरोपी हत्या की दो अन्य वारदातों में शामिल रहा है लेकिन नाबालिग होने के चलते जल्द ही बाल सुधार गृह से बाहर आ जाता है। वारदात के दौरान किसी ने भी यूसुफ को बचाने का प्रयास नहीं किया। पुलिस का मानना है कि इलाके में दहशत फैलाने के मकसद से नाबालिग ने बेरहमी से इस हत्या को अंजाम दिया है। उत्तर पूर्वी जिला के पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने कहा कि वेलकम में हुई 17 वर्षीय यूसुफ की हत्या के मामले में एक नाबालिग को पकड़ा गया है।

## चीन में तेजी से फैल रही सांस से जुड़ी बिमारी, बच्चों की घुटती सांसों पर डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

# सावधान! कोविड के बाद एक और महामारी का खतरा

**AGENCY NEW DELHI :** चीन के अस्पताल इन दिनों सांस से जुड़ी बीमारियों से परेशान मरीजों से भर रहे हैं। कोविड काल से उबरने के बाद एक बार फिर सांस से जुड़ी बीमारी के महामारी की शक्ल में बदलने से ना सिर्फ चीन बल्कि पूरी दुनिया एक बार फिर डर गई है। कोविड का पता चलने के लगभग चार साल बाद एक और निमोनिया महामारी ने डब्ल्यूएचओ को चिंतित कर दिया है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था देश में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि की रिपोर्ट कर रही है। चीन के वुहान से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी की सूचना मिलने के लगभग चार साल बाद यह कोविड महामारी में बदल गई। अभी के मौजूदा हाल में चीन ने ज्यादातर बच्चों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी के फैलने की सूचना दी है। इस महामारी के प्रकोप से बीमार बच्चों से अस्पताल भरे पड़े हैं। जिससे विश्व स्वास्थ्य संगठन चिंतित हो गया है।



**सुझाव**

- सांस से जुड़ी बीमारी से बचाव के लिए सभी वैक्सीन जरूर लगवाएं।
- श्वसन संबंधी बीमार लोगों से दूरी बनाए रखें।

### बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए रोग निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता

सांस से जुड़ी इस बीमारी के महामारी के रूप में प्रसार को रोकने के लिए चीन में अधिकारियों ने स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं और सामुदायिक सेटिंग्स में रोग निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य प्रणाली की क्षमता का विस्तार करने पर भी जोर दिया है जो अधिक बच्चों के संक्रमित होने के कारण ओवरलोड हो रही है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि उभरती बीमारियों की निगरानी के कार्यक्रम सहित समूहों ने उत्तरी चीन में बच्चों में अज्ञात निमोनिया के समूहों की सूचना दी है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ये चीनी अधिकारियों द्वारा पहले बताई गई श्वसन संक्रमण में समग्र वृद्धि या अलग-अलग घटनाओं से जुड़े हैं हेल्थ एजेंसी ने कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम तंत्र के माध्यम से अतिरिक्त महामारी विज्ञान और क्लीनिकल जानकारी के साथ-साथ बच्चों में इन रिपोर्ट किए गए प्रकोपों के प्रयोगशाला परिणामों का अनुरोध किया है इस बीमारी को नई महामारी के रूप में देखा जा रहा है इसमें बच्चों में जो लक्षण उभर रहे हैं उसमें फीवर, लंग्स में सूजन, खांसी जैसे लक्षण उभर रहे हैं।

### महामारी के उभरने की क्या है वजह?

चीन में बीमार बच्चों की बढ़ती तादात और इस महामारी के उभरने की वजह क्या है ये भी बड़ा सवाल है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने इसकी वृद्धि के लिए कोविड प्रतिबंधों को हटाने और इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया एक सामान्य जीवाणु संक्रमण है जो आम तौर पर छोटे बच्चों को प्रभावित करता है), श्वसन सिंकाइटियल वायरस और कोविड का कारण बनने वाले वायरस जैसे ज्ञात रोगजनकों के प्रसार को जिम्मेदार ठहराया है।

### पाकुड़ को 300 करोड़ की योजनाओं का कल सौगात देंगे सीएम

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 25 नवंबर को पाकुड़ में 300 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। साथ ही परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान पावर सब स्टेशन, एडवांस डेंटल ओपीडी ,सड़क, आवासीय उच्च विद्यालय, बैटमिंटन कोर्ट, मोड्यूल ओटी का उद्घाटन करेंगे। साथ ही जिले के स्कूलों में अतिरिक्त क्लास, स्मार्ट क्लास, मॉडल आंगनबाड़ी सेंटर, पथ मरम्मत कार्य, अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए क्वाटर निर्माण, शेड निर्माण, गार्डवाल, पीसीसी पथ, स्कूलों में बाउंड्री निर्माण और डिग्री कॉलेज का शिलान्यास करेंगे। पाकुड़ डीसी मृत्युंजय कुमार वर्णवाल के अनुसार, सीएम 24 नवंबर को हेलीकॉप्टर से पाकुड़ आएंगे और परिसदन में रात्रि विश्राम करेंगे।

# सेम सेक्स मैरेज पर दिए फैसले पर पुनर्विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

## याचिकाकर्ता की मांग- खुली अदालत में हो बहस

**28 को सुनवाई**

**AGENCY NEW DELHI :** सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले खिलाफ सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मामले की सुनवाई 28 नवंबर से की जाएगी। याचिककर्ता अमेरिका में एक लॉ फर्म में काम करने वाले एडवोकेट उदित सूद हैं। उनके वकील मुकुल रोहतगी ने मांग की है कि मामले की सुनवाई खुली अदालत में की जाए। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि म इस पर गौर करेंगे और फैसला करेंगे। दरअसल, 17 अक्टूबर को सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। यह फैसला 2018 के ऐतिहासिक फैसले के 5 साल बाद आया। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक यौन संबंधों पर प्रतिबंध को हटा दिया था।





# कैसा हो मधुमेह के रोगी का आहार

मधुमेह के रोगी का आहार केवल पेट भरने के लिए ही नहीं होता, उसके शरीर में ब्लड शुगर की मात्रा को संतुलित रखने में सहायक होता है। चूंकि यह रोग मनुष्य के साथ जीवन भर रहता है इसलिए जरूरी है कि वह अपने खानपान पर हमेशा ध्यान रखे। आमतौर मरीज ब्लडशुगर की नार्मल रिपोर्ट आते ही लापरवाह हो जाता है। मधुमेह के मरीज के मुंह में गया हर कौर उसके स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इसलिए जो भी खाएं सोच समझकर खाएं।

इन्सुलिन हार्मोन के स्रावण में कमी से डायबिटीज रोग होता है। डायबिटीज आनुवांशिक या उम्र बढ़ने पर या मोटापे के कारण या तनाव के कारण हो सकता है। डायबिटीज ऐसा रोग है जिसमें व्यक्ति को काफी परहेज से रहना होता है। बदपरहेजी करने के दूरगामी परिणाम बुरे होते है। मधुमेह के रोगी को आंखों व किडनी के रोग, सुन्नपन आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इसलिए सदैव यही प्रयत्न करना चाहिए कि ब्लड ग्लूकोज लेवल फास्टिंग 70-110 मिलीग्राम/ डीएल व खाना खाने के 2 घंटे बाद का 100-140 मिलीग्राम डीएल बना रहे। इसके लिए इन्हें खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। 45 मिनट से 1 घंटा तीव्र गति से पैदल चलना या अन्य कोई भी व्यायाम करना चाहिए। सही समय पर दवाई या इंसुलिन लेना चाहिए। डायबिटिक व्यक्ति को अपने वजन व लंबाई के अनुसार प्रस्तावित कैलोरीज से 5 प्रश कम कैलोरी का सेवन करना चाहिए।

उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति की लंबाई 5 फुट 4 इंच है तो उसका आदर्श वजन 55 किग्रा होना चाहिए। व्यक्ति की क्रियाशीलता यदि कम है, जैसे कि वह बैठे-बैठे कार्य करता है तो उसे 2400 कैलोरी लेना चाहिए। डायबिटिक हो तो इसका 5 प्रश कम अर्थात 2280 कैलोरी आहार उसके लिए सही रहेगा। यदि वह मोटा हो तो उसे 200-300 कैलोरी और घटा देना चाहिए। ब्लड ग्लूकोज लेवल फास्टिंग 70-110 मिलीग्राम/ डीएल व खाना खाने के 2 घंटे बाद का 100-140 मिलीग्राम डीएल बना रहे। इसके लिए इन्हें खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। 45 मिनट से 1 घंटा तीव्र गति से पैदल चलना या अन्य कोई भी व्यायाम करना चाहिए।

सामान्य डायबिटिक व्यक्ति को अपने आहार में कुल कैलोरी का 40 प्रश कार्बोहाइड्रेटयुक्त पदार्थों से, 40 प्रश फेट (वसा) युक्त पदार्थों से व 20 प्रश प्रोटीनयुक्त पदार्थों से लेना चाहिए। एक वयस्क अधिक वजनी डायबिटिक व्यक्ति को 60 प्रश कार्बोहाइड्रेट से, 20 प्रश फेट से व 20 प्रश प्रोटीन से कैलोरी लेना चाहिए।

डायबिटिक व्यक्ति को प्रोटीन अच्छी मात्रा में व उच्च गुणवत्ता वाला लेना चाहिए जैसे दूध, दही, पनीर, अंडा, मछली, सोयाबीन आदि का सेवन करना चाहिए। इंसुलिन ले रहे डायबिटिक व्यक्ति एवं गोलियाँ ले रहे डायबिटिक व्यक्ति को खाना सही समय पर लेना चाहिए। ऐसा न करनेपर हायपोग्लाइसीमिया हो सकता है, जिसके लक्षण निम्न हैं- (1) कमजोरी लगना, (2) अत्यधिक भूख लगना, (3) पसीना आना, (4) नजर से धुंधला या डबल दिखना, (5) हृदयगति तेज होना, (6) झटके आना एवं गंभीर स्थिति होने पर कोमा भी हो सकता है।

इसलिए डायबिटिक व्यक्ति को हमेशा अपने साथ कोई मीठी चीज जैसे ग्लूकोज, शकर, चॉकलेट, मीठे बिस्किट में से कुछ रखना चाहिए एवं ऐसे लक्षण होने पर तुरंत इनका सेवन करना चाहिए। एक सामान्य डायबिटिक व्यक्ति को अपने आहार में निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए कि वे थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ खाते रहें। दो या ढाई घंटे में कुछ खाएँ। एक समय पर बहुत सारा खाना न खाएं।

तले हुए पदार्थ, मिठाइयां, बेकरी के पदार्थों से परहेज करें। दूध सदैव डबल टोन्ड (स्किम्ड मिल्क) का प्रयोग करें। कम कैलोरीयुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें जैसे भुना चना छिलके वाला, परमल, अंकुरित अनाज, सूप, सलाद आदि का ज्यादा सेवन करें। दही (स्किम्ड मिल्क) से बनाया हुआ ले सकते हैं। छाछ का सेवन श्रेयस्कर होता है। मैथीदाना (दरदरा पिसा हुआ) 1/2-1 चम्मच खाना खाने के 15-20 मिनट पहले लेने से शुगर कंट्रोल में रहती है व फायदा होता है। रोटी के आटे को बिना चोकर निकाले प्रयोग में लाएं व इसकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इसमें सोयाबीन मिला सकते हैं।

घी व तेल का सेवन दिनभर में 20 ग्राम (4 चम्मच) से ज्यादा नहीं होना चाहिए। अतः सभी सब्जियों को कम से कम तेल का प्रयोग करके नॉनस्टिक कुकवेयर में पकाना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां खाना चाहिए। अपनी कैलोरीज का निर्धारण कुशल डायटिशियन से बनाकर उसके अनुसार चलें तो अवश्य ही लाभ होगा व भोजन में विकल्प ज्यादा मिल सकते हैं जिससे आपका भोजन वैरायटी वाला हो सकता है व बोरियत नहीं होगी।



## हल्दी सिर्फ चेहरे के लिए ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी है लाभदायक



- हल्दी को मलाई और शहद में मिलाकर चेहरे पर लगाने से सांवले रंग में निखार आता है।
- किसी अंग पर बाहरी चोट लगी हो और खून जम गया हो, दर्द भी होता हो या मोच आ गई हो तो उस स्थान पर हल्दी में चूना मिला कर हल्का गर्म कर लेप लगाएं। सूजन और दर्द में लाभ मिलेगा।
- शरीर पर चाकू लगने से खून बंद न हो तो कटे स्थान पर हल्दी लगा कर दबा दें। खून बहना बंद हो जाएगा।
- अगर पेट में कीड़े हों तो कच्ची हल्दी के रस के साथ शहद मिला कर 10 दिन तक लगातार लेते रहें।
- खांसी, जुकाम व नाक बहने पर कच्ची हल्दी थोड़े से उबले दूध में मिला कर रात्रि में सोने से पूर्व गर्म दूध पी लें। 3-4 दिन लगातार पीने से लाभ मिलेगा। वैसे सर्दी के मौसम में आप स्वस्थ भी हैं तो सप्ताह में एक बार गर्म हल्दी वाला दूध पीते रहें। हल्दी की मात्रा बहुत कम लें।
- शरीर में कमजोरी महसूस होने पर सूखी हल्दी का चूर्ण, शहद, गर्म दूध में मिला कर कुछ दिन तक लगातार पीते रहने से कमजोरी दूर होती है। दूध में हल्दी थोड़ी मात्रा में डालें।
- सब्जियों में हल्दी अवश्य डालें ताकि आंतरिक गड़बड़ी और पाचन तंत्र ठीक बना रहे।
- हल्दी में कैंसर विरोधी तत्व भी पाए जाते हैं इसलिए इसका सेवन नियमित करते रहें।

## विटामिन डी की कमी से हो सकते है कई रोग



भारत में रहने वाले 80 फीसदी जनसंख्या विटामिन डी की कमी से पीड़ित है इस कारण लोगों को कई रोगों का शिकार होना पड़ता है। मधुमेह, हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा सबसे अधिक रहता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शरीर में विटामिन डी की कमी होने के कोई लक्षण नहीं होते ब्लकि ऐसे लोगों को कई बीमारियों का शिकार होना पड़ता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक एम सी मिश्रा ने कहा है कि भारत के लोग इस बात को भूल जाते हैं कि विटामिन डी की कमी से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जैसे मधुमेह, हृदय रोग यहां तक कि कैंसर तक हो सकता है।

## लंबी आयु पाते हैं मेधावी बच्चे

ब्रिटिश मैडीकल जर्नल में प्रकाशित एक शोध के अनुसार मेधावी लोग अधिक आयु जीते हैं। इस शोध में विशेषज्ञों ने सन् 1932 में 2792 बच्चों को, जिनकी उम्र 11 वर्ष थी, का आई.क्यू. टैस्ट लिया। फिर 1997 में विशेषज्ञों ने इस बात की जांच की कि इनमें से कौन-कौन जीवित है और उन्होंने पाया कि जिन बच्चों ने 1932 में अधिकतम आई.क्यू. स्कोर पाया था वे साठ साल बाद भी जीवित थे। यही नहीं, विशेषज्ञों ने इन्हीं में से 100 ऐसे बच्चों के आई.क्यू. स्कोर एकत्र किए जो सामान्य थे। जिनका स्कोर 102 पाया गया, वे 76 साल के बाद भी जीवित थे जबकि जिनका 97.7 था, वे 1997 तक ही जीवित रहे।

यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के प्रोफैसर लारेंस वेले जो इस शोध के प्रमुख थे, उनके अनुसार उनके द्वारा एकत्र किए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि बचपन में जिन बच्चों की मानसिक क्षमता अधिक होती है उनके लंबी आयु जीने की संभावना अधिक होती है।



## पथरी के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है सेब

आयुर्वेद के अनुसार सेब पित्तनाशक, वातनाशक, शीतल, पुष्टिकारक व हृदय के लिए फायदेमंद, वीर्यवर्धक तथा गुर्दों को साफ करने वाला फल है।इसमें सर्वाधिक मात्रा में फास्फोरस होता है।इसमें आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम, शर्करा तथा बी समूह के विटामिन भी पर्याप्त मात्रा में होते हैं।

- यह हृदय रोग में बहुत लाभकारी है।दिल कमजोर हो या दिल की धड़कन कम या ज्यादा हो तो चांदी का वर्क लगाकर सेब के मुरब्बे का सेवन करना चाहिए। इससे मोटापा भी दूर होता है।
- पथरी रोगी के लिए सेब बहुत फायदेमंद है।रोगी को पूर्णतः पके हुए चार-पांच सेब प्रतिदिन खाने को देने चाहिएं।
- जिगर के रोगी के लिए तो सेब अमृत के समान है।मस्तिष्क की कमजोरी दूर करने के लिए सेब एक अचूक इलाज है।
- जिन लोगों की दृष्टि कमजोर है उन्हें एक ताजा सेब की पुल्टिस कुछ दिनों तक आंखों पर बांधनी चाहिए। यदि भोजन के साथ प्रतिदिन ताजा मक्खन तथा मीठा सेब खाएं तो नेत्र ज्योति तो तेज होती है, साथ ही दस्त व पेशाब खुल कर आता है तथा चेहरा सुर्ख हो जाता है।
- बुखार में रोगी को प्यास, जलन, थकान तथा बेचैनी हो तो सेब की चाय या ताजा सेब का रस पिलाना चाहिए। इससे रोगी को तुरन्त आराम मिलता है।
- गले में घाव, छाले हों या किसी भी चीज को निगलने में कष्ट होता हो तो अच्छे ताजे सेब का रस निकालें, फिर चम्मच से धीरे-धीरे रस गले तक ले जाएं और कुछ समय के लिए गले में रोक कर रखें। इससे आश्चर्यजनक लाभ होता है।
- पेट में गैस की शिकायत रहती हो तो एक मीठे सेब में लगभग 10 ग्राम लौंग चुभाकर रख दें। दस दिन बाद लौंग निकालकर तीन लौंग तथा एक मीठा सेब नियमित रूप से खाएं। इस दौरान चावल या उससे बनी चीजें रोगी को खाने को न दें।
- पेट के कीड़ों के निदान के लिए रोगी को प्रतिदिन दो मीठे सेब दें या प्रतिदिन एक गिलास ताजा सेब का रस दें।
- कब्ज दूर करने के लिए प्रतिदिन सुबह उठ कर खाली पेट दो सेब चबा-चबा कर खाएं।

## हेयर फॉल दूर करने में मेथी है रामबाण

**मेथी** का इस्तेमाल आपने अपने किचन में तो खूब किया होगा। मार्केट में आसानी से उपलब्ध हो जाने से लोग इसके फायदों से अनजान हैं, लेकिन क्या आपको पता है मेथी के ये दाने कितने फायदेमंद हैं। ये बालों की डैंड्रफ को तो दूर करता ही है साथ ही ये चेहरे के लिए, पेट के लिए और यहां तक कि पथरी की बीमारी में भी काफी फायदेमंद है। आइए आज हम आपको मेथी के फायदों के बारे में बताते हैं।

### डैंड्रफ भी हो जाएगी दूर

डैंड्रफ होना बालों की एक आम समस्या है। यह सिर की त्वचा रूखी-सूखी होने और डेड स्किन सेल्स की वजह से होती हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए आपने अब तक कई एंटी-डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल कर लिया है लेकिन फिर भी यह समस्या नहीं जा रही है तो हम आपको इसका घरेलू उपाय बता रहे हैं। बालों से डैंड्रफ दूर करने के लिए मेथी दाने बहुत असरदार होते हैं। इसके लिए मेथी के दानों को मुलायम होने के लिए रात भर पानी में भिगो दें। सुबह इसको पीसकर पेस्ट बना लें। आप चाहें तो इसमें दही मिलाकर पेस्ट को स्कैल्प और बालों की जड़ों पर अच्छे से लगाएं, साथ ही मसाज भी करें। अब इसे 30 मिनट बाद धो लें।

### बाल होते हैं मजबूत

मेथी के दाने बालों की जड़ों को मजबूत करते हैं और डैमेज्ड हेयर को पुनर्जीवित करते हैं। इसमें प्रोटीन होता है, इसलिए मेथी दानों को अपनी डाइट में शामिल करने से बाल हेल्दी और खूबसूरत बनेंगे। इसके लिए भीगी हुई मेथी के पेस्ट में एक या दो बड़ा चम्मच नारियल तेल या जैतून के तेल को मिलाकर बालों में लगाएं। सूखने के बाद इसे पानी से धो लें।



### पाचन में फायदेमंद

मेथी के दानों के सेवन से पेट दर्द और जलन दूर होती है। साथ ही पाचन क्रिया भी दुरुस्त होती है। पाचन संबंधी समस्या को दूर करने के लिए मेथी दानों के पेस्ट में कसी हुई अदरक मिलाएं और खाने से पहले एक बड़ा चम्मच इस पेस्ट को खाएं। इससे पेट से संबंधित रोग दूर होंगे।

### डायबीटीज भी करती है कंट्रोल

मेथी के दानों से ब्लड शुगर कंट्रोल होता है। इसमें मौजूद एमीनो एसिड तत्व पैनक्रियाज में इंसुलिन के स्राव को बढ़ाता है जो शरीर से ब्लड शुगर लेवल कम करता है। स्टडी के अनुसार डायबीटीज के रोगियों द्वारा मेथी दानों के सेवन से फायदा होता है। इसके लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रख दें और सुबह इसे छानकर इसका पानी पिएं। ऐसा करीब दो महीने तक लगाकर करने से डायबीटीज में काफी हद तक आराम मिलेगा।

### किडनी के लिए फायदेमंद

मेथी के सेवन से किडनी भी स्वस्थ होती है। पथरी के इलाज में मेथी फायदा करती है। इस जादुई औषधि से पथरी पेशाब के साथ शरीर से बाहर निकल जाती है। मेथी के दानों को एक छोटे चम्मच नींबू के रस और शहद के साथ खाने से बुखार में काफी हद तक आराम मिलता है।

### पिंपल्स भी हो जाएंगे दूर

मेथी दाने पिंपल्स और ब्लैकहेड ट्रीटमेंट के लिए फायदेमंद है। इसके लिए मेथी के दानों को पीस कर पेस्ट बना लें और इसमें थोड़ा शहद मिलाएं। अब इसे मिक्सचर को रात में सोने से पहले पिंपल्स पर लगाएं और सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इस उपाय को लगातार करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क नजर आएगा।

### वजन कम करने में उपयोगी

मेथी के दानों में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। खाली पेट मेथी दानों को चबाने से एक्सट्रा कैलरी बर्न होती है। इसका दूसरा उपाय है कि सुबह दो गिलास मेथी का पानी पिएं। मेथी का पानी बनाने क लिए एक बड़ा चम्मच मेथी के दानों को दो गिलास पानी में रातभर भिगो दें और सुबह इसे छानकर पी लें।

# HC से सीयूजे की अपील खारिज

## कार्य अनुभव के आधार पर ईई को बर्खास्त करने के फैसले को ठहराया गलत

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** 10 साल के कार्य अनुभव नहीं होने की बात कहते हुए नौकरी से बर्खास्त किए गए सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड (सीयूजे) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर( कार्यपालक अभियंता ) पंकज आनंद के मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड की अपील खारिज करते हुए कहा कि पंकज आनंद को 10 साल के कार्य अनुभव के नहीं होने के आधार पर हटाया जाना अनुचित है, उनके पास कार्य अनुभव है, साथ ही खंडपीठ ने पंकज आनंद के पक्ष में एकल पीठ द्वारा दिए गए फैसले को सही करार दिया।

बता दें कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने कार्य अनुभव के आधार पर पंकज आनंद को बर्खास्त किए जाने को गलत करार दिया था




हालांकि खंडपीठ ने अपने फैसले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड को छूट दी थी कि वह पंकज आनंद के खिलाफ लगे आरोपों पर कार्रवाई कर सकता है। दरअसल, सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पंकज आनंद को यह करते हुए बर्खास्त कर दिया था कि वे 10 साल के लिए अनुभव की अर्हता नहीं रखते हैं।

कोर्ट ने माना कि पंकज आनंद के पास कार्य अनुभव है और इस आधार पर उन्हें सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड द्वारा उन्हें बर्खास्त किया जाना अनुचित है, हालांकि उनके खिलाफ लगे आरोप पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड कार्रवाई कर सकती है। यहां बता दें कि पंकज आनंद के खिलाफ कुछ आरोप भी लगे थे जिस कारण उन पर विभागीय कार्रवाई भी चली थी। हाई कोर्ट की एकल पीठ में पंकज आनंद के पक्ष में फैसला सुनाया था जिसे सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड ने अपील दायर कर हाई कोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी थी।

# द्वितीय जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी मामले में अनुसंधानकर्ता को उपस्थित होने का निर्देश

## सीबीआई से पूछा- 13 साल से चल रही जांच कब तक पूरा होगा

**RANCHI :** द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीबीआई की अधिवक्ता से जानना चाहा कि मामले में 13 साल बीत जाने के बाद भी अब तक अनुसंधान क्यों नहीं पूरा हुआ। अनुसंधान पूरा करने में देरी क्यों हो रही है और यह कब तक पूरा होगा। अगर सीबीआई को कुछ गड़बड़ियां मिली है तो आरोप पत्र दाखिल कर जांच पूरा किया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में सीबीआई के अनुसंधानकर्ता (आईओ) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया जा चुका है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2011 में मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में यह मामला सीबीआई को गया था, लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अब तक जांच पूरी नहीं की है और मामले में आरोपपत्र भी दाखिल नहीं किया गया है। बता दें कि पिछली सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट को बताया था की प्रथम और द्वितीय जीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में अनुसंधान अभी जारी है। दरअसल , बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा में अंको की हेरा फेरी एवं एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया है। वही राज्य सरकार की ओर से जेपीएससी द्वितीय के नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ एलपीए दायर किया गया है। बता दें कि पहले राज्य सरकार द्वारा ली गई प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की जांच निगरानी ब्यूरो कर रही थी।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की मांग को लेकर छात्रों ने किया घेराव

## जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय में किया हंगामा

**PHOTON NEWS RANCHI :** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की मांग को लेकर छात्र छात्राओं ने रांची जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने छात्रवृत्ति की राशि खाते में न सिर्फ दिए जाने की मांग की बल्कि आगामी दिनों इसमें किसी प्रकार की देरी न करने की भी मांग की। बता दें कि गुरुवार को बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं जिला कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर हो हंगामा करने लगे। जिसके बाद उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी से मिलने की मांग की। लेकिन पता चला कि पदाधिकारी कार्यालय में नहीं हैं। जिसके बाद मौजूद छात्र छात्राओं ने अपनी मांग को लेकर हो हंगामा करना शुरू कर दिया। हालांकि इसकी जानकारी उपस्थित कर्मियों ने जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण को दी तो पता चला कि वह बैठक में शामिल हैं।

बता दें कि पिछले छह माह से छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति को लेकर कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन अभी तक इनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इससे पूर्व भी छात्र छात्राओं ने छात्रवृत्ति की राशि को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय का घेराव किया था।

वहीं इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि विभाग के द्वारा छठ पूजा से ठीक पहले राशि प्रदान की गई है। त्योहारी सीजन में अवकाश रहने के कारण छात्र छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति की राशि नहीं भेजी गई है। साथ ही तकनीकी कारणों से भी थोड़ा विलंब हुआ है। अब जबकि अवकाश समाप्त हो चुका है तो 15 दिनों के अंदर हर हाल में सभी छात्र छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर कर दी जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के बहाने राज्यसभा सांसद का सरकार पर हमला

# सरकार अपनी तिजोरी भरने में व्यस्त, केंद्र की योजनाओं को उतरने नहीं देती : आदित्य साहू

**PHOTON NEWS RANCHI :** बीजेपी प्रदेश कार्यालय में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। यह यात्रा 2 चरणों में होगी। पहले चरण की शुरूआत 15 नवंबर से हो चुकी है। पहले चरण में 9 जिलों में इस यात्रा की शुरूआत की गई है। दूसरे चरण की शुरूआत 3 दिसंबर से होगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ अपनी तिजोरी भरने में लगी है। यह सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतरने ही नहीं देती है।



प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते राज्यसभा सांसद आदित्य साहू।

इससे लोगों तक केंद्र सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं पहुंच पाता है। ऐसे में विकसित भारत संकल्प यात्रा काफी महत्वपूर्ण है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए राज्यपाल से किया आग्रह**

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि गांव के लोग भोले-भाले होते हैं। ऐसे में उन तक सभी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाता है। ऐसे में इस यात्रा के माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा में तीन दिनों का समय देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने में अपना हर संभव प्रयास करेंगे।

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ अपनी तिजोरी भरने में लगी है। यह सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतरने ही नहीं देती है। इससे लोगों तक केंद्र सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं पहुंच पाता है। ऐसे में विकसित भारत संकल्प यात्रा काफी महत्वपूर्ण हो जाएगी। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में यह बेहतरीन पहल है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से न सिर्फ ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, बल्कि तमाम योजनाओं के लिए फॉर्म भी भरवाया जाएगा, ताकि उसी समय उन्हें तमाम योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में कार्य किया जा सके।

# नेता प्रतिपक्ष को सौंपी गई मांडर के छात्र की संदिग्ध मौत की जांच रिपोर्ट

## 25 लाख मुआवजा व मामले की हाईलेवल जांच कराए सरकार : बाउरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** मांडर के संत जॉन्स हाई स्कूल के हॉस्टल में 19 नवंबर 2023 चतरा जिले के एक छात्र युवराज पासवान की संदिग्ध मौत हो गई थी। भाजपा एससी मोर्चा ने इस मामले की जांच के लिए एक टीम बनाई थी। टीम ने मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को गुरुवार को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी। अमर बाउरी ने कहा कि युवराज पासवान की संदिग्ध मौत के संवेदनशील मामले को पुलिस प्रशासन एवं सत्ता पक्ष के दबंग नेता दबाने का प्रयास कर रहे है। आनन-फानन में पुलिस-प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने बिना किसी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर शव की अत्येष्टी का



दबाव परिजनों पर कर पूरे मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया है, लेकिन भाजपा एससी इस पूरे मामले की जांच मोर्चा स्तर पर गंभीरता से कर रही है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप**

बाउरी ने कहा कि मृतक के परिजनों ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। कहा है कि युवराज पासवान ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर उसे कुएं में डाल दिया गया था। परिजनों ने यहां तक बताया कि सत्ता पक्ष के एक दबंग नेता बार बार फोन कर स्थानीय पुलिस प्रशासन पर दबाव बना कर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे हैं। बाउरी ने कहा कि सरकार इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए और मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये का मुआवजा दे। जांच कमिटी में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती, प्रदेश मंत्री कमलेश राम और प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मीकि शामिल थे।

## उपायुक्त ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए दिए दिशा-निर्देश

# कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का कराएं ऑन द स्पॉट निदान : डीसी

**PHOTON NEWS RANCHI :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा, सहायता एवं समस्याओं के त्वरित निदान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करें। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और ग्राम स्तर पर शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं से नए



लाभुकों को लाभांवित करना प्राथमिकता है। कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना और गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर आवेदन लिए जायेंगे।

उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा वितरण, साइकिल वितरण, आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय प्रमाण आदि के अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कम्बल वितरण आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम के प्रखंड और पंचायत स्तर पर सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को समन्वय के साथ पंचायत तथा ग्राम स्तर पर विशेष जागरुकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी देने का निर्देश दिया।

## आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी किया आदेश

# छह नक्सलियों को मिलेगी अनुदान राशि की पहली किस्त

**CRIME REPORTER RANCHI :** आत्मसमर्पण करने वाले छह नक्सलियों को अनुदान राशि की पहली किस्त मिलेगी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जिन छह नक्सलियों को एक-एक लाख रुपये की अनुदान राशि मिलेगी, वो सभी लातेहार जिले के रहने वाले हैं।

**झारखंड सरकार ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण व पुनर्वास के लिए बनायी है नयी नीति :** झारखंड सरकार ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण और पुनर्वास के लिए



नयी नीति बनायी है। इस नयी नीति के तहत नक्सलियों को श्रेणी ए व श्रेणी बी में विभाजित किया गया है। श्रेणी ए में जोनल कमांडर और उसके ऊपर के नक्सलियों को रखते हुए पुनर्वास अनुदान के रूप में छह लाख रुपये देने की नीति बनी है। जिसमें से दो लाख रुपये का भुगतान आत्मसमर्पण के तुरंत बाद किया जायेगा। वहीं बाकि बचे चार लाख दो किस्त में दिये जायेंगे। एक वर्ष बाद एक किस्त में दो लाख और दूसरी किस्त दो वर्ष बाद सरेंडर करने वाले नक्सली की गतिविधियों की छानबीन के बाद दी जायेगी। इसके अलावा श्रेणी ब्बीह्न में जोनल कमांडर से नीचे स्तर के नक्सलियों को रखते हुए पुनर्वास अनुदान तीन लाख रखा गया है। इसमें से एक लाख रुपये का भुगतान तत्काल सरेंडर के बाद किया जायेगा। बाकि दो लाख रुपये दो बराबर किस्तों में दिये जाएंगे। एक किस्त के एक लाख रुपये एक वर्ष बाद और दूसरी किस्त (एक लाख) दो वर्ष बाद सरेंडर नक्सली के गतिविधियों की छानबीन के बाद दी जायेगी।

**इन नक्सलियों को मिलेगा लाभ**

- रघुनाथ सिंह
- दशरथ उरांव
- सत्येंद्र उरांव
- संजय प्रजापति
- अनिल उरांव
- मोहन परहिया

# उत्पाद विभाग ने 240 पेटी अवैध शराब किया जब्त, आरोपी अरेस्ट

**RANCHI :** उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को रिंग रोड में वाहन चेकिंग के दौरान एक टाटा 407 पिकअप वाहन जेएच09जे 6139 से 240 पेटी अवैध शराब जप्त किया। इसमें कुल 2160 लीटर शराब था। इस मामले में टीम के द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जबकि दूसरा आरोपी मौके से भाग निकला। टीम के सदस्यों का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर अवैध शराब ले जाया जा रहा है। टीम मौके पर पहुंची और वाहन को रोकने के बाद जिस युवक को पकड़ा गया उससे शराब का पेपर मांगा गया लेकिन उसने कोई पेपर नहीं दिया। पकडे गए आरोपी ने दूसरे युवक का भी नाम टीम को बताया है।

# ROURKELA

## सहदोय स्कूल कॉम्प्लेक्स मे बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन, 15 टीमों ने लिया भाग




**ROURKELA :** राउरकेला में मंगलवार को सहदोय स्कूल कॉम्प्लेक्स में पश्चिमांचल बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्घाटन हुआ। इस टूनार्मेंट में सीबीएसई के लगभग 15 स्कूलों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन हरियाणा नागरिक संघ के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने किया।

## राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष को मातृ शोक

**ROURKELA :** राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष और समाजसेवी प्रवीण गर्ग की माता निर्मला देवी गर्ग की स्वर्गवास हो गया है। उनका स्वास्थ्य कुछ दिनों से बिगड़ने के कारण जेपी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इनके तीन पुत्र सतीश, सुनील एवं प्रवीण गर्ग है। अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे निजी निवास गुरुद्वारा रोड से निकाली जाएगी।



## एसडीए सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला का किया गया आयोजन



**ROURKELA :** राउरकेला नगर निगम ने स्लम डेवलपर्स एसोसिएशन (एसडीए) के सदस्यों के लिए एक क्षमता–निर्माण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन पर स्थानीय राउरकेला और राजगांगपुर के 14 एसडीए के अध्यक्षों, सचिवों और कोषाध्यक्षों ने भाग लिया। राज्य सरकार का जागा मिशन कार्यक्रम झुग्गीवासियों के समग्र सुधार के लिए झुग्गियों में नौ बुनियादी सुविधाओं पर केंद्रित है। एसडीए का गठन आने वाले दिनों में झुग्गीवासियों के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं के रखरखाव और कार्यान्वयन के लिए किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अपने सदस्यों की क्षमता बढ़ाना, सफल एसडीए प्रबंधन को सक्षम बनाना और बस्ती के विकास को आगे बढ़ाना है।

## उत्तर काशी सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के बचाव के लिए प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन




**ROURKELA :** राउरकेला के सेक्टर–3 स्थित अहिराबंध जगन्नाथ मंदिर में गुरुवार को स्मार्ट लेडीज क्लब ने उत्तरी काशी में 10 दिनों से अधिक समय से सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के सफल बचाव के लिए प्रार्थना की। क्लब के सदस्यों ने महाप्रभु श्रीजगन्नाथ के समक्ष 41 मजदूरों के लिए 41 दीपक जलाये। सामान्य तौर पर, यदि कोई खतरे में है, तो परिवार उसके बचाव के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए एक दीपक जलाता है। इसी क्रम में स्मार्ट लेडीज क्लब की मेजबान लीना नायक के नेतृत्व में क्लब के 30 से अधिक सदस्यों ने दीप जलाकर भगवान को याद किया और उनके सफल बचाव के लिए दिल से प्रार्थना की। कार्यक्रम में युवा स्वयंसेवक मुक्तिकांत विशाल और युवा जागृति मंच के गोपाल जेना उपस्थित थे। उन्होंने स्मार्ट लेडीज क्लब के सदस्यों को इस तरह के प्रयास के लिए बधाई दी और उनके साथ भगवान श्रीजगन्नाथ से प्रार्थना की। बचाव अभियान में जहां सभी वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग करते समय राउरकेला स्टील प्लांट के पाइपों का इस्तेमाल किया जा रहा है।इस पाइप को हवाई जहाज की मदद से राउरकेला से उत्तर काशी भेजा गया है। इसलिए हम विज्ञान और ईश्वर दोनों के माध्यम से सुरक्षित बचाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रतिभा प्रियदर्शिनी, हेमलता प्रसाद, गायत्री महंती, संगीता, प्रीति, पुष्पांजलि, कनिता परीदा, कनिता सतपथी, ममता जेना, रितुरेखा, ममता गेड़, रश्मिता,संजुक्ता त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

## बुजुर्ग को जान से मारने का प्रयास मामले में कोर्ट ने आरोपी को 6 साल की सुनाई सजा

**ROURKELA :** राउरकेला के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने हत्या के प्रयास के एक मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को 6 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 के अप्रैल माह में बिसरा थाना क्षेत्र के उदुसु गांव के जितेन मुंडारी नामक बुजुर्ग व्यक्ति घर पर थे, तभी बबलू समासी नामक व्यक्ति ने उन पर टांगी से हमला कर दिया था। हमले में जितेन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर बिसरा पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी बब्लू को गिरफ्तार कर लिया। तत्कालीन बिसरा पुलिस स्टेशन इंस्पेक्टर फमागा कुमार वाशल ने मामले की जांच की और एक महीने के भीतर आरोप पत्र दायर किया। राउरकेला एसीजेएम ने आज साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को सजा सुनाई।

## एसएसडी छात्रावास का हो रहा कायाकल्प

**SUNDARGARH :** जिले में राज्य सरकार के एससी और एसटी विकास विभाग के तहत छात्रों के लिए आवासीय विद्यालयों में छात्रावासों की सूरत बदलनी शुरू हो गई है। सुंदरगढ़ जिले में जहां 515 छात्रावास हैं, वहीं 223 छात्रावासों की सूरत बदलने लगी है। वर्तमान में इसमें 23063 विद्यार्थी रह रहे हैं। इन छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की सुविधा के लिए समय–समय पर कई सुविधाएँ जोड़ी जाती रही हैं। उदाहरण के लिए, 19.41 करोड़ रुपये की लागत से 17 नए छात्रावास स्थापित किए गाय हैं। इसी तरह जिला प्रशासन द्वारा 82 छात्रावासों में वॉशरूम, टॉयलेट, किचन और डाइनिंग हॉल जैसी व्यवस्थाएं करने पर 69.17 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं। इससे उनमें बुनियादी ढांचे का विकास हो सके और बच्चों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। इन सभी छात्रावासों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए डीजल जनरेटर की व्यवस्था की जा रही है। 137 डीजी की स्थापना पर 7.07 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। परिणामस्वरूप, अब बच्चे रात में बिजली की न रहने के दौरान भी बिना रुकावट पढ़ाई कर सकते हैं।बच्चों की पढ़ाई और बाकी पढ़ाई में दिक्कत न हो इसके लिए 11.55 करोड़ की रकम खर्च की गई है. इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने और बच्चों को अधिक अवसर देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम चलाने की योजना है. उदाहरण के लिए, 2000 प्राथमिक विद्यालय छात्रावासों में नए छात्रावासों के निर्माण, पुराने छात्रावासों को ध्वस्त करने और मौजूदा छात्रावासों के नवीनीकरण के लिए 212 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी तरह 525 छात्रावासों की मरम्मत, शौचालयों की मरम्मत, किचन डाइनिंग हॉल की मरम्मत, आईटी लैब और लाइब्रेरी की स्थापना आदि के लिए 287.5 करोड़ रुपये का व्यय आवंटित किया गया है।

# गिरिराज बोले- बिहार में शरिया कानून लागू होने से बचाएं सीएम नीतीश

## हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट बन रहा

**पटना :** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश कुमार को बिहार में शरिया कानून लागू होने से रोकने की अपील की है।

कहा कि मुस्लिम देशों में हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट निर्यात होते हैं, बिहार में भी ऐसे उत्पाद बन रहे या आ रहे हैं। बेगूसराय से भारतीय जनता पार्टी के सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में शरिया कानून लागू होने की आशंका जताई है।

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर अपील की है कि वह बिहार में इस इस्लामिक कानून के लागू होने से बचाएं। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले टुकड़े-टुकड़े गैंग ने इस देश के इस्लामीकरण के लिए ऐसे प्रावधान किए हैं, जो दुबई छोड़ ज्यादातर मुस्लिम देशों में प्रभावी हैं।



उन देशों में हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट ही स्वीकार किया जाता है। उसी तरह का प्रोडक्ट बिहार में भी बना रहा है या खपाया जा रहा है। चाय और पनीर तक हलाल सर्टिफिकेशन के साथ आ रहे हैं और इससे भारत सरकार के ऋरअक के समानांतर प्रावधान लाकर अवैध वसूली भी की जा रही है। मांस में हलाल समझ में आता है, लेकिन सामान्य रसोई के उत्पादों में हलाल सर्टिफिकेशन के जरिए इस्लामीकरण का कुत्सित प्रयास मुख्यमंत्री को रोकना चाहिए।

**बाजार का कर रहे हैं इस्लामीकरण**

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखे पत्र में कहा है कि हलाल कारोबार के अंतर्गत जिन चीजों का इस्लाम से कोई संबंध नहीं, उनका कारोबार इस्लामीकरण हो रहा है इसलिए इसे जल्द से जल्द रोका जाय। बातचीत के दौरान गिरिराज सिंह ने बताया कि हलाल एक अरबी शब्द है, जिसको यह मुसलमान लोग वैध मानते हैं और हराम को यह लोग अवैध मानते हैं। लेकिन हमारे सनातन धर्म में हलाल मांस के संदर्भ में ज्यादा पॉपुलर हुआ।

जब बकरे को काटते हैं तो तड़पा-तड़पा कर हलाल करके और सनातन धर्म में बली की प्रथा है झटका का। यह मुस्लिम समाज चाय पर, पनीर पर, चीनी पर, नमकीन पर, टीवी पर, जो हलाल सर्टिफिकेशन दे रहा है यह एक तरह से बाजार का इस्लामीकरण कर रहा है। कई मीडिया का सर्वेक्षण है कि ये लोग सर्टिफिकेशन में 2.5 मिलियन एकोनॉमी वसूल रहे हैं। ये लोग सर्टिफिकेशन में केवल एक प्रोडक्ट पर 50,000 से 1 लाख रुपये तक लेते हैं।

संक्षिप्त डायरी

## बालू माफिया की मनमानी, दारोगा को कुचल कर जान ली




**भागलपुर।** शराब माफिया की तरह बालू माफिया भी पुलिस को कुछ समझने के लिए तैयार नहीं है। इस बार अवैध बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास करते बाइक सवार दो पुलिसकर्मियों को कुचल डाला गया। दारोगा की मौत हो गई। जवान घायल है। बिहार में बालू माफियाओं की मनमानी बढ़ती ही जा रही है। अवैध खनन के लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जमुई के गरही थाना क्षेत्र अंतर्गत महुलिया टांड़ गांव के पास तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार गरही थाने के अपर थानाध्यक्ष (दारोगा) प्रभात रंजन व एक जवान को कुचल दिया। इसमें दारोगा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जवान की हालत गंभीर है। इधर, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## नौकरी घोटाला और कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा ने किया हंगामा



**मुजफ्फरपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले मुजफ्फरपुर में सभा के दौरान इसके आंकड़ों पर सवाल उठाया था। संभव है कि मंगलवार को सरकार ऐसे सारे सवालों का जवाब शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन दे। बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा पहुंचे। विधानसभा के अध्यक्ष ने उनका स्वाकत किया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार विधानसभा अध्यक्ष के चेंबर में गए। इधर, भाजपा नेताओं ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग करने लगे। भाजपा विधायकों ने बिहार में बढ़ रहे अपराध और नौकरी घोटाले का मुद्दा बनाकर हंगामा किया। भाजपा विधायक हरि भूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि बिहार में कानून का राज खत्म हो चुका है। सरकार वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। नौकरी देने के नाम पर घोटाला हो रहा है। सीएम नीतीश कुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए। इध्र, विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर स्पीकर ने कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई है। इधर, विधानसभा की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## सड़क किनारे पलटी गाड़ी, 17 घायल

**गया:** में एक स्कूल बस पलटने से दर्जनों छात्र-छात्राएं घायल हो गए। वहीं कई लोगों की गंभीर चोटे लगी हैं। यह घटना डीएवी कैंट से पहले कोऑपरेटिव पब्लिक स्कूल का बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटी खा गई। इस पर स्कूल जा रहे 17 छात्र-छात्राएं और शिक्षक घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों को हादसे की सूचना दी गई घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है। हालांकि, बस दुर्घटना किसकी लापरवाही से हुई है। इसकी अभी जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर दल-बल के साथ पहुंच कर बस में सवार छात्राओं को बाहर निकाला गया। घायल छात्राओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था घायल बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम हो रहा था। इसी कारण आज सारे बच्चे व शिक्षक स्कूल जा रहे थे। बच्चों से भरी बस जैसे ही मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के ओटीए पांच नंबर गेट पहुंची। उस दौरान सामने से तेज रफ्तार में एक डंफर चला आ रहा था। डंफर को बचाने के चक्कर में स्कूल की बस गढ्ढे में पलट गई। जिसमें छात्र उज्जवल मिश्रा, स्नेहा सिन्हा, अनूप विश्वकर्मा, वैभव कुमार समेत 17 छात्र व शिक्षक घायल हो गए।

## टिकट रहने पर भी वसूली के लिए यात्रियों को प्रताड़ित करता है



**गया :** जंक्शन पर एक टीटीई एक यात्री को न केवल प्रताड़ित करता दिखा बल्कि बेहद ही अपमानजनक भाषा का भी इस्तेमाल करता दिखा। इतना ही नहीं यात्री ने विरोध किया था उसे कई धमकियां भी दी। यदि आप में से कोई भी गया जंक्शन पर किसी काम से आए होंगे तो ये चेहरा आपको दिखा होगा। यदि नहीं भी देखें हैं तो इसे पहचान लें। यह शख्स आपको गया जंक्शन के बीआईसी कार्यालय में या फिर ट्रेन आने पर टिकट जांच करने वाले लोगों की भीड़ में दिखाई दे देगा। (हो सकता है वीडियो वायरल होने के बाद दिखाई नहीं दे)। वायरल हो रहे वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि इस शख्स हाथ में एक कागज जो दिखाई दे रहा है। उसके बारे में शायद आप सभी जानते होंगे। नहीं भी जानते हैं तो आप कभी रेल यात्रा में निकले होंगे तो टीटीई के हाथ में यह कागज देखा होगा। इस कागज को रिजर्वेशन चार्ट कहा जाता है। इस शख्स का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है। इसमें यह टीटीई एक यात्री को न केवल प्रताड़ित करता दिखा बल्कि बेहद ही अपमानजनक भाषा का भी इस्तेमाल करता दिखा। इतना ही नहीं यात्री ने विरोध किया था उसे कई धमकियां भी दी। उसकी पत्नी को लेकर भी अपशब्द कहा। गया जंक्शन के टीटीई और टीसी के कार्य करने वाले कार्यालय से वायरल हुए वीडियों में एक नहीं कई और लोग हैं जो इस यात्री को अपमानजनक भाषा से केवल प्रताड़ित ही नहीं कर रहे हैं बल्कि इन्हें भद्दी भद्दी गालियां भी देते सुनाई पड़ रहे हैं।

## अब धार्मिक जुलूस के दौरान इन हथियारों के प्रदर्शन पर पाबंदी



**बिहार:** सरकार की ओर से अब धार्मिक शोभा यात्रा और जुलूस के दौरान लाठी, भाल, तलवार, बंदूक या अन्य हथियार के प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है।

पर्व त्योहार के दौरान किसी तरह की हिंसा को रोकने के लिए बिहार सरकार ने कई कड़े नियम बनाए हैं। बिहार सरकार के विशेष सचिव के. सुहिता अनुपम की ओर से सभी जिलाधिारी और पुलिस अधीक्षक के लिए एक पत्र जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि अब धार्मिक शोभा यात्रा और जुलूस के दौरान लाठी, भाल, तलवार, बंदूक या अन्य हथियार के प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। इतना ही नहीं सरकार का मानना है कि शोभा यात्रा और धार्मिक जुलूस के दौरान काफी तेज आवाज में लाउडस्पीकर, डीजे बजाने और धार्मिक नारे लगाने से साम्प्रदायिक तनाव फैसला है। इससे विधि व्यवस्था बिगड़ती है। बिहार सरकार के विशेष सचिव के. सुहिता अनुपम की ओर से सभी जिलाधिारी और पुलिस अधीक्षक के लिए एक पत्र जारी की गई है।

## स्कूली बस और बाइक की टक्कर में नौवीं के छात्र की मौत; चालक बस छोड़ फरार, एक युवक भर्ती

**बेतिया :** में स्कूली बस और बाइक कि भिड़ंत में एक नौवीं वर्ग की छात्र की मौत हो गई है। घटना जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के शांति चौक जगन्नाथपुर सरगटिया के समीप मुख्य पथ कि है। मृतक छात्र की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी संतोष शाह के पुत्र रौशन कुमार (17) के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक व्यक्ति की पहचान जवाहर पटेल के पुत्र सुभाष पटेल (27) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है। दूसरे घायल युवक का इलाज भी बेतिया जीएमसीएच मे चल रहा है।



**बाइक और बस की आमने-सामने टक्कर हो गई**

ग्रामीणों के अनुसार, एक बाइक पर सवार होकर रौशन कुमार और सुभाष पटेल टेंट का सामान लेकर अपने गांव के बगल गांव महेश्वर जा रहे थे, तभी संत कबीर पब्लिक स्कूल की बस शांति चौक जगन्नाथपुर सरगटिया के समीप बाइक और बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया ले गए। यहां पर इलाज के दौरान रौशन कुमार की मौत हो गई। वहीं सुभाष पटेल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**बस चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया**

परिजनों का कहना है कि रौशन कुमार के पिता टेंट हाउस का व्यवसाय करते हैं।

सुभाष तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। बस और बाइक की टक्कर होने के बाद बस चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वहीं ग्रामीणों ने बस को अपने कब्जे में लेकर रखे हुए है। इधर, गोपालपुर थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है। पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## गया पहुंची डब्ल्यूएचओ की टीम, डोर टू डोर लोगों से मिल रहे; अब तक चिकनगुनिया के 250 मरीज

गयाः के मानपुर के पटवा टोली मोहल्ले में डब्ल्यूएचओ की पांच सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने चिकनगुनिया संदिग्ध बीमारियों का डोर टू डोर बुनकरों की जांच किया। जांच में लगभग 200 से अधिक मरीज चिकनगुनिया के पूरे इलाके में पाए गए। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम कुछ दिनों से पूरे इलाके में राहत पहुंचाने का काम कर रही है। जिसमें मरीज की संख्या में कमी आ रही है।

**समय-समय पर पूरे इलाके में कैंप लगाकर उपचार करें**

इधर, डब्ल्यूएचओ की टीम में शामिल दीपक ने कहा कि हमें दिल्ली में एक मेल प्राप्त हुआ। जिसके बाद पटवा टोली मोहल्ले में डोर टू डोर जाकर बीमार पड़े बुनकरों की जांच की जा रही है।



जांच के दौरान पाया कि बीमार पड़े बुनकरों ने ग्रामीण चिकित्सा से अपना इलाज कराया है।

जांच में यह भी पता चला कि बुनकर बीमार पड़ने के बाद विभिन्न मेडिकल से दवा लेकर इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह उपचार हानिकारक है। पीड़ितों को इलाज के लिए बेहतर डॉक्टर से इलाज की जरूरत है एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम समय-समय पर पूरे इलाके में कैंप लगाकर उपचार करें।

**बीमारियों की खौफ लोगों को बीच देखने को मिल रहा**

इस दौरान बुनकर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल पटवा भी मौजूद है। उन्होंने दिल्ली से आई टीम को पूरी तरह से अवगत कराया। पांच सदस्य टीम में दीपक कुमार, शंकर कुमार, मनोज कुमार, रवि शंकर प्रसाद और विजय कुमार शामिल है। स्वास्थ्य विभाग में से मिली सूचना के आधार पर विगत 5 दिनों से लगातार काम कर रही है। मेडिकल टीम ने बताया कि वायरल बुखार एक-दो दिन रहता है फिर उसके बाद दर्द रहता है। जॉइंट में दर्द होता है।

चिकित्सा के टीम भी हैरान है कि इतनी तादात में लोगों की बीमार क्यों पड़ रहे हैं? फिलहाल मेडिकल की टीम बीमार लोगों का इलाज के लिए अभी भी लगी हुई है। पटवा टोली में बीमारियों की खौफ लोगों को बीच देखने को मिल रहा है।

## नालंदा के राजगीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जरासंध के अखाड़ा में

# मुख्यमंत्री ने उठाया गदा, लगे नारे- देश का नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो

**पटनाः** गुरुवार को गृह जिला नालंदा के राजगीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जरासंध के अखाड़ा में थे। उन्हें गदा भेंट की गई। सीएम के गदा उठाने से पहले भी और इसके बाद भी ऐसी नारेबाजी होती रही।

देश का नेता कैसा हो...नीतीश कुमार जैसा हो- जब भी इस तरह की नारेबाजी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने होती है, वह इसे रोकते दिखे हैं। 23 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पटना में देशभर के भाजपा-विरोधी दलों की बैठक बुलाने के पहले सीएम ने बाकायदा इसपर रोक लगा दी गई थी। लेकिन, अब वह ऐसी नारेबाजी की गूंज को या तो नजरअंदाज कर रहे हैं या रोक नहीं रहे हैं। गुरुवार को गृह जिला नालंदा के राजगीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जरासंध के अखाड़ा में थे। उन्हें गदा भेंट की गई। सीएम के गदा उठाने से पहले भी और इसके बाद भी ऐसी नारेबाजी होती रही। उन्होंने यहां कोई बात नहीं की, लेकिन किसी को ऐसी नारेबाजी से मना भी नहीं किया।

**छः माह के अंदर प्रतिमा स्थापित कराएं**

जरासंध महोत्सव में शामिल होने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने सम्राट जरासंध की स्थापित की जा रही 20 फीट ऊंची प्रतिमा के निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को



निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर महाराज जरासंध जी की प्रतिमा स्थापित करने का कार्य अगले छः माह के अंदर पूर्ण कराएं। सम्राट जरासंध की स्थापित होनेवाली प्रतिमा स्थल के चारों तरफ अच्छे ढंग से अधिक-से-अधिक वृक्षारोपण का कार्य भी सुनिश्चित कराएं, इससे यहां का दृश्य काफी हरा-भरा, सुंदर एवं मनमोहक होगा। यहां लोगों के बैठने की सुविधा भी सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि अपने परिजनों, सगे-संबंधियों एवं मित्रों के साथ आनेवाले लोग कुछ देर बैठ सकें। सम्राट जरासंध की प्रतिमा स्थल चारों तरफ से पानी से घिरा रहेगा, जिसको ध्यान में रखते हुये प्रतिमा स्थल तक लोगों के सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु पथ का निर्माण कराएं।

**एकदिवसीय जरासंध महोत्सव का आयोजन**

दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर के ऐतिहासिक व पवित्र पावन भूमि पर मगध सम्राट जरासंध की स्मृति स्थल पर गुरुवार को जरासंध महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सड़क मार्ग से राजगीर पहुंचे। मगध साम्राज्य की राजधानी राजगीर में पहली बार राज्य सरकार के द्वारा जरासंध महोत्सव का आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा किया गया है। 5226 वें जन्मोत्सव के अवसर पर एकदिवसीय जरासंध महोत्सव का आयोजन किया गया।

**पीपल वृक्ष के नीचे एक छोटा मंच बनाया गया**

नीतीश कुमार द्वारा मगध सम्राट जरासंध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। माल्यार्पण बाद उनके द्वारा परंपरागत ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आयोजकों के द्वारा मुख्यमंत्री को सम्राट जरासंध की प्रतिमा और गदा भेंट किया गया। राजगीर में बनाये जा रहे जरासंध उद्यान व स्मारक का मुआयना मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री के आगमन पर राजगीर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। समारोह स्थल और निमार्णाधीन जरासंध स्मारक स्थल पर सुरक्षा की व्यापक प्रबंध थे। महोत्सव कार्यक्रम के लिए जरासंध मंदिर के सामने पीपल वृक्ष के नीचे एक छोटा मंच बनाया गया है। मंच के सामने दर्शकों को बैठने के लिए पंडाल बनाया गया है।

मुरादाबाद में अमृत कुंज, गतिशक्ति नगर, समृद्धि विहार व विश्वकर्मा हाट का शुभारंभ

# कमिश्नर ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की चार नयी आवासीय व व्यवसायिक भूखंड व भवन योजना का किया उद्घाटन

**मुरादाबाद,** । मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार में मंगलवार को प्राधिकरण की चार नयी आवासीय व व्यवसायिक भूखंड व भवन योजना का उद्घाटन किया गया। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने योजनाओं को साकार कर मुरादाबाद को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व उनकी पूरी टीम की सराहना की।

उन्होंने कहा कि अमृत कुंज, गतिशक्ति नगर, समृद्धि विहार व विश्वकर्मा हाट का उद्घाटन होने के बाद आवास और व्यवसाय में लोगों की समस्या दूर होंगी और व्यवस्थित सुविधाओं के साथ लोगों का जीवन स्तर और बेहतर होगा। अनुशासित विकास का स्वरूप बेहतर करना ही उद्देश्य है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने चारों आवासीय योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी दी। कहा कि अमृत कुंज योजना में 175 भवन हैं।

इसके लिए दस प्रतिशत टोटल धनराशि जमा कर पंजीकरण कराकर लाटरी में शामिल हो सकते हैं। आवंटन कन्फर्म होने पर



सामान्य वर्ग के आवेदकों को 20 प्रतिशत धनराशि जमा करना होगा। अमृत कुंज योजना में 3250 रुपये प्रतिवर्ग फुट कीमत तय किया गया है। चारों नयी आवासीय योजनाओं के लिए पंजीकरण 22 नवंबर से शुरू होगा। समृद्धि विहार योजना सेक्टर बी नया मुरादाबाद दिल्ली रोड पर विकसित किया जा रहा है। चारों नयी योजनाओं में 600 संपतियां हैं। जिसमें 300 भूखंड व 300 आवास हैं।

गतिशक्ति नगर और विश्वकर्मा हाट व्यवसायिक भूखंड योजना है। उन्होंने बताया कि अमृत कुंज योजना एकता विहार दक्षिणी में 175 भूखंड हैं।

208 आवासीय भवन हैं। गतिशक्ति नगर ट्रांसपोर्ट नगर में 103 भूखंड हैं। 60, 300 रुपये प्रति वर्ग मीटर भूखंड की दर है। विश्वकर्मा हाट कांशीराम नगर में व्यवसायिक योजना है।

इसमें फुटकर दुकानों के लिए बनाई गई है। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सैनी, एमएलसी गोपाल अंजान, एमडीए बोर्ड के सदस्य राजू कालरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लखनऊ में एएसपी के इकलौते पुत्र की सड़क हादसे में मौत



संवाददाता

**लखनऊ।** पुलिस मुख्यालय में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव के इकलौते बेटे की मंगलवार की सुबह मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई है। घटना के बाद अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस की पांच टीमें लगी हुई है। गोमतीनगर विस्तार इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि एडिशनल एसपी के इकलौते बेटे नैमिश श्रीवास्तव (12) सुबह जनेश्वर मिश्रा पार्क में स्केटिंग कोर्ट पर प्रैक्टिस करने गया था। प्रैक्टिस करके वापस घर लौट रहा था। तभी पिपराघाट रोड पर एक सफेद रंग की अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल ले गयी, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर पाकर पूरे परिवार में रोना-पीटना मच गया है। घटना की जानकारी पर पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। विशेष पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार, पुलिस आयुक्त लखनऊ एसबी शिरडकर के साथ तमाम पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचे। डीजी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। साथ ही फरार वाहन की तलाश के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए पुलिस की पांच टीमें लगी हुई हैं। सीसीटीवी फुटेज की मदद से कार को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है, जल्दी पकड़ लिया जाएगा।

## विधायक अतुल प्रधान के समर्थन में उतरे छात्र, कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन



**मेरठ।** सरधना के सपा विधायक अतुल प्रधान और न्यूटिमा अस्पताल के डॉक्टरों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को सपा छात्र सभा के बैनर तले छात्रों ने विधायक के समर्थन में कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। सपा विधायक अतुल प्रधान और मेरठ में डॉक्टरों के बीच विवाद कोई नया नहीं है। विधायक बनने से पहले भी अतुल प्रधान आम लोगों के समर्थन में अस्पतालों में पहुंच जाते थे और डॉक्टरों द्वारा मनमाना बिल वसूलने का विरोध करते थे। उस समय भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले डॉक्टरों ने अतुल प्रधान के खिलाफ मोर्चा खोला था। कुछ दिन पहले गढ़ रोड स्थित न्यूटिमा अस्पताल में सपा विधायक अतुल प्रधान ने दवाओं के मनमाने दाम वसूलने के विरोध में हंगामा किया था। पुलिस ने विधायक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद से ही डॉक्टरों और सपा विधायक के बीच विवाद चल रहा है। न्यूटिमा अस्पताल की लड़ाई आईएमए लड़ रहा है तो सपा विधायक के समर्थन में आम आदमी पार्टी और अब छात्र उतर आए हैं। मंगलवार को छात्र नेता आदेश प्रधान के नेतृत्व में सपा छात्र सभा के कार्यकताओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन हुआ। छात्रों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी बृजेश सिंह को सौंपा। छात्रों ने कहा कि न्यूटिमा अस्पताल में मरीज के परिवार के बुलाने पर विधायक गए थे। इसके बाद वह मरीज और डॉक्टर को शांतिपूर्ण तरीके से समझा कर वापस आ गए थे। विरोधी नेताओं ने षड्यंत्र रचकर विधायक अतुल प्रधान और मरीज के परिवार पर मुकदमा दर्ज करा दिया। फाइनल रिपोर्ट में अतुल प्रधान को क्लीन चिट भी दे दी गई लेकिन एडीजी के निदेर्शानुसार फाइनल रिपोर्ट को चार्जशीट में परिवर्तित कर दिया गया, जो गलत है। डॉक्टर और अतुल प्रधान का कोई विवाद नहीं है। वह केवल मरीज के परिवार के लोगों के बुलाने पर गए थे। छात्रों ने कहा कि यदि विधायक अतुल प्रधान के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमें वापस नहीं लिए गए तो छात्र हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे और कलक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन पर बैठेंगे।

## ट्रैक्टर पलटने से किसान की दबकर मौत

संवाददाता

**बदायूं।** उसावां थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से सोमवार रात एक किसान की दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के गांव नगरिया अभय के रहने वाले सुनील (40) खेत पर ट्रैक्टर लेकर जुताई करने रात में जा रहे थे। इसी दौरान उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सिद्ध बाबा मंदिर के पास पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से किसान सुनील नीचे दब गए। ट्रैक्टर पलटने की सूचना गांव व घरवालों को काफी देर के बाद मिली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसान सुनील को गंभीर अवस्था में ट्रैक्टर के नीचे से निकाला और 108 एंबुलेंस को बुलाकर जिला अस्पताल भेज। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही किसन ने दम तोड़ दिया। सुनील की मौत की खबर से किसान के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने बताया कि वह ट्रैक्टर लेकर खेत पर जुताई करने रात में ही चला गया था, क्योंकि गेहूं की बुवाई का समय चल रहा है। उसावां थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौत हुई है। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला के रेल मंडप में बरेका के निर्यातित रेल इंजन मॉडल आकर्षण

**वाराणसी,।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के रेल मंडप में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के निर्यातित रेल इंजन मॉडल आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भारतीय रेलवे ने रेल मंडप में अपनी यात्रा को प्रदर्शित किया है। साथ ही यह बताया है कि कैसे भारतीय रेलवे ने विश्व के अन्य देशों में लोको, कोच और डेमू ट्रेनों का निर्यात कर वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। इसके अलावा मंडप में नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन को लेकर भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को भी दिखाया गया है। मेले में बनारस रेल इंजन कारखाना में निर्मित रेल इंजनों जिन्हें विभिन्न देशों तंजानिया, वियतनाम, बांग्लादेश,श्रीलंका, मलेशिया,





सूडान, म्यांमार, अंगोला, सेनेगल, माली, मोजांबिक में निर्यात किया गया है। उन सभी रेल इंजन मॉडलों को एक विशेष बूथ पर आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। जो मेले में आगंतुकों विशेष कर बच्चों का अपनी ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। बरेका के जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार बरेका ने अब तक 172 रेल इंजनों का विभिन्न देशों में निर्यात किया है। रेल मंडप के बाहरी हिस्से में वंदे भारत ट्रेन के मॉडल व रघुनाथ मंदिर से प्रेरित जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित डिजाइन को दिखाया गया है, जो अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना को प्रदर्शित करता है।

इस मंडप में विभिन्न प्रारूपों को प्रदर्शित किया गया है। इनमें यूएसबीआरएल परियोजना (कटरा- बनिहाल खंड), राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल परियोजना पर प्रस्तावित सूरत स्टेशन, वंदे भारत ट्रेन, पंबन ब्रिज वर्टिकल गर्डर (पुल की डाट), बोगीबील ब्रिज और दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे आदि शामिल हैं। मंत्रालय ने रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में बदलते भारत की अवसंरचना की विषयवस्तु के साथ हॉल नंबर-5 में रेल मंडप स्थापित किया है।

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने इस रेलवे मंडप का उद्घाटन किया। रेल मंडप को भारत के बुनियादी ढांचे में रूपांतरण, विरासत भी विकास भी, नारी शक्ति का उत्सव, ज्ञान वृक्ष जैसे खंडों में विभाजित किया गया है। कोई व्यक्ति हर एक खंड में मॉडल और उससे संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है। वहीं, नारी शक्ति खंड में एक सेल्फी बूथ आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

## बलिया के हिस्ट्रीशीटर पर कार्रवाई न होने से हड़ताल का एलान

संवाददाता

**लखनऊ,** । लोक निर्माण विभाग के बलिया कार्यालय परिसर में आतंक का पर्याय बने हिस्ट्रीशीटर अपराधी के विरुद्ध कार्रवाई न किये जाने से डिप्लोमा इंजीनियर्स में भारी आक्रोश है। इसमें आक्रोशित डिप्लोमा इंजीनियरों ने चेतावनी देते हुए आगे प्रदेश में हड़ताल करने का एलान कर दिया है।

मंगलवार को यह जानकारी डिप्लोमा इंजीनियर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने बताया कि बलिया परिसर में हिस्ट्रीशीटर अपराधी, जो विगत पांच-छह वर्षों



से लगातार अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं अन्य कार्मिकों के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट एवं शासकीय कार्य में व्यवधान डालते हुए लोक निर्माण विभाग परिसर में भय का माहौल व्याप्त किये हुए है। पुलिस की ओर से भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि बलिया के समस्त अवर अभियंता एवं कार्मिक विगत 15 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अन्य संगठनों यथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं राज्य कर्मचारी महासंघ की ओर से मांग की गयी है कि जल्द से जल्द अपराधी तत्व को गिरफ्तार किया जाये। ताकि डिप्लोमा इंजीनियर्स अपने को सुरक्षित समझें।

## रक्त धमनियां ब्लॉक होने से हार्ट अटैक : डॉ मोहित गुप्ता

संवाददाता

**प्रयागराज,।** हमारा जीवन हमारी सोच का ही परिणाम है। आज नई-नई उम्र के बच्चों को हार्ट अटैक आते हैं। उनके रक्त धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं। इन सब का कारण कहीं ना कहीं नकारात्मक सोच, तनाव और अवसाद है। यदि हम प्रतिदिन थोड़ा समय निकालकर अपने आप को समय दें, अपने आप से बात करें और मेडिटेशन का अभ्यास करें तो इस जीवन की भाग दौड़ को इंजॉय कर सकते हैं और इसको बोझ समझने से भी बच सकते हैं। यह बातें जीबी पंत अस्पताल नई दिल्ली के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मोहित गुप्ता ने ब्रह्मकुमारीज द्वारा मोतीलाल नेहरू नेहरू मेडिकल कॉलेज में आयोजित डिजाइन योर डेस्टिनी प्रोग्राम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर कोई कहता है मेरे पास समय नहीं है। आई एम बिजी। वास्तव में बिजी की जगह हमें बी-इजी शब्द को अपने जीवन में धारण कर लेना चाहिए। जीवन में यात्रा का महत्व है न की गंतव्य का। इसलिए जीवन का हर कार्य खुशी के लिए न करके खुशी से करें तो हमारा जीवन खुशहाल हो जाएगा। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में डिजाइन योर डेस्टिनी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ मोहित दयाल गुप्ता ने अपने निजी अनुभव के द्वारा नव प्रशिक्षित डॉक्टरों तथा शहर के अन्य डॉक्टरों को अपने व्यस्त जीवन में मेडिटेशन को अपनाने तथा बिजी लाइफ को ईजी लाइफ बनाने के कई नुस्खे बताए। उन्होंने अपने बारे में बताया की उनके दिमाग का आधा हिस्सा ऑपरेशन के द्वारा निकाल दिया गया तथा उनके स्पाइन में 6 जगह हुक लगे हुए हैं। फिर भी वह अपना कार्य अनवरत कर रहे हैं। यह मनोबल का जीता जागता उदाहरण है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसपी सिंह रहे। मंच संचालन डॉ श्रीमती शान्ति चौधरी ने किया। कार्यक्रम में डॉ स्वप्न श्रीवास्तव, डॉ शुभा पांडेय, डॉ शुभ्रा घोष, डॉ सरला टंडन, डॉ लक्ष्यवीर सिकरवार, डॉ मनीष टंडन, डॉ विकास त्रिवेदी, डॉ अंबुज तिवारी, डॉ विनीता सहाय, डॉ भारत, डॉ पूनम गुप्ता, डॉ पन्ना मिश्रा सहित शहर के तमाम डॉक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ मोहित गुप्ता ने सभी को राजयोग मेडिटेशन भी कराया।

## संक्षिप्त डायरी

### गोबर से बन रहे कंडे, जैविक खाद की मांग बढ़ी : जयकृष्ण



संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ उत्तर भाग के जानकी नगर में गोपाष्टमी कार्यक्रम के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक जयकृष्ण सिन्हा ने कहा कि गाय के गोबर का उपयोग कथा कराते हुए गौरी-गणेश बनाने के लिए होता रहा है। पूजन में गोबर से बने गणेश में भगवान पधारते हैं। अब गोबर के कंडे बन रहे हैं। इसका उपयोग शवदाह के लिए हो रहा है। गोबर से ही बनी जैविक खाद की आवश्कता में प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। गोबर की मांग भी बढ़ती जा रही है। जयकृष्ण सिन्हा ने कहा कि गोपाष्टमी में गौ आश्रय पर छोटे बड़े कार्यक्रम आयोजित कर गौ पूजन अवश्य करना चाहिए। गाय का चित्र लगाकर नहीं, गाय का प्रत्यक्ष पूजन करना चाहिए। इस वर्ष संघ की गतिविधि गौ सेवा के कार्यकताओं ने प्रत्यक्ष रूप से गाय का पूजन किया है। इसी तरह प्रत्येक वर्ष इस परम्परा को आगे बढ़ाते रहना है। इसी कार्यक्रम में उपस्थित रहे वरिष्ठ प्रचारक और गौ सेवा के प्रांत प्रमुख सर्वजीत ने कहा कि जर्सी गाय का दूध सही मायने में दूध जैसा नहीं है। जर्सी गाय तो सूअर, यार्क और यास्क के क्रास से बनी है। उसका दूध फिर कैसे दूध हो सकता है। उसे पीने से तमाम प्रकार की बीमारियां हो जाये। देशी गाय का दूध पीना चाहिए। इससे बल बुद्धि का विकास होता है। अपने देश में देशी गाय की 182 प्रकार की प्रजातियां थीं। इसमें अब 42 प्रकार की प्रजातियां ही बच सकी हैं, वह भी संघ के कार्यकताओं के कारण। भीलवाड़ा में ये सभी प्रजातियों की गाय आज भी हैं। उन्होंने कहा कि गतिविधि गौ सेवा के कार्यकताओं ने लखनऊ विभाग के 44 नगरों में गौ पूजन का लक्ष्य लिया और उसे पूरा कर दिखाया है। सभी नगरों में पूरे उत्साह के साथ गौ पूजन कार्यक्रम हुए हैं। गाय माता की आरती करने के बाद फल, सब्जी, गुड़, रोटी खिलाकर और पुष्प अर्पित कर पूजन सम्पन्न किया गया है। इस दौरान महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर कार्यक्रम में भागीदारी की है। गोपाष्टमी कार्यक्रम में विभाग संयोजक शरद चंद्र, विभाग प्रशिक्षण टोली सदस्य डॉ. रविशंकर, भाग प्रशिक्षण संयोजक ओमप्रकाश, सह नगर संघचालक सुनील, नगर संयोजक मनोज, सह नगर संयोजक शेखर शरन और बड़ी संख्या में महिलाओं सहित 50 लोग उपस्थित रहे।

### नगर पालिका परिषद हरदोई पुरानी मूर्तियों को विसर्जित करायेगी

संवाददाता

**हरदोई।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद हरदोई पुरानी मूर्तियों को विसर्जित करायेगी।





उन्होने बताया कि दीपावली के अवसर पर नागरिकों द्वारा पुरानी मूर्तियों को हटाकर नयी मूर्तियों की पूजा की जाती है तथा पुरानी मूर्तियों को आस पास पूजा स्थलों एवं पेड़ के नीचे रख दिया जाता है। जिससे धार्मिक आस्था को ठेस पहुचती है।विगत कई वर्षों से अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदोई सुख सागर मिश्र मुधर द्वारा मूर्तियों को एकत्र कराते हुए सुरक्षित स्थान पर सम्मान के साथ विसर्जित कराये जाने का कार्य किया जाता रहा है इसी क्रम में इस वर्ष भी उन्होने नगर पालिका कर्मियों को निर्देश दिये गये हैं तथा नगर वासियों से अपेक्षा की है कि वह अपने घरो से पुरानी मूर्तियों को लाकर 03 दिवस में निर्धारित स्थल गाँधी मैदान के पास पीपल के वृक्ष के पास, जेल रोड पर पीपल के वृक्ष के पास, श्रवण देवी मन्दिर के पास आदि धार्मिक स्थलों पर रख दें ताकि पालिका द्वारा मूर्तियों को एकत्र कर उनका विसर्जन कराया जा सके।

### कानपुर में महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करेंगे भाजपा अध्यक्ष चौधरी

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को कानपुर पहुंचेंगे। यहां वह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण बैठक को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के साथ संबोधित करेंगे। यह



जानकारी देते हुए भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे और बैठक में मौजूद संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे।

# देव दीपावली की तैयारियां शुरू, नौ जोन और 11 सेक्टर में बांट कर सुरक्षा प्रबंध

**वाराणसी** । देव दीपावली पर्व की प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। पर्व पर गंगा किनारे उमड़ने वाली लाखों की भीड़ के सुरक्षा प्रबंध को लेकर वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट भी सतर्क है। माना जा रहा है कि 10 लाख से अधिक श्रद्धालु देव दीपावली की भव्यता देख सकते हैं। वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट ने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था का खाका भी तैयार कर लिया है। इस बार देव दिवाली 27 नवम्बर को होगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार देव दीपावली पर्व पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए शहर में 31 स्थान पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन का काम ट्रैफिक पुलिस और पुलिस मिलकर 54 प्वाइंट से करेगी। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि नागरिक सहूलियत के साथ गंगा घाटों तक जाकर उत्सव का लुत्फ उठाने के बाद बगैर किसी दिक्कत के अपने गंतव्य को वापस लौट जाएं। इन स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था सूजाबाद पुलिस चौकी के सामने, चौकाघाट पुलिस चौकी के दाएं-बाएं, सर्व सेवा संघ भवन का खाली मैदान, बेनिया बाग, मजदा सिनेमा, गोदौलिया, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, जयनारायण इंटर कॉलेज, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज, काशी विद्यापीठ, रामलीला मैदान लकड़ीमंडी, नटराज सिनेमा सिगरा, एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज,



रवींद्रपुरी में सड़क के दोनों ओर की पटरी, गर्ल्स हिंदू कॉलेज कमच्छा, सामने घाट पश्चिमी स्कूल के बगल में, सामने घाट पश्चिमी सनबीम स्कूल के बगल में, नरिया से हैदराबाद गेट रोड पर, नगवा चौराहा, संत रविदास गेट, संत रविदास गेट से हनुमान मंदिर तिराहा, बैंक ऑफ बड़ौदा तिराहा (रविदास गेट से आगे), रवींद्रपुरी-शिवाला कूड़ा घर मोड़, होटल ब्राडवे तिराहा, अग्रवाल तिराहा शिवाला, आशापुर फ्लाईओवर से हवेलिया तिराहा तक सड़क के दोनों ओर, कटिंग मेमोरियल स्कूल (छोटा/बड़ा), सेंट मेरी स्कूल कैंटोनमेंट के सामने की सड़क, एफसीआई गोदाम के पास, भास्करा पोखरा। पर्व पर रामनगर, आदमपुर, कोतवाली, चौक, दशाश्वमेध, लक्सा और भेलूपुर थाना क्षेत्र में 21 जगह बैरियर लगाए जाएंगे। पर्व पर चांदपुर चौराहा, आजमगढ़ अंडरपास, तरना पुल और आशापुर ओवरब्रिज पूर्वी से शहर की ओर रोडवेज या निजी बसें नहीं आने दी जाएंगी। देव दीपावली पर ही सभी 84 गंगा घाटों को नौ जोन, 11 सेक्टर और 32 सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था का खास प्रबंध किया गया है। अत्यधिक भीड़ वाले घाटों पर क्यूआरटी की 20 टीम तैनात रहेंगी। 11 विशेष टीमें लाउडहेलर के साथ घाटों पर पेट्रोलिंग करेंगी। 17 प्रमुख घाटों पर एंटी रोमियो स्क्वॉड की टीमें रहेंगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 11 पिंक बूथ बनेंगे। उधर, सोमवार शाम को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और नगर आयुक्त ने सर्किट हाउस, पुलिस लाइन चौराहा होते हुए मकबूल आलम रोड, चौकाघाट फ्लाई ओवर, चौकाघाट लकड़ी मंडी होते हुए सिटी स्टेशन, गोल गड्डा, डाटपुल राजघाट होते हुए नमो घाट तक निरीक्षण किया।

# जी-20 की चिंता

भारत की अध्यक्षता में आयोजित आखिरी जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन जितना सुखद है, उससे भी ज्यादा स्वागतयोग्य है कि इस समूह के देश इजरायल-हमास संघर्ष के जल्दी खत्म होने की उम्मीद रखते हैं। भारत की प्रेरणा से बुधवार को आयोजित वर्चुअल या आभासी शिखर सम्मेलन में दुनिया के अनेक दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोटूक कहा है कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है, गाजा में इजरायल और हमास के बीच छिड़ा संघर्ष क्षेत्रीय युद्ध में न बदलने पाए। वाकई जी-20 के नेताओं के लिए युद्ध रोकना प्राथमिकता होनी चाहिए। नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को आयोजित मुख्य शिखर सम्मेलन में भी रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का तनाव साफ तौर पर दिखा था। बहुत मुश्किल से एक बीच की राह निकाली गई थी, पर अब जब वर्चुअल सम्मेलन हुआ है, तब गाजा में छिड़े युद्ध की चर्चा का अहम होना कदापि नहीं चौंकाता। जी-20 के देश अगर अपने आर्थिक प्रभाव से युद्ध को रोक सकें, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। युद्ध के खिलाफ भारत की टिप्पणियों और प्रयासों के लिए भी भारतीय अध्यक्षता को याद किया जाएगा। ध्यान रहे, जी-20 की स्थापना दुनिया के विकसित और विकासशील देशों के बीच आर्थिक समन्वय बढ़ाने के मकसद से हुई थी। जब आर्थिक समन्वय बढ़ता है, तब देशों के बीच सामरिक या कूटनीतिक तनाव भी कम होता है। वैसे तो जी-20 का 18वां शिखर सम्मेलन सितंबर में ही संपन्न हो गया था, पर भारत के प्रयासों से यह विशेष आभासी सम्मेलन हुआ है। इसमें अमेरिकी और चीनी राष्ट्रपति को छोड़ लगभग सभी देशों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। भारत की अध्यक्षता का समय 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा और उसके बाद 1 दिसंबर से ब्राजील के नेता लूला डी सिल्वा के पास कमान औपचारिक रूप से चली जाएगी। यह कहने में हर्ज नहीं कि अगर रूस-यूक्रेन युद्ध न छिड़ा होता, तो भारत में जी-20 का आयोजन और शानदार होता। जिस धूमधाम से भारत में आयोजन हुआ है, उसका कोई सानी नहीं है। दुनिया में अनेक जगह प्रतिकूल स्थितियों के बावजूद नई दिल्ली के घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया गया है। बहुत महत्वाकांक्षी, समावेशी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख तरीके से वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए जी-20 के तमाम नेता प्रतिबद्ध दिखे हैं। बुधवार को जी-20 का वर्चुअल सम्मेलन अपने आप में विरल आयोजन है। इसमें भी इतने आला नेताओं का शामिल होना एक बड़ी कामयाबी है और संकेत भी कि ये नेता परस्पर सहयोग बढ़ाने के पक्ष में हैं। वास्तव में, भारत ने 150 से अधिक विश्व नेताओं की भागीदारी के साथ एक ही वर्ष में चार ऐसी बैठकें आयोजित की हैं, जो वैश्विक स्तर पर भारत की संयोजन शक्ति का प्रमाण है। भारत जी-20 देशों की चिंताओं के साथ ही ग्लोबल साउथ के देशों की समस्याओं को भी पर्याप्त महत्व दे रहा है। कई बड़े फैसले हैं, जो भारत की अध्यक्षता में लिए गए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट सख्त

जजों की नियुक्ति और उनके तबादलों का मामला दिनो-दिन उलझता दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर सरकार का ध्यान इस ओर खींचा कि कलीजियम की सिफारिशों पर अमल के मामले में कथित सिलेक्टिव रवैये की वजह से कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट कलीजियम ने हाल में हाईकोर्टों के 11 जजों के तबादले की सिफारिश की थी। इनमें से पांच जजों के तबादले कर दिए गए, लेकिन छह जजों का मामला लंबित है। इन लंबित मामलों में चार गुजरात हाईकोर्ट के जजों का है, जबकि एक-एक इलाहाबाद और दिल्ली हाईकोर्ट का। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि आखिर सरकार क्या संकेत देना चाहती है? जजों की नियुक्ति के मामले में भी ऐसे कई नाम हैं, जो कलीजियम की सिफारिश के बाद भी क्लियर नहीं किए गए हैं जबकि उन्हें कलीजियम के पास पुनर्विचार के लिए भेजे जाने की अपेक्षित अवधि बीत चुकी है। अप्रैल 2021 के अपने एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि अगर कलीजियम सर्वसम्मति से अपनी सिफारिशें दोबारा भेजता है तो उसके बाद तीन से चार सप्ताह के अंदर केंद्र सरकार को जजों की नियुक्ति कर देनी चाहिए। इन लंबित मामलों में ऐसा नहीं हुआ और अब सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय कानून और न्याय मामलों के मंत्रालय के खिलाफ अवमानना संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इस गतिरोध के पीछे जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कार्यपालिका और न्यायपालिका में उपजे मतभेदों का हाथ माना जा रहा है। यह बात पब्लिक डोमेन में आ चुकी है कि सरकार नियुक्ति के कलीजियम सिस्टम के खिलाफ है। 2015 में ही उसने नैशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट कमिशन (ठखअउ) एक्ट लागू किया था, जिसके मुताबिक जजों की नियुक्ति एक आयोग के जरिए होनी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस एक्ट को असंवैधानिक करार देते हुए मौजूदा कलीजियम सिस्टम को ही बहाल रखा। नियुक्ति की इस प्रक्रिया पर कई तरफ से सवाल उठते रहे हैं। इनमें से कई सवाल वाजिब भी हैं। खुद सुप्रीम कोर्ट भी मान चुका है कि यह सिस्टम फूलप्रूफ नहीं है। लेकिन जब तक किसी नई वैकल्पिक व्यवस्था पर सहमति नहीं बनती, तब तक इसी से काम चलाना होगा। ऐसे में अगर इसे सही ढंग से लागू नहीं किया जाएगा तो न्यायपालिका का काम करना मुश्किल हो जाएगा।

# बांग्लादेश में शेख हसीना की वापसी भारत क्यों चाहता है

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

**शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले। इसमें कोई शक नहीं है कि शेख हसीना भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखती हैं और भारत भी उन्हें हरसंभव सहयोग देता रहता है। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध मजबूत हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों और आपसी विश्वास और समझ पर आधारित हैं। भारत ने शेख हसीना को विगत सितंबर के महीने में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है।**

पड़ोसी देश बांग्लादेश में 12वां संसदीय चुनाव 7 जनवरी, 2024 को होगा। जाहिर तौर पर भारत की इन चुनावों पर करीबी नजर रहने वाली है। बांग्लादेश में चुनाव की घोषणा के साथ स्वाभाविक रूप से राजनीतिक तनाव और उपद्रव शुरू हो गए हैं। प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी ने मांग की है कि चुनाव एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार की निगरानी में हों। इसके नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले। इसमें कोई शक नहीं है कि शेख हसीना भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखती हैं और भारत भी उन्हें हरसंभव सहयोग देता रहता है। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध मजबूत हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों और आपसी विश्वास और समझ पर आधारित हैं। भारत ने शेख हसीना को विगत सितंबर के महीने में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना है कि भारत ने बांग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निर्वासित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति डॉ.एम.ए.वाजेद मियां और उनके दोनों बच्चे भी थे। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त, 1975 को कत्ल कर दिया गया था ढाका में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झकझोर दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शरण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। शेख मुजीब उर रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे। तब उनका पालम हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ था। उस दिन राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में भारत के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया था। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी सारी कैबिनेट ने उनका स्वागत किया था। हवाई अड्डे पर दोनों देशों के राष्ट्रगान हुए। पालम हवाई अड्डे से लेकर राष्ट्रपति भवन तक के मार्ग पर हजारों दिल्ली वाले उनका हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। उन्होंने कोलकाता के मौलाना आजाद कॉलेज से कानून की पढ़ाई की थी और वहीं छात्र राजनीति में शामिल हुए थे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत-बांग्लादेश संबंध वर्तमान समय में ठीक दिशा में बढ़ रहे हैं। सन 1947 में धर्म के नाम पर पाकिस्तान बना और 1972 में पाकिस्तान टूटा। उस टूट से निकला बांग्लादेश। पाकिस्तान में एक वर्ग बांग्लादेश से इस आधार पर नाराज रहता है कि उसने टू नेशन थ्योरी को गलत साबित कर दिया। जो कभी एक थे, उनमें से एक की राह अलग है, शेष दो से। वर्तमान में पाकिस्तान के भारत और बांग्लादेश दोनों से ही बेहद तनावपूर्ण संबंध चल रहे हैं। कमोबेश सांकेतिक राजनयिक संबंधों के अलावा भारत और बांग्लादेश ने पाकिस्तान से दूरियां बनाई हुई हैं। बांग्लादेश फूटी नजर से भी नहीं देखता पाकिस्तान को। बांग्लादेश ने 1971 के नरसंहार के गुनहगार और जमात-ए-इस्लामी के नेता कासिम अली को कुछ साल पहले फांसी पर लटकाया था। इस पर पाकिस्तान ने आपत्ति जताई। बांग्लादेश ने दो टूक शब्दों में सुना दिया था कि वह पाकिस्तान की ओर से उसके आंतरिक मसलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। दोनों मुल्कों के संबंधों में तल्खी को समझने के लिए गुजरे दौर के पन्नों को पलटना ठीक रहेगा। शेरे-ए-बंगाल कहे जाने वाले मुस्लिम लीग के मशहूर नेता ए.के.फजल-उर- हक ने 23 मार्च, 1940 को लाहौर में मुस्लिम लीग के सम्मेलन में पृथक राष्ट्र पाकिस्तान का प्रस्ताव रखा था। उस तारीखी सम्मेलन में संयुक्त बंगाल के नुमाइंदों की बड़ी भागीदारी थी। वे सब भारत के मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र की मांग कर रहे थे। सात साल के बाद 1947 में पाकिस्तान बना और फिर करीब 25 बरसों के बाद खंड-खंड हो गया। ईस्ट पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में दुनिया के मानचित्र पर सामने आया। यानी पाकिस्तान से एक और मुल्क निकला। अब दोनों एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गए। 1971 में जिस नृशंसता से पाकिस्तानी फौजों ने ईस्ट पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के लाखों लोगों का कत्लेआम किया था, उसे लेकर ही दोनों मुल्क लगातार आमने-सामने रहते हैं। युद्ध संवाददाता के रूप में स्वयं नृशंसता का साक्षी रहा हूँ। शेख हसीना बांग्लादेश में उस कत्लेआम के गुनहगारों को लगातार दंड दे रही हैं। उसी कत्लेआम में शामिल होने के चलते कासिम को फांसी मिली। जरा देखिए कि यह बात पाकिस्तान को गले नहीं उतर रही। याद रख लें कि शेख हसीना के रहते तो पाकिस्तान को बांग्लादेश घास डालने वाला नहीं है। बहरहाल, भारत की चाहत है कि शेख हसीना बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले हमलों पर भी रोक लगाए। उन्हें भी सम्मान पूर्वक स्वतंत्र जीवन यापन का अधिकार मुहैया करवाएं। आपको याद होगा कि बांग्लादेश में पिछले आम चुनाव में शेख हसीना की विजय के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले तेज हो गए थे। राजशाही, जौसोर, दीनाजपुर वगैरह शहरों में हिन्दुओं पर बहुत हमले हुए थे। शेख हसीना का आगामी आम चुनाव के बाद भी देश का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय है। उन्हें भारत के साथ संबंधों को मजबूती देते हुए अपने देश के हिन्दुओं के हितों का ध्यान देना होगा।



**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# भारत की तरह इजरायल भी करने जा रहा है गलती

आतंकवादी अंत तक आतंकी ही रहता है, बहुत कम देखा गया है कि सुधार कैंपों में रहने के बाद उसकी सोच में परिवर्तन आता है, अक्सर दिखाई यही दिया है, खासतौर पर इस्लामी आतंकवाद और नक्सलवादी विचारधारा में कि वर्षों तक सुधार गृह में रहने के बाद भी इनका मानस नहीं बदलता। बाहर आते ही ये फिर से हिंसा के अपने पुराने रास्ते पर चल पड़ते हैं। वर्षों से भारत जो गलतियां कर रहा है, वही अब इजरायल करने जा रहा है, ऐसा लग रहा है। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं गुजरे हैं, भारत के मोस्ट वॉन्टेड अपराधी शाहिद लतीफ को पाकिस्तान के पंजाब में मार दिया गया। जब यह हुआ, तब भारत के संदर्भ में इसके आतंकी इतिहास की चर्चा भी होने लगी। तारीख 24 दिसंबर 1999, दिन शुक्रवार, काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़े आईसी 814 विमान को हथियारबंद आतंकवादियों ने हाइजैक कर लिया था। इंडियन एयरलाइंस के इस विमान में 176 यात्री और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। इस प्लेन हाईजैक के बदले यात्रियों की जान बचाने के लिए भारत सरकार ने तीन आतंकियों मसूद अजहर, उमर शेख और अहमद जरगर को छोड़ा था। इन आतंकियों ने छूटने के बाद किया क्या? वस्तुतः यह जानना और इससे जुड़ी जो आतंकवादियों की सूची भारत सरकार को छोड़ने के लिए दी गई थी, उसके बारे में हम सभी को जरूर जानना चाहिए। शाहिद लतीफ ने 1993 में पाक अधिकृत कश्मीर के रास्ते जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की थी, जिसे 1994 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया और आतंकी मसूद अजहर के साथ उसे 16 साल तक जम्मू की जेल में बंद रखा गया था। साल 2010 में 24 आतंकवादियों के साथ भारत सरकार ने उसे भी रिहा कर दिया। लेकिन क्या उसकी सोच बदली? इस्लामिक जिहाद खासकर हिन्दुओं और भारतीय सेना को अपना निशाना बनाने से वह आगे चूका? यदि इसका उत्तर खोजेंगे तो वह है नहीं। इस आतंकी से जुड़ा एक तथ्य यह भी है कि आतंकियों ने हाइजैक किए गए जिस विमान को कंधार एयरपोर्ट पर उतारा था, उसमें उन्होंने अपने 26 आतंकी साथियों की रिहाई और 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौती की मांग तत्कालीन भारत सरकार से की थी। शाहिद लतीफ भी उन 25 पाकिस्तानी आतंकियों की सूची में शामिल था। आगे जब शाहिद को 2010 में मनमोहन-सोनिया-राहुल गांधी की कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान के प्रति सद्भावना प्रेम के तहत रिहा किया, तब भी उसकी मूल इस्लामिक मजहबी कट्टरवादी आतंकी सोच में कोई परिवर्तन नहीं आया और उसने रिहा होने के छह साल बाद पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पठानकोट में दो जनवरी 2016 को एयरफोर्स एयरबेस पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने हमला कर दिया था । लगभग चार दिनों तक चली गोलीबारी में सात सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई थी। यहां थोड़ा रुकिए। गंभीरता से सोचिए, एक आतंकवादी को छोड़ने का कितना बड़ा नुकसान भारत को उठाना पड़ गया, कूटनीति के नाम पर पहले अटल सरकार, फिर मनमोहन-सोनिया की कांग्रेस सरकार के निर्णय ने भारत को कितना कष्ट में डाला है ! यह सिर्फ इस एक आतंकी के खौफनाक मंसूबों की यहां बात नहीं है। ज्यादातर हर आतंकी का इतिहास ही इसी प्रकार का है । कंधार प्लेन हाईजैक के बदले यात्रियों की जान बचाने के लिए भारत सरकार ने तीन आतंकियों मसूद अजहर, उमर शेख और अहमद जरगर को छोड़ा था। इन्होंने आगे क्या किया, वह भी हम सभी के सामने आज मौजूद है। भारत के कब्जे से छूटने के बाद मसूद अजहर ने पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का गठन किया। मसूद अजहर ने उसके बाद भारत पर सबसे ज्यादा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसमें भारतीय संसद पर हमला, मुंबई हमला, पठानकोट एयरबेस हमला और पुलवामा हमला मुख्यतः शामिल है। इसी तरह आतंक के रास्ते चलते हुए उमर शेख ने 2002 में वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार डेनियल पर्ल की भी हत्या ही नहीं की बल्कि कई बड़े आतंकी प्रोग्राम चलाए और खासकर हिन्दुओं और भारतीय फौज को अपना निशाना बनाया। मुश्ताक अहमद जरगर ने छोड़े जाने के बाद कश्मीर में कई ग्रेनेड हमले करवाता रहा है। उसके द्वारा भारतीय सेना, सीआरपीएफ के जवानों पर अब तक अनेक आतंकी हमलों को अंजाम दिया जा चुका है, जिसमें हमारे कई सैनिक आहूत हो चुके हैं। मुश्ताक अब तक पता नहीं है, कितने भारतीयों का कत्ल कर चुका है। वस्तुतः यह है आतंकियों को छोड़ने का नतीजा। अब यही गलती भारत की तरह इजरायल करने जा रहा है। आज इजरायल की सरकार ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए 50 महिलाओं और बच्चों की रिहाई के बदले 150 लोगों को जेल से रिहाई के साथ चार दिनों के संघर्ष विराम को मंजूरी दी है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने कह भी दिया है कि इजरायल सरकार ने गाजा में बंधकों के रूप में रखी गई 50 महिलाओं और बच्चों को मुक्त करने के लिए फिलिस्तीनी हमास आतंकवादियों के साथ एक समझौते का समर्थन किया है, इसके बदले में इजरायल सुरक्षा संबंधी अपराधों के लिए अपनी जेलों में बंद लगभग 150 फिलिस्तीनियों को रिहा कर देगा, हालांकि इसमें यह भी कहा गया है कि उन लोगों को रिहा किया जाएगा, जिन पर सीधे तौर पर किसी भी घातक आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप नहीं होगा। आखिरकार ये सभी कहीं न कहीं हैं तो इजरायल के दुश्मन ही। यहूदी कौम से इन्हें नफरत है, जिन्हें रिहा किया जा रहा है, जैसा कि भारत में आतंकियों की यहां के बहुसंख्यक हिन्दू समाज से नफरत जगजाहिर है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



कांग्रेस में संघर्ष करके आगे बढ़ने वाला नेता हो या फिर पार्टी का अध्यक्ष बना कोई दलित, उसे शाही परिवार की शह पर दूध में से मक्खी की तरह निकाल कर फेंक दिया जाता है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



भारतीय समाज और आध्यात्मिक परंपरा में महिलाओं तथा शक्ति की अवधारणा को विशेष स्थान और सम्मान दिया गया है। आज उत्कृष्टता के हर क्षेत्र में, यहां तक कि सेनाओं में भी, हमारी बेटियां अपनी प्रभावशाली पहचान बना रही हैं। मैंने देखा है कि अधिकांश उच्च शिक्षण संस्थानों में पदक तथा उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक होती है।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



पौधों के सजीवता को सिद्ध करने वाले, रेडियो विज्ञान के पितामह डॉ. जगदीश चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन।

**(बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# एक खतरनाक चुनौती है 'डीप फेक'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में 'डीप फेक' बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के दुरुपयोग को चिह्नित करते हुए कहा कि मीडिया को इस संकट के बारे में लोगों को शिक्षित करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके वायरल वीडियो के बारे में चर्चा कर रहे थे, जिनमें वे गाना गाते और गरबा खेलते हुए दिख रहे हैं। असल में उस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी नहीं थे। यह एआइ द्वारा निर्मित एक डीप फेक था। फोटो और वीडियो से छेड़छाड़ कर बने डीप फेकह्न वर्ष 2016 से ही चलन में हैं, लेकिन तब इनका ज्यादातर इस्तेमाल मजाक में होता था। लेकिन अब लिप सिंक कर डीप फेक बनने लगे हैं। पांच साल पहले ऐसा करने के लिए बहुत से सारे इंटरनेट डाटा की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब एक-दो मिनट में कोई भी 'डीप फेक' बना सकता है। इसके लिए किसी खास तकनीकी कौशल की जरूरत भी नहीं है। लेंसा एआई, डीप फेक वेब, रिफेस, माई हेरिटेज और डीप फेस लैब जैसी सैकड़ों वेबसाइट और एप हैं, जहां कोई भी किसी का 'डीप फेक' बना सकता है। ऐसे में वे लोग ज्यादा खतरे में हैं, जिनकी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर बहुतायत में उपलब्ध हैं। विडंबना है कि तकनीक ने एक तरफ हमारे जीवन को काफी आसान बनाया है, तो दूसरी तरफ कई स्तरों पर अराजकता भी पैदा कर दी है। सूचनाओं के संजाल में यह तय करना मुश्किल है कि क्या सही है, क्या गलत। इससे हमारे समाज के सामने एक नयी चुनौती पैदा हो गयी है। गलत सूचनाओं को पहचानना और उनसे निपटना आज के दौर के लिए एक बड़ा सबक है। ह्यफेक न्यूजह्न आज के समय का सच है। फेक न्यूज ज्यादातर भ्रमित करने वाली सूचनाएं होती हैं। अक्सर झूठे संदर्भ या गलत संबंधों को आधार बनाकर ऐसी सूचनाएं फैलायी जाती हैं। कुछ साल पहले, पत्रकारिता में एआइ के आगमन ने पत्रकारिता उद्योग में काफी उम्मीदें बढ़ायी थीं कि इससे समाचारों का वितरण नयी पीढ़ी में पहुंचेगा और पत्रकारिता जगत में क्रांतिकारी बदलाव होंगे। उम्मीद तो यह भी जतायी जा रही थी कि एआइ से ह्यफेक न्यूजह्न और गलत सूचना के प्रसार को रोकने का एक प्रभावी तरीका भी मिल जायेगा, पर व्यवहार में इसके विपरीत हो रहा है। एक तरफ प्रौद्योगिकी ने आर्थिक और सामाजिक विकास किया है, तो दूसरी ओर फेक न्यूज में काफी वृद्धि हुई है। लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अड़चन पैदा करने में और चारित्रिक हत्या करने में इंटरनेट एक शक्तिशाली औजार के रूप में उभरा है। सरलतम रूप में एआइ को इस तरह से समझा जा सकता है कि उन चीजों को करने के लिए कंप्यूटर का उपयोग किया जाता है, जिनके लिए मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है। फेक न्यूज की समस्या को डीप फेक ने और ज्यादा गंभीर बना दिया है। असल में डीप फेक में एआइ एवं आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के जरिये किसी वीडियो क्लिप या फोटो पर किसी और व्यक्ति का चेहरा लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके जरिये कृत्रिम तरीके से ऐसे क्लिप या फोटो विकसित कर लिये जा रहे हैं, जो बिल्कुल वास्तविक लगते हैं। डीप फेक एक अलग तरह की समस्या है। इसमें वीडियो सही होता है पर चेहरे, वातावरण या असली ऑडियो को बदल दिया जाता है और देखने वाले को इसका पता नहीं लगता कि वह डीप फेक वीडियो देख रहा है। एक बार ऐसे वीडियो जब किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आ जाते हैं, तो उनकी प्रसार गति बहुत तेज हो जाती है। देश में जहां डिजिटल साक्षरता बहुत कम है, वहां डीप फेक वीडियो समस्या को ज्यादा गंभीर करते हैं। हालांकि ऐसे वीडियो को पकड़ना आसान भी हो सकता है क्योंकि ऐसे वीडियो इंटरनेट पर मौजूद असली वीडियो से ही बनाये जा सकते हैं, पर ऐसा करने के लिए जिस धैर्य की जरूरत होती है, वह भारतीयों के पास वहाट्सएप मैसेज को फॉरवर्ड करने में नहीं दिखती।

# संकीर्ण कानून

राज्य के अधिवासियों को 30,000 रुपये प्रतिमाह से कम की निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण प्रदान करने वाले हरियाणा राज्य स्थानीय अभ्यर्थी रोजगार अधिनियम, 2020 को खारिज कर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सही काम किया है। अदालत ने कहा कि इस मुद्दे पर कानून बनाना और निजी नियोक्ताओं पर खुले बाजार से लोगों की भर्ती करने पर पाबंदियां लगाना राज्य के दायरे से बाहर है। उसने यह भी कहा कि यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता और अनुच्छेद 19 के तहत स्वतंत्रता की गारंटी का उल्लंघन करता है। अदालत ने कहा कि स्थानीय लोगों को 75 फीसदी आरक्षण का आवंटन करके यह अधिनियम बाकी देश के नागरिकों के खिलाफ काम करता है, और ऐसे अधिनियम दूसरे राज्यों को इसी तरह के कानून बनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिसके नतीजतन पूरे भारत में कृत्रिम दीवारें खड़ी हो सकती हैं। उसने यह तर्क दिया कि यह अधिनियम कामगारों के पूरी भारत भूमि में स्वतंत्रतापूर्वक कहीं भी जाने के अधिकार पर गैरवाजिब पाबंदियां थोप रहा है। अदालत ने इस अधिनियम में निजी नियोक्ताओं के लिए तय की गयी जरूरतों को इंस्पेक्टर राज के तहत तय जरूरतों के समान करार दिया। आंध्र प्रदेश और झारखंड जैसे दूसरे राज्यों ने भी इसी तरह के कानून बनाये हैं। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि 2019 में पारित राज्य का विधेयक असंवैधानिक हो सकता है, लेकिन मामले के गुण-दोष के आधार पर सुनवाई अभी की जानी है। कामगार अपने कौशल और क्षमताओं से संबंधित रोजगार के अवसरों की तलाश में दूसरे राज्यों में जाते हें। अगर राज्य दूसरे राज्यों के लोगों के लिए अवसर तलाशने की राह में दीवारें खड़ी करते हैं और उन्हें रोकने के लिए पाबंदियां लगाते हैं, तो गरीब राज्यों के नागरिकों को अपने क्षेत्र के भीतर ही रोजी-रोटी की जद्दोजहद करनी पड़ेगी।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# माइक्रोसॉफ्ट का 'को-पायलट एआई' अब विंडोज 10 यूजर्स के लिए उपलब्ध

**नई दिल्ली।**

माइक्रोसॉफ्ट अब विंडोज 10 यूजर्स को एआई-संचालित 'को-पायलट फीचर' आजमाने की सुविधा दे रहा है। यह पहले केवल विंडोज 11 में उपलब्ध थी। सुविधा का उपयोग करने के लिए एलिजिबल डिवाइस वाले यूजर्स को एक रिलीज पूर्वावलोकन बिल्ड स्थापित करने की आवश्यकता होगी जिसमें एआई-संचालित को-पायलट तक पहुंच शामिल है। पूर्वावलोकन बिल्ड को स्थापित करने और संभावित रूप से विंडोज 10 होम या प्रो पर को-पायलट को आजमाने के लिए यूजर्स को विंडोज इनसाइडर टेस्टर प्रोग्राम में नामांकित होने की आवश्यकता होगी।कंपनी ने कहा, 'आपके डिवाइस को विंडोज पर को-पायलट के लिए योग्य होने की पुष्टि होने में समय लग सकता है, इसलिए यह तुरंत दिखाई नहीं देगा। को-पायलट को चलाने के लिए, सिस्टम आवश्यकता में कम से कम 4 जीबी रैम और एक डिस्प्ले एडॉप्टर शामिल है, जो कम से कम 720पी के रिजॉल्यूशन का समर्थन करता है।माइक्रोसॉफ्ट ने यह भी बताया कि चैटबॉट का पूर्वावलोकन अभी केवल चुनिंदा बाजारों, यानी उत्तरी अमेरिका और एशिया और दक्षिण अमेरिका के कुछ क्षेत्रों में ही उपलब्ध है, जिसका अर्थ है कि यूजर्स को भौगोलिक आधार पर लॉक किया जा सकता है। कंपनी ने बताया, 'विंडोज में को-पायलट बटन विंडोज 10 में टास्कबार के दाईं ओर दिखाई देगा। जब आप इसे चुनते हैं, तो विंडोज में को-पायलट आपकी स्क्रीन पर दाईं ओर दिखाई देता है। यह डेस्कटॉप सामग्री के साथ ओवरलैप नहीं होगा या खुली ऐप विंडो को ब्लॉक नहीं करेगा।' इस बीच, यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (ईईए) में डिजिटल मार्केट एक्ट (डीएमए) का अनुपालन करने के लिए, माइक्रोसॉफ्ट ने ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) में कई बदलाव किए हैं, जो अब यूजर्स को प्रदाताओं के बीच चयन करने और अधिकांश इन-बॉक्स ऐप्स को अनइंस्टॉल करने की सुविधा देता है। विंडोज सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार, परिवर्तनों में माइक्रोसॉफ्ट एज वेब ब्राउजर को अनइंस्टॉल करने के साथ-साथ विंडोज सर्च फलक से बिंग सर्च को हटाने की क्षमता शामिल है।

# फेसबुक ने फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान करने वाले विज्ञापनों को दी मंजूरी : रिपोर्ट




**सैन फ्रांसिस्को।**

फेसबुक ने कथित तौर पर फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान करने वाले कई विज्ञापनों को मंजूरी दे दी, कुछ में फिलिस्तीनी नागरिकों और कार्यकर्ताओं की हत्या का भी आह्वान किया गया। द इंटरसेप्ट के साथ शेयर किए गए मटेरियल के अनुसार, हिब्रू और अरबी दोनों भाषाओं में विज्ञापनों में फेसबुक और इसकी मूल कंपनी मेटा की नीतियों का उल्लंघन शामिल था। रिपोर्ट में दावा किया गया है, कुछ में सीधे तौर पर फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या का आह्वान करने वाले हिंसक मटेरियल शामिल थे, जैसे फिलिस्तीनियों के लिए नरसंहार और गजान की महिलाओं और बच्चों और बुजुर्गों का सफाया करने की मांग करने वाले विज्ञापन। अन्य पोस्ट में गाजा के बच्चों को भविष्य के आतंकवादी और अरब सूअरों का संदर्भ दिया गया। रिपोर्ट में फिलिस्तीनी सोशल मीडिया रिसर्च और वकालत समूह 7 अमलेह के संस्थापक नदीम नशीफ के हवाले से कहा गया है, इन विज्ञापनों की मंजूरी फिलिस्तीनी लोगों के प्रति मेटा की विफलताओं की सीरीज में लेटेस्ट है। उन्होंने कहा, इस पूरे संकट के दौरान, हमने फिलिस्तीनियों के खिलाफ मेटा के स्पष्ट पूर्वाग्रह और भेदभाव का एक निरंतर पैटर्न देखा है। फेसबुक के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि विज्ञापन गलती से स्वीकृत हो गए थे। रिपोर्ट में प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, हमारे जारी निवेशों के बावजूद, हम जानते हैं कि ऐसे कुछ उदाहरण होंगे जिन्हें हम भूल जाते हैं या हम गलती से हटा देते हैं, क्योंकि मशीनें और लोग दोनों गलतियां करते हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, इसीलिए विज्ञापनों की कई बार समीक्षा की जा सकती है, जिसमें एक बार लाइव होना भी शामिल है। मेटा की नीतियों का उल्लंघन करने वाले विज्ञापनों को प्लेटफ़ॉर्म से हटा दिया गया था। किसी राजनीतिक कार्यकर्ता की हत्या का आह्वान करना फेसबुक के विज्ञापन नियमों का उल्लंघन है।

# पोर्ट ब्लेयर के लिए दैनिक उड़ान शुरू करेगी अकासा एयर




**नई दिल्ली।**

पर्यटन केंद्र और दो प्रमुख महानगरों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए अकासा एयर चेन्नई के माध्यम से बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर के बीच दैनिक उड़ानों को शुरू करेगी। पोर्ट ब्लेयर का उष्णकटिबंधीय द्वीप एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अकासा एयर का प्रवेश देश भर में अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए एयरलाइन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिससे यात्रियों को शहरों के बीच जुड़ने और उड़ान भरने के अधिक विकल्प मिलते हैं। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने कहा, अकासा एयर में हम हवाई यात्रा को सुलभ बनाने का प्रयास करते हैं। अंडमान में परिचालन की शुरुआत नेटवर्क विस्तार में हमारे निरंतर प्रयासों की दिशा में एक और कदम है।

अय्यर ने कहा, पोर्ट ब्लेयर लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करता है और हवाई यात्रा की मजबूत मांग के साथ एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। पोर्ट ब्लेयर को शामिल किया जाना और यात्रियों को बिना बाधा यात्रा विकल्प देना अकासा एयर की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। हमें यकीन है कि हमारी विश्वसनीय सेवा और किफायती किराए अधिक उपभोक्ताओं को द्वीप पर आने और घूमने में सक्षम बनाएंगे।

# एक्स पर फिर से न्यूज हेडलाइंस दिखाएंगे: मस्क

**नई दिल्ली।**

एलन मस्क ने गुरुवार को कहा कि एक्स फिर से न्यूज हेडलाइंस दिखाना शुरू कर देगा, क्योंकि प्लेटफॉर्म ने बेहतर एस्थेटिक्स के लिए पिछले महीने प्रीव्यू में यूआरएल के साथ टाइटल्स दिखाना बंद कर दिया था। एक्स पर एक पोस्ट में, मस्क ने कहा कि अपकमिंग अपडेट में न्यूज आर्टिकल्स के साथ हेडलाइंस वापस आएंगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मालिक ने कहा, अपकमिंग रिलीज में, यूआरएल कार्ड की इमेज के ऊपरी हिस्से में टाइटल को ओवरले किया जाएगा।हालांकि, हेडलाइंस अभी भी इमेज पर छाई रहेंगी। मस्क ने कहा, हर पिक्सेल मायने रखता है। अक्टूबर में बदलाव के बाद, यूजर्स को वास्तव में टाइटल जानने या हेडलाइंस पढ़ने के लिए यूआरएल कार्ड पर क्लिक या टैप करना पड़ता था। यह अपडेट तब आया है जब आईबीएम, एप्पल, डिज्नी, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी, पैरामाउंट और कॉमकास्ट/एनबीसीयूनिवर्सल जैसी कई टॉप कंपनियों ने एक्स पर विज्ञापन रोक दिया, क्योंकि मस्क ने दूर-दराज दृष्टिकोण का समर्थन करना जारी रखा और उन पोस्टों से सहमत हुए जो यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा देते हैं। इसके बाद मस्क ने वाम-झुकाव वाले गैर-लाभकारी मीडिया मैटर्स पर अनुबंध में हस्तक्षेप, व्यापार अपमान और संभावित आर्थिक लाभ में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया। गैर-लाभकारी संस्था ने पिछले सप्ताह एक रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि एक्स एडॉल्फ हिटलर और उनकी नाजी पार्टी का प्रचार करने वाले कंटेंट के पास एप्पल और आईबीएम जैसे प्रमुख ब्रांडों के विज्ञापन दे रहा है। इसके चलते कई हाई-प्रोफाइल ब्रांडों ने एक्स पर अपने विज्ञापन रोक दिए। एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो ने कहा कि वह प्लेटफॉर्म पर सच्चाई और निष्पक्षता के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# धोखाधड़ी के मामले बढ़ने पर बैंकों को साइबर सुरक्षा मजबूत करनी चाहिए : आरबीआई

**मुंबई।**

आरबीआई ने गुरुवार को कहा कि बैंकों को अपने ग्राहकों को धोखाधड़ी और डेटा उल्लंघनों की बढ़ती घटनाओं से बचाने के लिए साइबर सुरक्षा मजबूत करने और साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर राजेश्‍वर राव ने गुरुवार को एफआईबीएसी 2023 सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा कि वित्तीय समावेशन, ग्राहक पहुंच, उत्पाद विकल्प और सुविधा में वृद्धि के साथ बैंकिंग परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, हालांकि, धोखाधड़ी और डेटा लीक की बढ़ती घटनाओं के साथ उपभोक्ता के लिए जोखिम भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बैंक ग्राहकों को आज धोखाधड़ी वाले ऐप्स, गोपनीयता नियम का उल्लंघन और डीपफेक जैसे प्रौद्योगिकी प्रेरित धोखाधड़ी के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। राव ने कहा, यहां तक कि गलत बिक्री भी अब एक डिजिटल अवतार में उभरी है, जिसे डार्क पैटर्न कहा जाता है। डार्क पैटर्न डिज़ाइन इंटरफेस और रणनीति हैं, जिनका उपयोग उपयोगकर्ताओं को वांछित व्यवहार में फंसाने के लिए किया जाता है, जैसे कि तत्काल ऋण के रूप में उच्च लागत वाले अल्पकालिक उपभोक्ता ऋण का लाभ उठाना। हमें कड़ी मेहनत करनी चाहिए, स्मार्ट तरीके से काम करना चाहिए और ग्राहकों को इन खतरों से बचाने के लिए उनके विश्वास को बनाए रखने और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की सुरक्षा का एक प्रमुख तत्व उन्हें एक कुशल, त्वरित और लागत प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करना है।उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राहकों की शिकायतों का समय पर समाधान प्रदान करने के बैंकों के प्रयास प्रौद्योगिकी और उत्पादों में विस्फोट के साथ तालमेल नहीं रख पाए हैं।

## एयर इंडिया पर 10 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित मानकों का अनुपालन नहीं करने के लिए एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि दिल्ली, कोच्चि और बेंगलुरु के हवाई अड्डों पर एयर इंडिया की इकाइयों का निरीक्षण करने के बाद यह पाया गया कि एयरलाइन नागर विमानन प्रावधानों (सीएआर) का ठीक से पालन नहीं कर रही है। इस संदर्भ में एयर इंडिया को तीन नवंबर को नियामक की तरफ से कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था।






## चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग तेजी से विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास में बदला

**बीजिंग।** चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग तेजी से विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास में बदल गया है। चाइना एक्सप्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष कोओ होंगफंग ने कहा कि चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी उद्योग तेजी से विकास से उच्च गुणवत्ता वाले विकास की ओर बढ़ रहा है और चीनी एक्सप्रेस डिलीवरी कंपनियों को आधुनिक लॉजिस्टिक्स कंपनियों और व्यापक लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं में अपने परिवर्तन में तेजी लाने की जरूरत है। पांचवां चीन (हांगचो) अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस उद्योग सम्मेलन 22 नवंबर को पूर्वी चीन के चच्यांग प्रांत के हांगचो शहर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में भाग लेने वालों ने चीन के एक्सप्रेस उद्योग के विकास की प्रवृत्ति के बारे में विश्लेषण किया। इसके साथ, सम्मेलन द्वारा जारी ग्लोबल एक्सप्रेस डिलीवरी डेवलपमेंट रिपोर्ट से पता चला कि चीन का एक्सप्रेस पार्सल व्यवसाय वॉल्यूम वर्ष 2014 के बाद से दुनिया में पहले स्थान पर है। साल 2022 में चीन का एक्सप्रेस पार्सल व्यवसाय वॉल्यूम 1 खरब 10 अरब 58 करोड़ पीस था, जिसमें 10 खरब 56 अरब 67 करोड़ युआन का व्यावसायिक राजस्व था। बताया गया है कि चीन की एक्सप्रेस और पार्सल कंपनियों की ताकत में काफी वृद्धि हुई है। चाइना पोस्ट और एसएफ़ एक्सप्रेस की रैंकिंग दुनिया की शीर्ष 500 कंपनियों में है। चीन का एक्सप्रेस डिलीवरी इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश लगातार बढ़ रहा है और इसकी सेवा क्षमताओं में वृद्धि जारी है।

## गो फर्स्ट को एनसीएलटी से 90 दिन की राहत

**नई दिल्ली।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने गुरुवार को कॉरपोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के तहत वाडिया के स्वामित्व वाली गो फर्स्ट एयरलाइन के लिए रोक को 90 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। एनसीएलटी ने निर्देश दिया कि समाधान योजना को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा किया जाए, जो 4 फरवरी, 2024 को समाप्त होगी। इस 90-दिन की अवधि में समाधान प्रक्रिया को पूरा करने में विफलता के कारण न्यायाधिकरण कंपनी के परिसमापन का आदेश दे देगा। यह फैसला बंद पड़ी एयरलाइन के लिए एक जीत है, क्योंकि मामले में विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी की दलीलें खारिज कर दी गईं। गो फर्स्ट के रेजोल्यूशन प्रोफेशनल ने ट्रिब्यूनल को सूचित किया कि एयरलाइन के लिए एक संभावित बोलीदाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) अब वाहक के लिए अगले कदम पर पुनर्विचार कर रही है।

## ताज होटल के डेटा में लगी सेंध, करीब 15 लाख ग्राहकों की जानकारी खतरे में

नई दिल्ली। रिपोर्ट के अनुसार टाटा के स्वामित्व वाले ताज होटल में हाल ही में हुए डेटा लीक मामले में लगभग 1.5 मिलियन लोगों की निजी जानकारी में सेंध लग गई है।ताज ग्रुप चलाने वाली इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के प्रवक्ता ने कहा, अपराधी, जिसे डैनकुकीज के नाम से जाना जाता है, वह संपूर्ण डेटासेट, पते, सदस्यता आईडी, मोबाइल नंबर और अन्य व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) के लिए 5,000 डॉलर का अनुरोध कर रहा है।हमें किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में अवगत कराया गया है जो सीमित ग्राहक डेटा सेट के कब्जे का दावा कर रहा है जो गैर-संवेदनशील प्रकृति का है। हमारे ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। प्रवक्ता ने कहा, हम इस दावे की जांच कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है। हम अपने सिस्टम की निगरानी करना जारी रखते हैं।हालांकि, दिल्ली पुलिस ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि उन्हें ताज समूह से कोई शिकायत मिली है या नहीं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड पश्चिम बंगाल में करेगी 20,000 करोड़ रुपये का निवेश

**-बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में चेयरमैन मुकेश अंबानी ने की घोषणा**

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में अगले तीन वर्षों में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट के सातवें संस्करण के उद्घाटन सत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में अगले तीन वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और गैर-पारंपरिक ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा। राज्य के सुदूर इलाकों तक जियो टेलीकॉम का नेटवर्क बढ़ाने पर ध्यान केंन्द्रित करने की जानकारी देते हुए अंबानी ने कहा,` कि हम पहले ही पश्चिम बंगाल में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। अगले तीन वर्षों में राज्य में 20,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होगा। उन्होंने बताया कि रिलायंस मार्केट पश्चिम बंगाल के हस्तशिल्प उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन में मदद करेगा, इसके अलावा इन हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन के लिए राज्य में एक नया प्रशिक्षण केंद्र भी खोलेगा। पिछले कुछ वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में हासिल की गई सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि यह साबित करती है कि राज्य नए निवेश के लिए कितना उपयुक्त है। अंबानी ने कहा` कि ममता बनर्जी के गतिशील नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में एक आदर्श निवेश माहौल है।

Reliance
Industries Limited

# दो दिन की तेजी के बाद गुरुवार को लाल हुआ बाजार

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी पर गुरुवार को ब्रेक लग गया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार अंतिम समय में गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स जहां 5.43 अंक गिरकर 66,017 पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 10 अंक की गिरावट लेकर 19,802 पर आ गया।

बता दें कि किसी भी तरह की गतिविधियों के अभाव के बीच गुरुवार को बाजार में बहुत ज्यादा उतार-चढाव देख गया और इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग सपाट बंद हुए। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 5.43 अंक गिरकर 66,017.81 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 66,235.24 के उच्चतम और 65,980.50 के निचले स्तर पर पहुंच गया।

इसतरह निफ्टी-50 भी 9.85 अंक की मामूली गिरावट लेकर 19,802 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 25 के शेयर हरे जबकि शेष 25 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्रा टेक के शेयर में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। साथ ही लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी, इंफोसिस, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयर गिरावट में बंद हुए।

दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, विप्रो, एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर लाभ के साथ बंद हुए।



स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआईएस) ने 306.56 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। स्थानीय कॉरपोरेट्स और बड़े विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की मांग के कारण रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को 0.03 प्रतिशत कमजोर हुआ और 83.35 प्रति डॉलर पर आ गया।

सिप्ला का शेयर निफ्टी में गुरुवार को टॉप लूजर साबित हुआ। अमेरिकी दवा रेगुलेटर की तरफ से एक प्लांट में मैन्युफेक्चरिंग संबंधी नियमों के उल्लंघनों को लेकर चेतावनी पत्र प्रकाशित करने के बाद सिप्ला का शेयर एक दिन में लगभग 8 लुढ़क गया।

# भारत में बनी कार बिकेगी अब जापान में

**- 5 लोग कर सकते हैं शान की सवारी**

**नई दिल्ली ।**

बहुत जल्द होंडा कार्स इंडिया अपनी एक नई एसयूवी का भारत से एक्सपोर्ट शुरू कर सकती है। कंपनी भारत में बनी इन एसयूवी का जापान में एक्सपोर्ट शुरू करेगी। बता दें कि भारत में बनाए जाने वाले होंडा एलिवेट को जापान में डब्ल्यूआर-वी के नाम से लॉन्च किया जाएगा। अगर होंडा डब्ल्यूआर-वी की बात करें तो, इसका पूरा डिजाइन एलिवेट के जैसा है। कार के इंटीरियर में भी पूरी तरह एलिवेट की झलक देखने को मिलती है। हालांकि, जापान बेस्ड डब्ल्यूआर-वी के इंटीरियर को पूरी तरह ब्लैक आउट थीम दिया गया है। इसके अलावा इसमें इंफोटेनमेंट सिस्टम भी नया लगाया गया है। कंपनी इस एसयूवी में 1.5 लीटर (1500सीसी) का नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दे रही है। यह वही इंजन है जिसका इस्तेमाल एलिवेट में किया जा रहा है। यह इंजन सीवीटी गियरबॉक्स से लैस है। डब्ल्यूआर-वी का साइज एलिवेट के समान है और इसे भी 5 सीटर एसयूवी के तौर पर पेश किया गया है। कंपनी का कहना है कि यह रणनीतिक कदम भारतीय परिचालन की विनिर्माण क्षमताओं का एक मजबूत प्रतिबिंब है और देश को होंडा व्यवसाय में एक प्रमुख निर्यात केंद्र बनाने के दृष्टिकोण को भी मजबूत करता है। कंपनी अपने तापुकारा प्लांट से घरेलू और निर्यात आवश्यकताओं को पूरा करने के में सक्षम है। होंडा कार्स इंडिया ने इस साल सितंबर में घरेलू बाजार में एलिवेट को लॉन्च किया था। जापान के बाजार में होंडा एलिवेट जून-जुलाई 2024 में दस्तक दे सकती है। भारत में होंडा एलिवेट की कीमत 11 लाख रुपये से शुरू होकर 16.20 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। यह एसयूवी फॉरवर्ड व्हीलड्राइव फंक्शन के साथ आती है। कंपनी इसे 3 डुअल टोन और 7 मोनोटोन रंगों में बेच रही है। बता दें कि भारत में बनी कारें आज दुनिया भर में बेची जा रही हैं। कई कार कंपनियां भारत में बनी कारों को अलग-अलग देशों में एक्सपोर्ट कर रही हैं। भारत दुनिया भर की ऑटोमोबाइल कंपनियों का मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है।




## रुपया दो पैसे बढ़कर 83.30 प्रति डॉलर

**मुंबई ।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और स्थानीय शेयर बाजारों में बढ़त के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 83.30 पर पहुंचा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के प्रमुख वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले कमजोर होने से विदेशी कोषों की निकासी के बावजूद रुपए की धारणा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.30 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त के है। रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.32 पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.74 पर रहा।





# जीवन चक्र का आधार नाभि

**नाभि समस्त जीवन चक्र का आधार है। इसलिए साधना मार्ग पर जो साधक आते हैं उन्हें कहा जाता है कि वे नाभि चक्र पर अपनी श्वास को केन्द्रित करें।**

जो लोग साधना मार्ग पर आते हैं, उन्हें सिखाया जाता है कि आप श्वास को नाभि से लेना और छोड़ना प्रारंभ करें। अब बड़ी मुश्किल यह है कि चिकित्सा विज्ञान कहता है कि फेफड़े से सांस लो और छोड़ो। चिकित्सा विज्ञान ही नहीं आसन प्राणायाम में भी फेफड़ों से श्वास को लेना और छोड़ना सिखाया जाता है (कुछ प्राणायाम छोड़कर)। फिर साधना मार्ग पर श्वास को नाभि पर केन्द्रित करने का क्या तुक है।

## जोड़ने की कला

जब शिक्षक आपको नाभि पर श्वास को केन्द्रित करने के लिए कहता है तो वह आपको आपके जीवन चक्र के साथ जोड़ने की कला सिखाता है। अब सवाल है कि नाभि चक्र तक श्वास को ले कैसे जाएं? जो जितना उद्विग्न, गुस्सैल और चंचल होता है, उसकी श्वास उतनी ही नाभि के ऊपर चलती है। लेकिन जो जितना सहज, बोधयुक्त और शांत होता है, उसकी श्वास उतनी ही नाभि के पास से चलती है। यह क्रिया अपने आप होती है, आपको कुछ करना नहीं होता है। जब आप शांत होते हैं तो आपको अनुभव होता है कि आपकी श्वास नाभि केन्द्र के आसपास से चल रही है। रात में आप सोते हैं तो श्वास अपने आप नाभि केन्द्र से चलने लगती है।

## तर्क का प्रभाव कम

ऐसा इसलिए होता है कि आपके शरीर पर आपके तर्क और भौतिक विचारों का प्रभाव कम हो जाता है। हमारे अस्तित्व/हमारे मूल और हमारे बीच में जो सबसे बड़ी बाधा है, वह भौतिक विचार ही हैं। हम जितने बनावटी होते हैं, अपने अस्तित्व से उतने ही कटे हुए होते हैं। इसलिए आप अपने सामान्य जीवन में नैसर्गिक रहने की कला विकसित करिए।

## बनावटी जीवन से बचें

ज्यादा बनावटी जीवन जीने से बचिए। थोड़ा बहुत जीना भी पड़े तो सोने से पहले उस बोझ को उतार दीजिए, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो वह बनावटी जीवन धीरे-धीरे आपको खोखला कर देगा। इसलिए पहला काम तो यही कि बनावटी जीवन, बनावटी विचार, झूठे अहंकार इन सबसे तौबा करिए। इनका कोई मतलब नहीं है। आप को लगता है कि आप अपना स्तर उठा रहे हैं, लेकिन हकीकत में आप अपने लिए ही संकट पैदा कर रहे हैं। इसलिए इनसे बचने की कोशिश करिए।

### सकारात्मक प्रभाव

इसका सीधा असर मन पर होगा, जो आपके शरीर पर सकारात्मक रूप से दिखाई देने लगेगा। दूसरा काम, जब कभी मन थोड़ा एकाग्र हो और आप आंख बंद करके कहीं बैठे हों तो अपनी नाभि पर अपने मन को ले जाइये। ऐसा करते हुए सिर से सब प्रकार के बोझ उतारते जाइये। यह दोनों क्रिया एक साथ करिए। नाभि के करीब पहुंचते चले जाएंगे। विचारों के क्रम को हटाते जाइए और नाभि के आसपास मन को केन्द्रित करते जाइये। चार से छह महीने में अच्छी प्रगति होगी। धैर्य के साथ आगे बढ़ते जाइये।

# पारदेश्वर धाम

## शास्त्रों में शिवलिंग की विशिष्ट महिमा वर्णित

पारदेश्वर धाम मंदिर बाहरी दिल्ली क्षेत्र के केशवपुरम सी-3 में स्थित है। मंदिर में 151 किलो पारे का शिवलिंग है। वर्ष 1998 में इसे यहां स्थापित किया गया था। यह उस समय विश्व का पहला पारे का शिवलिंग था। जिसे जगदगुरू शंकराचार्य एवं विशिष्ट वैद्याचार्यो तथा वैदिक विधानों द्वारा शिवलिंग स्थापित किया गया था। इसे न कोई धातु का प्रयोग किया गया और न ही किसी साचें व ढ़ाचें में ढाला गया था। बताया जाता है कि यह शिवलिंग 16 शंकराचार्य ओंकेश्वर धाम पीठाधीश्वर अखिलेश्वरानंद अंगद जी महाराज के देखरेख में जबलपुर के वैद्य सुनील कुमार ने बनाया था। मंदिर के मुख्य पुजारी पं.रामशिवलोचन बताते हैं कि इस शिवलिंग को आयुर्वेदिक पद्धति एवं वैदिक मंत्रों के प्रयोग से ठोस अवस्था में परिवर्तित किया गया। खास बात यह है कि शास्त्रों में पारदेश्वर शिवलिंग की विशिष्ट महिमा वर्णित है।

### मंदिर का इतिहास

इस मंदिर का कोई इतिहास नहीं मिलता है। इसको लेकर केवल मान्यता ही प्रचलित है। सिर्फ इतना कहा जाता है कि 50 साल पहले मंदिर के पास ही एक पार्क था। जिसमें काफी समय पहले से देवी-देवता की मुर्तियों के साथ शिवलिंग भी था। बाद में मंदिर बनने के बाद सभी को यहां स्थापित किया गया। शिवलिंग के प्रति बढते आस्था को देखते हुए पारे का शिवलिंग यहां स्थापित किया गया था। पारदेश्वर शिवलिंग का रूद्राभिषेक प्रतिदिन होता है।

### शिवलिंग के प्रति लोगों की आस्था

ऐसा माना जाता है कि शिवलिंग के दर्शन एंव पूजन से कई करोड़ यज्ञ का फल प्राप्त होता है। पुजारी लक्ष्मण झा बताते हैं कि यहां श्रावण मास में दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु जल लेकर नतमस्तक होते हैं। यहां कई धार्मिक तथा समाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। श्रद्धालु बताते हैं कि इस दरबार में माथा टेकने के बाद कोई खाली हाथ नहीं जाता।

### अदभूत है शिवलिंग का दृश्य

शिवलिंग का अदभूत दृश्य मानों स्वयं ही प्रकृति का छटा बिखेरता नजर आता है।

### ऐसे पहुंचे

पारदेश्वर धाम तक सड़क व मेट्रो के जरिये पहुंचा जा सकता है। केशवपुरम मेट्रो स्टेशन से सी-3 जाना होगा। जो केशवपुरम मेट्रो स्टेशन से 400 मीटर की दूर पर है।

### प्राचीन शिव मंदिर

ग्रेटर नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव में स्थित शिव मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है। मंदिर में दर्शन के लिए प्रत्येक सोमवार को दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं। सावन माह व महाशिव रात्रि पर मंदिर में शिवलिंग का दर्शन करने के लिए पूरे एनसीआर से भक्त आतें हैं।

### मंदिर का इतिहास

मंदिर की स्थापना कब हुई इसका स्पष्ट प्रमाण तो नहीं है। मान्यता है कि मंदिर की स्थापना लंका के राजा रावण के पिता ऋषि विशर्वा ने की थी। बाद में रावण भी यहीं पर पूजा करता था। मंदिर के पुजारी महंत रामदास बताते हैं कि भगवान शंकर से आर्शिवाद प्राप्त करने के लिए रावण ने इसी स्थान पर शिवलिंग के सामने अपना सिर काट कर चढ़ाया था। दशकों पूर्व कुछ लोग शिवलिंग को ले जाने के लिए आए थे। लेकिन वह उसे उठा नहीं पाए। बीस फुट तक खुदाई के बाद पाया गया कि शिवलिंग जमीन में ही धंसता गया है।

### लोगों ने कराया जिर्णोद्धार

दशकों पूर्व मंदिर छोटा सा था। लोगों को जैसे-जैसे मंदिर के इतिहास के बारे में पता चला। चंदा एकत्र कर लोगों ने मंदिर का निर्माण कराया।

### ऐसे पहुंचे मंदिर

नोएडा, ग्रेटर नोएडा व विजय नगर से रोडवेज बस व ऑटो से सीधे मंदिर पहुंचा जा सकता है। मंदिर सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक भक्तों के लिए खुला रहता है।

**इस मंदिर का कोई इतिहास नहीं मिलता है। इसको लेकर केवल मान्यता ही प्रचलित है। सिर्फ इतना कहा जाता है कि 50 साल पहले मंदिर के पास ही एक पार्क था। जिसमें काफी समय पहले से देवी-देवता की मुर्तियों के साथ शिवलिंग भी था। बाद में मंदिर बनने के बाद सभी को यहां स्थापित किया गया। शिवलिंग के प्रति बढते आस्था को देखते हुए पारे का शिवलिंग यहां स्थापित किया गया था।**



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यो से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 3013




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

| 24\15 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3012 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक अभिनेत्री ने ब्यूटी-क्लीनिक की मालकिन से अपने चेहरे के दाग को मिटाने का रेट पूछा.
'पांच सौ रुपये लगेंगे !'
'पांच सौ तो ज्यादा हैं !'
'फिर ?'
'कोई सस्ता तरीका बताइए !'
'सस्ता नहीं मुफ्त का तरीका है.'
'कृपया जल्दी बताइये !'
' घूंघट निकालना शुरू कर दीजिए! आपका काम मुफ्त में बन जायेगा.'


एक आंखों के डाक्टर ने अपने एक सर्जन मित्र को नजर का चश्मा बनाकर दिया. संयोग से उसी दिन आंखों के डाक्टर को उसी सर्जन से अपना ऑपरेशन करवाना पड़ा.

फिर जब वह ऑपरेशन टेबल पर लेट गया तो सर्जन चश्मा लगाकर बोला- 'रेडी ! मैं तैयार हो गया हूं ! अब तुम बताओ कि तुम कहां हो?'

आंखों का डाक्टर तुरन्त मेज से कूद पड़ा.

प्रशंसिका: ''आपके उपन्यास का अंतिम सीन बहुत अच्छा है.''
उपन्यासकार: ''उपन्यास के आरंभ के विषय में आपका क्या विचार है?''
प्रशंसिका: ''मैं उसे अभी पढ़ना शुरू करने वाली हूं.''

## फिल्म वर्ग पहेली- 3013




**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी ऑखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3012



## सूडोकु -3013


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3012 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 3013



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -3012 का हल



# 2025 में पाकिस्तान करेगा चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी, भारत के जाने पर संशय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी की ओर से पाकिस्तान को 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी दी गई है। ऐसे में देखना होगा कि क्या टीम इंडिया पाकिस्तान जाती है या नहीं। क्योंकि पिछले दिनों एशिया कप के लिए बीसीसीआई ने टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद हाइब्रिड मॉडल पर इसका आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट के मुकाबले पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका में खेले गए थे। लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी आईसीसी का आयोजन है। ऐसे में भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जा सकती है। पिछले दिनों वर्ल्ड कप खेलने पाकिस्तान की टीम भारत आई थी। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के मुकाबले का फैंस को जमकर इंतजार रहता है। लेकिन 2012 के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। भारतीय टीम अंतिम बार 2008 में एशिया कप खेलने पाकिस्तान गई थी। विवाद के चलते भारत और पाक के बीच अभी द्विपक्षीय सीरीज की संभावना नहीं दिख रही है।

इसी तरह वनडे क्रिकेट में 50 शतक लगाने दुनिया के एकमात्र बैटर विराट कोहली ने अब तक पाकिस्तान में एक भी इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला है। ऐसे में क्या कोहली कभी पाकिस्तान में इंटरनेशनल मैच नहीं खेले सकेंगे? रोहित शर्मा से लेकर सचिन तेंदुलकर तक को पाकिस्तान में अधिक मैच खेलने का मौका नहीं मिला। पूर्व भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने पाकिस्तान में सिर्फ 23 इंटरनेशनल के मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने 26 पारियों में 39 की औसत से 963 रन बनाए। 3 शतक और 3 अर्धशतक लगाया, नाबाद 194 रन बेस्ट प्रदर्शन रहा। रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को देखें, तो उन्होंने पाकिस्तान में 6 मैच खेले हैं। 29 की औसत से 116 रन बनाए हैं। एक अर्धशतक भी जड़ा है। बतौर भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान में सबसे अधिक 24 इंटरनेशनल मैच पूर्व दिग्गज कप्तान कपिल देव ने खेले हैं।

उन्होंने इस दौरान 3 अर्धशतक के सहारे 644 रन बनाए हैं। 73 रन बेस्ट प्रदर्शन है। 54 विकेट भी झटके। विराट कोहली ने भारत को छोड़कर 11 देशों में मुकाबले खेले हैं। विदेशी धरती पर उन्होंने सबसे अधिक 59 इंटरनेशनल मैच ऑस्ट्रेलिया में खेले हैं। इस दौरान 56 की औसत से 3426 रन बनाए। 11 शतक और 19 अर्धशतक जड़ा। यानी 30 बार 50 से अधिक रन की पारी खेली। 169 रन बेस्ट प्रदर्शन है। इसके अलावा इंग्लैंड में कोहली ने 57 मैच में 2637 रन बनाए हैं।




# सूर्यकुमार की पहली पीसी में पहुंचे सिर्फ 2 पत्रकार, साढ़े तीन मिनट में बात खत्म




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2023 की हार का असर इस कदर व्याप्त है कि भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार से कोई पत्रकार बात तक नहीं करना चाहता है। इसका ताजा उदाहरण टी20 मैच से पहले हुई प्रेस कांफ्रेंस में देखा गया, जब केवल दो पत्रकार उपस्थित हुए और केवल साढ़े तीन मिनिट में बात खत्म हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हमेशा की तरह मैच से एक दिन पहले जिस तरह कप्तान प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, सूर्यकुमार यादव ने भी बुधवार को बतौर कप्तान अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर सूर्या की पहली पीसी में सिर्फ 2 पत्रकार पहुंचे। यही नहीं यह पीसी महज 3 मिनट और 32 सेकेंड में ही खत्म हो गई। इस संबंध में सीनियर खेल पत्रकार विमल कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर हैरान करने वाले इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बारे में पूरी डिटेल शेयर की है। विमल ने लिखा कि जहां वर्ल्ड कप के दौरान भारत में 200 से ज्यादा मीडियाकर्मी पहुंचे वहीं यहां सिर्फ 2 ही पत्रकार पहुंचे थे।

यह हैरान करने वाला वाकया है। सूर्यकुमार यादव ने बतौर कप्तान अपने पहली पीसी में इस तरह की कल्पना नहीं की होगी। क्या यह भारत में किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे कम उपस्थिति का रिकॉर्ड है? मुझे तो ऐसा ही लगता है।' विश्व कप के फाइनल में टीम इंडिया की हार के बाद कहीं ना कहीं लोग भी निराश हैं। लोग भारतीय खिलाड़ियों के फाइनल प्रदर्शन को पचा नहीं पा रहे हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से टीम इंडिया ने लगातार 10 मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंची थी और वहां ऑस्ट्रेलिया के सामने वे इतने कमजोर हो गए, उसे वह कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते। यही वजह है कि लोग भारतीय टीम से बहुत नाराज हैं।

# क्रिस गेल का 44 की उम्र में जलवा बरकरार, बल्ले के हुए 2 टुकड़े, गेंद बाउंड्री पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक ओपनर क्रिस गेल का जलवा 44 की उम्र में भी बरकरार है। गौरतलब है कि गेल इस समय लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेल रहे हैं। गुजरात जॉयंट्स की ओर से खेल रहे गेल के नाम टी20 में सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने का विश्व कीर्तिमान दर्ज है। उन्होंने भीलवाड़ा किंग्स के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में गेल ने एक ऐसा चौका जड़ा, जिसके बाद उनके बल्ले के दो टुकड़े हो गए। इस मैच में गुजरात की जीत से ज्यादा चर्चा गेल के टूटे बल्ले की हो रही है। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्पलेक्स में बुधवार रात खेले गए लीजेंड्स लीग क्रिकेट के चौथे मुकाबले में गुजरात जॉयंट्स ने भीलवाड़ा किंग्स के खिलाफ 3 रन से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में छठे ओवर में इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान बॉटन की एक गेंद पर क्रिस गेल ने करारा प्रहार किया। गेंद दनदनाती हुई बाउंड्री के बाहर 4 रन के लिए चली गई लेकिन इस दौरान गेल का बल्ला टूट गया। हैंडल से बल्ले के दो टुकड़े हो गए।



जानकारी के अनुसार क्रिस गेल ने इस मुकाबले में 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। एक समय गेल 18 गेंदों पर 26 रन बनाकर खेल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदला और साइडबॉटन के खिलाफ 5 गेंदों पर 24 रन ठोक डाले। गेल ने पहले साइडबॉटन की दो गेंदों पर दो छक्के जड़े। इसके बाद लगातार गेंदों पर 3 चौके जड़ दिए। इस ओवर में कुल 25 रन बने। वह 27 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। भीलवाड़ा किंग्स की कप्तानी कर रहे इरफान पठान की टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भीलवाड़ा किंग्स 169 रन ही बना सकी।

# दिल्ली में दिसंबर में होंगे खेलो इंडिया पैरा खेल, कई प्रतिस्पर्धाएं हैं शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुरूआती खेलो इंडिया पैरा खेल 10 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित किये जायेंगे जिसमें 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1350 से ज्यादा एथलीट सात स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में पैरा खेलों के लिए यह टूर्नामेंट 'गेम चेंजर' साबित होगा। अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर अपलोड किये एक वीडियो में कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 10 से 17 दिसंबर तक पहले खेलो इंडिया पैरा खेल नयी दिल्ली में विभिन्न स्थानों में आयोजित किये जायेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के तीन स्टेडियम में कुल सात स्पर्धायें खेली जायेंगी।''

ये सात स्पर्धायें पैरा एथलेटिक्स, पैरा निशानेबाजी, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा भारोत्तोलन हैं। यह प्रतियोगिता साइ के तीन स्टेडियम - आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद निशानेबाजी रेंज और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेली जायेगी। हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के स्टार शीतल देवी, भाविना पटेल, एकता भयान, नीरज यादव, सिंघराज, मनीष, सोनल, राकेश कुमार और सरिता के पैरा खेलों में अपने संबंधित राज्यों का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है।




## पीएम मोदी पैरा तीरंदाजी खिलाड़ियों को दी बधाई, भारतीय प्लेयर्स ने हासिल किया पहला स्थान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारतीय दल के तालिका में शीर्ष पर रहने के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''दल ने चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीतकर चमकदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। ये खिलाड़ी हमेशा हमें इसी तरह गौरवान्वित करते रहें।'' उन्होंने लिखा, ''बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाती चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत। भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन और अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्जकराने के लिए बधाई।'' विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई जिसके दम पर भारत बुधवार को बैंकॉक में एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में नौ पदक जीतकर पदक तालका में दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज को पछाड़कर शीर्ष पर रहा। एक अन्य पोस्ट में मोदी ने वुशु चैम्पियन रोशिबिना देवी, कुशाल कुमार और छवि को हाल में अमेरिका में हुई 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप में पदक जीतने के लिए बधाई दी।

# क्रिकेटर श्रीसंत के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप, केरला पुलिस ने दर्ज किया मामला



मुंबई। केरल में एक व्यक्ति ने क्रिकेटर एस श्रीसंत और दो अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। चूंडा के रहने वाले शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी राजीव कुमार और वेंकटेश किनी ने 25 अप्रैल, 2019 से कई तारीखों पर 18.70 लाख रुपये लिए, ये दावा करके कि वे कर्नाटक के कोल्लूर में एक खेल अकादमी बनाएंगे, जिसमें श्रीसंत उनके एक साथी हैं। अपनी शिकायत में, सरीश गोपालन ने कहा कि अकादमी में भागीदार बनने का अवसर मिलने के बाद उन्होंने पैसे का निवेश किया। श्रीसंत और दो अन्य पर आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में श्रीसंत को तीसरा आरोपी बनाया गया है। साल 2013 में आईपीएल के दौरान राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और उनके दो अन्य साथियों, अजीत चंदीला और अंकित चवाण, को हिरासत में लिया गया। इन सभी को आईपीएल के दौरान स्पॉटफिक्सिंग के आरोप में दोषी पाया गया था। बोर्ड की जांच में सभी आरोप सही पाए गए और श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया। बोर्ड की जांच में सभी आरोप सही पाए गए और श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि, 2015 में दिल्ली की अदालत ने श्रीसंत को सबूत के अभाव में मकोका एक्ट के तहत स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया।

# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी मार्लोन सैमुअल्स पर लगा 6 साल का बैन



वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज मार्लोन सैमुअल्स को आईसीसी ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से 6 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सैमुअल्स को 2019 अबू धाबी टी10 के दौरान भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया गया है। जिस कारण उन पर बैन लगा दिया गया है। सैमुअल्स उस लीग में कर्नाटक टस्कर्स का हिस्सा थे, लेकिन खेले नहीं थे। एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने सैमुअल्स को चार मामलों में दोषी पाया, जिसमें खुद को और खेल को बदनाम करने वाले अहसान स्वीकार करना और जांच अधिकारियों से जानकारी छिपाना शामिल था। सैमुअल्स को 15 साल पहले भी इसी तरह के अपराध के लिए सजान दी गई थी। आईसीसी के एचआर और इंटीग्रिटी यूनिट के प्रमुख एलेक्स मार्शल ने कहा, सैमुअल्स ने करीब दो दशकों तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला, इस दौरान उन्होंने कई एंटी-करप्शन गतिविधियों में हिस्सा लिया और जानते थे कि एंटी-करप्शन कोड के तहत उनके दायित्व क्या थे। हालांकि, वह अब रिटायर हो चुके हैं, जब अपराध किए गए थे तब सैमुअल्स उसके एक भागीदार थे। तब सैमुअल उसके एक भागीदार थे। 6 साल का प्रतिबंध किसी भी नियम तोड़ने का इरादा रखने वाले व्यक्ति के लिए हतोत्साहित करने वाले एक मजबूत कदम वाले एक मजबूत कदम के रूप में काम करेगा।

# पीसीबी के युवा खिलाड़ियों को कोच बनाने पर जावेद मियांदाद भड़के

## –शान मसूद की तुलना में सरफराज अहमद को टीम का कप्तान बनाने की सलाह



**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने पीसीबी को सलाह दी है कि वह अनुभवी खिलाड़ी को टीम का कप्तान बनाएं। उन्होंने कहा कि लगता है कि सरफराज अहमद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए नवनियुक्त शान मसूद की तुलना में बेहतर उपयुक्त थे। मियांदाद ने कराची में मीडिया से कहा कि सरफराज अहमद को न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में शामिल किया जाना चाहिए, बल्कि उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें कप्तान भी बनाया जाना चाहिए था। यह स्पष्ट है कि सरफराज एक अनुभवी क्रिकेटर हैं और उन्होंने पहले भी पाकिस्तान के लिए कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है और अगर उन्हें कप्तान बनाया गया होता तो यह ऑस्ट्रेलिया में टीम के लिए महत्वपूर्ण होता। क्योंकि यह दौरे के लिए एक कठिन जगह है। मुख्य चयनकर्ता के रूप में वहाब रियाज, टीम निदेशक के रूप में मुहम्मद हफीज और गेंदबाजी कोच के रूप में उमर गुल और सईद अजमल की नियुक्ति का जिक्र करते हुए मियांदाद ने कहा कि उन्हें हमेशा लगता था कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोच और खिलाड़ियों के बीच उम्र का अंतर होना चाहिए।

उनका मानना है कि उम्र में अंतर के बिना खिलाड़ियों और कोचों के बीच कोई सम्मान नहीं रहेगा। मियांदाद ने कहा कि मुझे उन खिलाड़ियों को चयनकर्ता, कोच और निदेशक के तौर पर लाने के पीछे कोई तर्क नजर नहीं आता, जो ज्यादातर मौजूदा खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि जो लोग आधुनिक क्रिकेट की एबीसी नहीं जानते, उन्होंने बाबर आजम को तीनों प्रारूपों से कप्तान पद से हटा दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में टीम पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मियांदाद ने बोर्ड की विदेशी कोचों की ओर रुख करने की आदत को भी बकवास बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 2 दशकों में हमारे पास इतने सारे विदेशी कोच रहे हैं और एक क्रिकेट राष्ट्र के रूप में हम कहां खड़े हैं, हम विश्व कप के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सके।

# पाकिस्तानी पूर्व क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक के बिगड़े बोल, आस्ट्रेलिया नहीं क्रिकेट जीता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक का फिर एक विवादित बयान आया है, जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलिया नहीं बल्कि क्रिकेट को जिताया है। वह अक्सर विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहने की आदत है। इस कारण उन्हें कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है, फिर भी वे सुधरने के लिए तैयार नहीं हैं। मशहूर भारतीय एक्ट्रेस 'ऐश्वर्या राय' के खिलाफ विवादित टिप्पणी पर जगहंसाई के बाद माफी मांगने को मजबूर हुए रज्जाक ने अब टीम इंडिया को लेकर विवादित टिप्?पणी की है। वर्ल्डकप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों टीम इंडिया की हार को लेकर रज्जाक ने कहा कि भारत की हार क्रिकेट के लिए अच्छी है। एक पाकिस्तानी टीवी शो में राय रखते हुए रज्जाक बोले, 'सही बात करें तो क्रिकेट जीती है। आप कंडीशन को अपनी तरह यूटलाइज करके, अपनी तरफ कंडीशंस को लेकर, ऐसा कभी नहीं होता। अगर आज इंडिया जीत जाती तो फिर क्रिकेट है वह इंडिया की तरफ हो जाती। क्रिकेट ने बताया कि मैं वो क्रिकेट हूं जो ब्रेव होती है, जो स्ट्रांग होते हैं मेंटली, अफर्ट करते हैं, जान मारते हैं, मैं उनके साथ हूं। ऑस्ट्रेलिया ने यह काम किया। खुशी इस चीज की है कि अगर इंडिया जीत जाती तो हमें बहुत ज्यादा अफसोस होता इस सेंस में कि वो कंडीशन को यूटिलाइज कर रही थी। कुछ न कुछ तो है कंडीशन में, ऐसी कंडीशन नहीं होनी चाहिए। रज्जाक ने कहा कि बिल्कुल फेयर पिच होनी चाहिए, बिल्कुल फेयर माहौल होना चाहिए, दोनों टीमों के लिए बेलेंस होना चाहिए। इंडिया ने एडवांटेज लिया। अगर कोहली 100 कर जाते तो इंडिया ये वर्ल्डकप जीत जाती।' गौरतलब है कि इससे पहले ऐश्वर्या राय को लेकर अपने कमेंट और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'बच्चा बॉलर' बताने के बयान पर रज्जाक को ट्रोल किया जा चुका है। ऐश्वर्या को लेकर उनके बयान की तो शोएब अख्तर, वकार यूनुस और मोहम्मद यूसुफ जैसे पूर्व पाकिस्तानी प्लेयर्स ने भी आलोचना की थी जिसके बाद रज्जाक को माफी मांगने पर मजबूर होना पड़ा था।

# निक्की ने शानदार तस्वीरें शेयर कर फैलाई सनसनी

## –रैसलर जॉन सीना की पूर्व मंगेतर है निक्की



लंदन। मशहूर डब्ल्यूडब्लयूई रैसलर जॉन सीना की पूर्व मंगेतर निक्की बेला ने सोशल मीडिया पर शानदार तस्वीरें शेयर कर सनसनी फैला दी है। निक्की ने फटी नीली जींस पहने एक फोटो शेयर की है। बेला की उक्त फोटो पर जमकर कमेंट आए। जिसमें एक फैंस ने कमेंट किया कि क्या आप शादीशुदा हैं। एक ने लिखा 30 की उम्र पार कर भी आप आग की तरह हैं। बीते दिनों ही निक्की गार्सिया ने एक शो के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि वह और उनके पति एक और बच्चे के लिए प्लानिंग कर सकते हैं। 39 वर्षीय निक्की ने कहा कि मेरे पति आर्टेम एक और चाहते हैं जबकि मैं एक के साथ अच्छी हूं। हालांकि मुझे नहीं पता। हम देखेंगे। दरअसल, कभी-कभी सब कुछ भाग्य पर निर्भर होता है। आप जानते हैं कि मेरी बहन ब्री गार्सिया तब विशेष रूप से बच्चे के लिए प्रयास नहीं कर रही थी जब वह 2019 में अपने दूसरे बच्चे के साथ गर्भवती हो गई थी। निक्की ने कहा कि मैं सोच रही थी कि मेरे पास केवल एक ही होगा। ब्री की अब एक 6 साल की बेटी बर्डी और 3 साल का बेटा बडी है। उन्होंने कहा कि यह कितना अजीब है कि मैं गलती से गर्भवती हो गई। और मेरा यह समय निक्की के साथ मेल खा गया। जब निक्की माटेओ के साथ गर्भवती थी। ब्री ने 1 अगस्त, 2020 को बडी को जन्म दिया था जबकि उसके ठीक एक दिन बाद उसकी बहन और आर्टेम ने माटेओ का स्वागत किया था। एक शो के दौरान उन्होंने बताया था कि कॉलेज लाइफ में उनका दो बार रेप हुआ था। बेला ने कहा कि यह ऐसी उम्र थी जब आप यह तय नहीं कर पाते कि आपके साथ जो हुआ है वो सही या गलत। आप बस तनाव में घिर जाते हैं। कुछ महीने बाद जब मैं कॉलेज जाने लगी तो वहां एक कॉलेज छात्र ने मेरे साथ बलात्कार किया। एक के बाद एक हुई घटनाओं से मैं टूट चुकी थी। मुझे खुद पर शर्म आने लगी थी। लगता था कि पूरे घटनाक्रम की जिम्मेदार मैं ही हूं। इसने मुझे हिम्मत नहीं दी। मैंने अपने साथ हुए इस घटनाक्रम के बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। बता दे कि निक्की अपने पास्ट के बारे में बताते से बिल्कुल भी नहीं झिझकती। निक्की अभी डेटिंग रियालिटी शो ट्विन लव को अपनी बहन ब्री के साथ होस्ट कर रही हैं।

# अगले विश्वकप में नहीं दिखेंगे कई भारतीय खिलाडी

## –उम्र और फिटनेस को लेकर उठ गई हैं चिंताएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व कप में आस्ट्रेलिया के हाथों पराजय मिलने के बाद अब सारी नजरें भारतीय खिलाड़ियों पर टिक गई हैं जिनकी उम्र और फिटनेस को लेकर चिंताएं उठ गई हैं। माना जा रहा है कि यह विश्व कप कई क्रिकेटरों का आखिरी भी हो सकता है। इनमें से कई क्रिकेटर मुश्किल से ही अगले संस्करण में खेल पाएंगे।

2023 विश्व कप में रोहित शर्मा भले ही बल्ले से सफल रहे लेकिन वह अपनी टीम को बतौर कप्तान रहते जीत नहीं दिला पाए। रोहित को 2011 विश्व कप टीम में चुना नहीं गया था लेकिन उन्होंने वापसी की और 2019 में उपकप्तान और 2023 में कप्तान बनकर लौटे। रोहित ने इस विश्व कप में 54.27 की औसत और 125.94 की शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाए। रोहित अभी 36 साल के हैं। रविचंद्रन अश्विन जिन्हें बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के चोट के कारण बाहर होने के बाद भारतीय वनडे विश्व कप 2023 टीम में शामिल किया गया था, को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र मैच में मौका मिला था जिसमें उन्होंने 34 रन देकर एक विकेट लिया था। अश्विन अभी 37 साल के हैं, और यह कहना बिल्कुल सुरक्षित है कि वह 2027 विश्व कप से पहले संन्यास लेने वाले पहले व्यक्ति हो सकते हैं। इस बार शायद उन्हें हमेशा के लिए वनडे टीम से भी बाहर किए जाने की संभावना है।

अश्विन 2011 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। मोहम्मद शमी ने अपनी गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम को अकेले अपने कंधे पर उठाया। उन्होंने टूर्नामेंट को अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त किया और कई रिकॉर्ड तोड़े। वह विश्व कप मंच पर भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। शमी जल्द 37 साल के हो जाएंगे और एक तेज गेंदबाज होने के नाते उनके लिए अगले विश्व कप तक आगे बढ़ना बहुत मुश्किल होगा। रवींद्र जडेजा जिनका 2023 विश्व कप अभियान बल्ले और गेंद दोनों से सफल रहा था का 2027 विश्व कप में शामिल होना मुश्किल लग रहा है। विश्व कप 2023 में अपना अभियान समाप्त करने के लिए जडेजा ने 16 विकेट लिए और बल्ले से 120 रन बनाए।

34 साल की उम्र में उनकी फिटनेस के बारे में कोई संदेह नहीं है, लेकिन भारतीय टीम में आने के लिए तैयार युवाओं को देखते हुए, जडेजा को विश्व कप के अगले संस्करण में अपने लिए जगह नहीं मिल सकती है। विराट कोहली ने विश्व कप में 95.62 की औसत से तीन शतक और छह अर्धशतकों के साथ 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हालांकि, 35 वर्षीय खिलाड़ी वनडे विश्व कप के अगले संस्करण में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि उन्होंने इस टूर्नामेंट में अपना सब कुछ झोंक दिया है। उम्मीद यह भी है कि वह अब टेस्ट फॉर्मेट पर ही फोक्स कर सकते हैं।




# निवेशकों को लुभाने इंग्लैंड करेगा द हंड्रेड में बड़ा बदलाव

लंदन। भारत और अमेरिका के निवेशकों को लुभाने के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अपनी क्रिकेट लीग 'द हंड्रेड का विस्तार करके बड़ा बदलाव करने जा रहा है। ईसीबी उसे 10 टीम का टूर्नामेंट बना सकता है। ब्रिटेन के मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार ईसीबी आगामी वर्षों में हंड्रेड में 2 नई टीम जोड़ने से पहले बैठकों का दौर जारी रखेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह समझा जाता है कि भारत और अमेरिका के खरीदार मौजूदा आठ टीमों में रुचि दिखा रहे हैं। हालांकि दो साल पहले शुरू की गई यह लीग विदेशों में खुद को स्थापित नहीं कर पाई है और रिपोर्ट के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब की हिस्सेदारी लेने में दिलचस्पी दिखा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार अगले पांच वर्षों में हंड्रेड का विस्तार करके इसे 10 टीम का टूर्नामेंट बनाया जा सकता है। इसमें जुड़ने वाली दो नई टीम ब्रिस्टल, टॉटन या डरहम की हो सकती हैं।

## बाल-बाल बचे 142 यात्री : टेकऑफ से पहले स्पाइस जैट के विमान में आई खराबी

### - पटना-बेंगलुरु फ्लाइट की विंग्स होने लगी बंद

पटना । बुधवार को पटना एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां पटना से बेंगलुरु जा रही स्पाइस जैट के विमान एसजी-532 में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। उड़ान के रनवे पर जाने से पहले ही गड़बड़ी का अहसास हुआ, जिसके बाद तत्काल विमान को रोक दिया गया और पैंसेजर्स को उतार लिया गया। इस विमान में 142 यात्री सवार थे। पूरे विमान को खाली कराने के बाद उसकी जांच की गई और 5 घंटे बाद विमान ने उड़ान भरी। स्पाइस जेट के इस विमान को शाम 6 :40 पर उड़ान भरना था, लेकिन खराबी के चलते रात 11 बजे सभी यात्रियों ने बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी। विमान के टेकऑफ से पहले विंग्स के मूवमेंट में दिक्कत आ रही थी इसलिए टेकऑफ कैंसिल करना पड़ा। इसके बाद उड़ान में सवार यात्रियों को उतार कर खराबी ठीक किया गया।

## विश्व प्रदूषण में दिल्ली शीर्षस्थ

नई दिल्ली । दिवाली से पहले हुई बारिश से प्रदूषण में मिली राहत के बाद नई दिल्ली और दिल्ली एनसीआर निवासी बदतर होती वायु प्रदूषण से पीडित है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बताया की गुरुवार सुबह पांच बजे दिल्ली और दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता का स्तर 400 से ऊपर पाया गया। इसके साथ ही आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक 387, आरके पुरम में 416, पंजाबी बाग में 423 और आईटीओ में 344 पाया गया। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में मौसम बदलाव की संभावना व्यक्त की है। बीते दिन बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 220 रहा, जो खराब श्रेणी में गिना जाता है। वहीं मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 279 पर रिकॉर्ड हुआ था। दिनांक 3 से 9 नवंबर के बीच छह दिन एक्यूआइ का लेवल 400 से अधिक रहा। दुनिया भर के लेवल पर देखें तो प्रदूषण के मामले में दिल्ली शहर शीर्ष स्थान पर है। विश्व के सबसे प्रदूषित 110 राष्ट्रों की लिस्ट में भारत देश के तीन शहर दिल्ली,कोलकाता और मुंबई है। स्विस फर्म आईक्यू एयर की लाइव रैंकिंग में राजधानी दिल्ली सबसे पहले नंबर पर है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर रात 1 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा सोमनाथ मंदिर

गिर सोमनाथ। जिले के प्रभास पाटन में प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव के सानिध्य में कार्तिक पूर्णिमा के मेला का शुभारंभ हो गया है। पांच दिन चलनेवाले इस मेले में आनेवाले श्रद्धालु रात 11 बजे तक भगवान सोमनाथ के दर्शन कर सकेंगे। जबकि कार्तिक पूर्णिमा को रात 1 बजे तक भगवान सोमनाथ का मंदिर दर्शनार्थियों के खुला रहेगा। दिवाली के बाद देव उठनी एकादशी के बाद देव देवाली तक गुजरात में कई जगह मेला का आयोजन किया जाता है। ऐसा ही एक मेला गिर सोमनाथ जिले के प्रभास पाटन में भगवान सोमनाथ के सानिध्य में लगता है। 1955 से आयोजित किए जा रहे सोमनाथ के पारंपरिक कार्तिक पूर्णिमा के मेला का गिर सोमनाथ जिले के कलेक्टर ने शुभारंभ कराया। कार्तिक पूर्णिमा के मेला में चतुदर्शी तक श्रद्धालु रात 11 बजे तक भगवान सोमनाथ के दर्शन कर सकेंगे। जबकि कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालु रात 1 बजे तक भगवान सोमनाथ के दर्शन कर सकेंगे। कार्तिक पूर्णिमा की रात भगवान सोमनाथ की महापूजा और महाआरती की जाएगी। माना जाता है कि सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के स्थापक चंद्रदेव कार्तिक पूर्णिमा की मध्य रात्रि को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग शिखर पर ऑआते हैं और अपना शीतल प्रकाश फैलाते हैं, जिसे अमृत वर्षा योग भी कहा जाता है। सोमनाथ का पारंपरिक कार्तिक पूर्णिमा के मेला प्रभास पाटन के त्रिवेणी संगम के निकट गोलोकधाम स्थित हेलिपेड ग्राउंड पर किया गया है। इस मेला में विभिन्न खाद्य स्टॉल, बच्चों के लिए खिलौने और 3डी प्रोजेक्टर शो/चंद्रयान-3, टोराटोरा, ब्रेकडांस जैसी सवारी सहित अन्य बिक्री स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने हैं। पांच दिनों तक चलने वाले मेले में इंडेक्स-सी सेक्शन के हस्तशिल्प और गृह उद्योग, जेल कैदियों के भजिया स्टाल, सेल्फी प्वाइंट, पंचदेव मंदिर, सोमनाथ एट 70 प्रदर्शनी, सूचना विभाग की स्टालों के साथ-साथ हर दिन प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

## 300 रुपये नहीं लौटाने पर नाबालिग को नंगा करके बेल्ट से पीटा, कराई परेड

ठाणे । महाराष्ट के सीएम एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे में एक नाबालिग की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 300 रुपये का कर्ज नहीं चुकाने पर एक नाबालिग को जमकर प्रताड़ित किया गया। उसके कपड़े उतारकर नंगा किया गया और बेल्ट से पिटाई की गई। इतना ही नहीं दबंगो ने 17 साल के लड़के को नंगा करके घुमाया। यह घटना ठाणे के कलवा उपनगर में जामा मस्जिद के पास सार्वजनिक रूप से हुई। बताया जा रहा है कि तौसीफ खानबंदे और सामिल खानबंदे नाम के दो व्यक्ति पास के अन्नपूर्णा बिल्डिंग में नाबालिग लड़के के घर में घुस गए। दोनों ने नाबालिग पर ब्लूटूथ डिवाइस की चोरी का आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने 300 रुपये उधारी वापस करने की मांग की। लड़के ने आरोपों से इनकार किया और पैसे देने से भी इनकार कर दिया, लेकिन वे अड़े रहे। दोनों लड़के उस नाबालिग को पास की मस्जिद की ओर ले गए। वहां उसकी पिटाई की गई जबकि सामिल ने पीछे से घटना का वीडियो बनाया। इसके बाद दोनों ने लड़के को पकड़ लिया और सार्वजनिक स्थान पर उसे पूरी तरह से नग्न कर दिया। इसके बाद मौका पाकर नाबालिग भागने में कामयाब रहा। बाद में, लड़के ने शिकायत दर्ज कराने के लिए कलवा पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया, लेकिन पुलिस ने मामले में केवल एक सामान्य एनसी (गैर-संज्ञेय) अपराध दर्ज किया। देर रात घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.बीनू वर्गीज का ध्यान इस ओर गया। कड़ी नाराजगी जताते हुए, उन्होंने वीडियो को ठाणे पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को भेज दिया और अंततः पुलिस उपायुक्त (जोन- I) गणेश एन. गावड़े के निर्देश पर तुरंत एफआईआर दर्ज की गई।

## सबसे बड़ा शराब कांड जहां हुआ, वहीं फिर बीमार पड़ने लगे लोग

छपरा । बिहार में जिस जगह पर सबसे बड़ा शराब कांड हुआ, उसी जगह एक बार फिर लोग बीमार पड़ने लगे हैं। दरअसल छपरा जिले के मसरख में एक बार फिर बड़े शराब कांड की खबर आ रही है। साल 2022 के दिसंबर महीने में यहां शराब कांड में 38 लोगों की मौत हुई थी। सूत्रों के अनुसार इस कांड में करीब 80 लोगों की जान गयी थी। इसके बावजूद यहां शराब खरीद-बिक्री का सिलसिला नहीं थमा और इस बार फिर लखनपुर गांव में एक साथ दो लोगों के शराब पीकर बीमार होने का मामला सामने आया है। बीमार लोगों में सुरेंद्र राम को गंभीर हालत में पटना रेफर किया गया है, वहीं एक अन्य की हालत गंभीर देखते हुए मसरख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से छपरा रेफर किया गया है। घटना के मध्य नजर प्रभावित इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि उत्पाद विभाग ने किसी अन्य मरीज के नहीं मिलने की बात कही है। दोनों मरीजों ने सिवान के सीमावर्ती इलाके में जाकर कहीं शराब का सेवन किया था। वहां से आने के बात दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी तब परिजन उन्हें स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से उन्हें पटना रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग बीमार लोगों की हालत पर नजर बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने के बाद उत्पाद विभाग की टीम इलाके में सर्वे कर रही है। लेकिन कहीं से किसी अन्य की बीमार होने की सूचना नहीं है। यहां गौरतलब है कि 2022 के दिसंबर महीने में मशरक और आसपास के इलाके में अचानक जहरीली शराब पीने से एक के बाद एक 38 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए शराब के धंधे से जुड़े कई लोगों को गिरफ्तार किया था। लेकिन इसके बावजूद भी यह सिलसिला नहीं रुका। वहां शराब अभी भी बिक रही है जिसका सेवन कर लोग लगातार बीमार हो रहे हैं।

## घुसपैठ की कोशिश में मारे गए 25 आतंकी, जबकि सालभर में 15 जवान हुए शहीद

जम्मू (ईएमएस)। सीमा पार से इस साल जम्मू के तीन जिलों से घुसपैठ की कोशिश करने वाले 25 आतंकवादी मारे गये जबकि 15 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। इस दौरान 22 आम लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि इन इलाकों में सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश की जाती है। जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। बुधवार को शुरू हुई मुठभेड़ में जम्मू के राजोरी इलाके में दो सैन्य अधिकारी समेत सेना के चार कर्मी शामिल हैं, जो राजोरी जिले के बाजीमल इलाके में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में अपनी जान गंवा बैठे।

# 'हलाल' उत्पादों के नाम पर बाजारों का हो रहा 'इस्लामिकरण', गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री से की यह बात



**पटना (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 'हलाल-प्रमाणित' खाद्य उत्पादों पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध की प्रतिध्वनि करते हुए एक साहसिक कदम में, केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इसका पालन करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर अपने मुखर रुख के लिए जाने जाने वाले सिंह का मानना है कि संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए ऐसी वस्तुओं पर प्रतिबंध आवश्यक है। बिहार के मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में, गिरिराज ने आरोप लगाया कि तेल, नमकीन, दवाएँ, मिठाई और सौंदर्य प्रसाधन जैसे हलाल-प्रमाणित खाद्य पदार्थों का व्यवसाय राज्य भर में अनियंत्रित रूप से फल-फूल रहा है, जो भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन है।

मीडिया से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि मुझे लगता है कि 'हलाल' उत्पादों के नाम पर देश के बाजारों का 'इस्लामिकरण' हो रहा है। जजिया टैक्स वसूला जा रहा है...इस पर जांच शुरू करने के लिए मैं योगी सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं...मैंने बिहार के सीएम से कहा कि आपने विधानसभा में बहुत ज्ञान दे दिया, अब इस पर नियंत्रण लगाएं। सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को कुमार को लिखे एक पत्र की एक प्रति भी साझा की, जिसमें उन्होंने उनसे पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से सीख लेने का आग्रह किया है। एक वीडियो बयान में, सिंह ने यह भी कहा कि हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री जजिया कर के समान है जो मध्ययुगीन युग में गैर-मुसलमानों पर लगाया गया था।

केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की पिछली सरकारों ने वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के तहत इसे लागू किया तथा टुकड़े-टुकड़े गैंग ने ऐसे उत्पादों को बिहार के हर कोने में उपलब्ध करा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा करके ऐसे लोग सनातन धर्म को खत्म करने पर तुले हुए हैं तथा हलाल उत्पाद की बेलगाम बिक्री शरिया शासन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इस बीच, बिहार के मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू ने भाजपा पर पलटवार करते हुए उस पर 'बीफ' सेवन जैसे मामले में पाखंड करने का आरोप लगाया। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और एमएलसी नीरज कुमार ने कहा, भाजपा सनातन धर्म की सबसे बड़ी संरक्षक होने का दावा करती है।


## महुआ मोइत्रा की वजह से सभी सांसदों पर लॉगिन को लेकर बढ़ी सख्ती

नई दिल्ली । लोकसभा सचिवालय ने अब सभी सांसदों पर लॉगिन को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़ा रिश्वत लेकर सवाल पूछने का मामला इसकी मुख्य वजह बताया जा रहा है। यह सब लोकसभा में बड़े बदलाव का कारण बन सकता है। कहा जा रहा है कि लोकसभा सचिवालय ने सांसदों के लॉगिन आईडी को लेकर सख्त नियम जारी कर दिए हैं। अब सांसदों के सहायक और सचिव डिजिटल संसद का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। हालांकि, इसे लेकर सचिवालय की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सदन के पोर्टल और उसकी ऐप के पासवर्ड और ओटीपी साझा करने को लेकर सचिवालय सख्त हो गया है। कहा जा रहा है कि सचिवालय ने सांसदों के सचिवों और निजी सहायकों के लिए डिजिटल संसद पोर्टल और ऐप पर एक्सेस ब्लॉक कर दिया है। इसका मतलब है कि अब सांसद के अलावा कोई भी लॉगिन नहीं कर सकेगा।

इसकी सबसे खास बात है कि सचिवालय की इस कार्रवाई के बाद सांसदों को सवाल दाखिल करने, ईमेल देखने और बिल जमा करने लिए खुद ही लॉगिन करना होगा। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब दोनों सदनों का शीतकालीन सत्र शुरू होने में कुछ हफ्तों का समय ही बाकी है। फिलहाल, संसद सत्र की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। हालांकि 1 सितंबर से ही डिजिटल संसद का इस्तेमाल शुरू हो गया था। इसके तहत सदस्यों को सहायकों या सचिवों को उनका अकाउंट इस्तेमाल करने का अधिकार देने की अनुमति थी। सांसद अपने सहायकों या सचिवों का ईमेल आईडी, फोन नंबर देकर उन्हें अकाउंट का एक्सेस दे सकते थे।

# जो संपत्तियां कुर्क कीं वे किसी व्यक्ति की नहीं, अखबार की हैं : खड़गे

### -नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों की कुर्की पर खड़गे बोले, कांग्रेस डरने वाली नहीं



**हैदराबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर जो संपत्तियां कुर्क की गईं वे किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि एक अखबार की हैं। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों की कुर्की से डरने वाली नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस अखबार की 780 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की साजिश रची, जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था। महबूबनगर जिले के आलमपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव अभियान के तहत एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि यह कुर्की तेलंगाना के लोगों को भाजपा और केसीआर का समर्थन करने के लिए उकसाने का भी एक प्रयास था। उन्होंने कहा कि जो संपत्ति जब्त की गई है, वह किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक अखबार की है, जिसे पंडित नेहरू ने आजादी की लड़ाई की आवाज के रूप में तीन भाषाओं में शुरू किया था। उन्होंने इस अखबार के जरिए लोगों में जागरूकता पैदा की। यह लोगों की आवाज थी और पीएम मोदी और अमित शाह ने ऐसे अखबार के खिलाफ साजिश रची है। खड़गे ने कहा कि उन्हें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि वे कांग्रेस की संपत्ति जब्त कर उसे डरा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डरने वाली नहीं है। हम लड़ना जारी रखेंगे और अंत तक लड़ेंगे। हम अंग्रेजों से नहीं डरे थे और हम भाजपा से कभी नहीं डर सकते, जिसने देश के लिए लड़ाई नहीं लड़ी और जिसकी देश की आजादी में कोई भूमिका नहीं थी। तेलंगाना के लोगों से 30 नवंबर के चुनाव में कांग्रेस को सत्ता में लाने की अपील करते हुए खड़गे ने कहा कि कांग्रेस उन लोगों से लड़ रही है, जिन्होंने लोगों की जमीनें छीन ली हैं। उन्होंने कहा, आप तेलंगाना में जिस तरह का विकास चाहते थे, वह नहीं हुआ है, चाहे सड़कें हों, सिंचाई सुविधाएं हों या स्कूल हों। केसीआर अपने फार्म हाउस में बैठते हैं और फैसले लेते हैं। लोगों को ऐसे व्यक्ति को वोट नहीं देना चाहिए जो उनके बीच नहीं जाता हो। खड़गे ने कहा कि तेलंगाना में चुनाव देश के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि कांग्रेस यहां जीतकर पूरे देश में जीत दर्ज करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। कांग्रेस मजबूत होकर उभरेगी और पूरे देश को लाकतंत्र बचाने का संदेश देगी। कांग्रेस नेता ने केसीआर, भाजपा और एमआईएम को तीन दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि केसीआर नागपुर आरएसएस मुख्यालय जाते हैं और कहते हैं कि मोदी मेरे दोस्त हैं। ओवैसी अच्छे दोस्त के रूप में केसीआर की प्रशंसा करते रहते हैं। भाजपा ने दोनों के साथ मिलीभगत की है

## मेरी और मेरे सियासी भविष्य की चिंता न करें मोदी

### -सचिन पायलट ने किया पीएम मोदी पर पलटवार



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए उनके बयान को तथ्यों से परे बताया है। सचिन पायलट ने अपने पिता राजेश पायलट पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिये गए बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए कहा है, कि प्रधानमंत्री का बयान तथ्यों से परे हैं और ऐसे बयान चुनाव में जनता का ध्यान भटकाने के लिए दिए जाते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा था कि 'राजेश पायलट ने एक बार कांग्रेस परिवार को, कांग्रेस की भलाई के लिए चुनौती दी थी, लेकिन यह परिवार ऐसा है कि राजेश को तो सजा दी ही और अब उनके बेटे (सचिन पायलट) को भी सजा देने में लगे हुए हैं।' पीएम मोदी के इस बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, कि मेरे दिवंगत पिता ने 1998 में शरद पवार के साथ मिलकर सीताराम केसरी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा था। उस वक्त श्रीमती सोनिया गांधी सक्रिय राजनीति में नहीं थीं। केसरी ने वह चुनाव जीता और बाद में पवार और मेरे पिता दोनों को कार्य समिति में नामांकित भी किया गया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ लोकतांत्रिक संगठन और राजनीतिक दल को ऐसे ही काम करना चाहिए। इसके साथ ही सचिन पायलट ने अपने संबंध में कहा कि जहां तक मेरा सवाल है, मुझे तो बहुत कम उम्र में ही संसद सदस्य बनने का मौका दिया गया। मैंने कई वर्षों तक केंद्र सरकार और राज्य स्तर पर अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं। ऐसे में सचिन ने कहा कि किसी को भी उनकी और उनके राजनीतिक कैरियर की चिंता नहीं करनी चाहिए। मुझे अपनी पार्टी और उससे जुड़े लोगों की चिंता है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वो भी मेरे भविष्य का अच्छे से ख्याल रखेंगे।

टोंक निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि उनके पिता इंदिरा गांधी से प्रेरणा लेकर कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने जीवनपर्यंत तक जनता की सेवा की और सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ वो लगातार लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि दशकों से गांधी परिवार से हमारे संबंध है। कांग्रेस के साथ तो है ही और यह रिश्ता दिल का है, यह रिश्ता पुराना है और मुझे लगता है कि इसमें किसी और को बहुत ज्यादा बयान देने की आवश्यकता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा बैकफुट पर आ चुकी है, इसलिए इस तरह के ध्यान भटकाने वाले बयान दे रही है।

## फिर विवादों में फंसे स्वामी प्रसाद मौर्य, अब रामायण, महाभारत के किरदारों पर उठाए सवाल

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर धार्मिक टिप्पणी कर विवाद पैदा कर दिया है। हिंदु धर्म ग्रंथों से खुन्नस खाकर राजनीति में खुद के पांव जमाने की कोशिश करने में लगे मौर्य ने कहा है कि बच्चों को सीता, द्रोपदी और शूर्पणखा जैसी महिलाओं की दुर्दशा का पढ़ाने से बेहतर है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को पढ़ाया जाए। बता दें कि मौर्य ने बयान जारी कर पाठ्यपुस्तकों में रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों को शामिल करने के संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 7 सदस्यीय समिति की सिफारिशों की निंदा की है। जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर स्वामी ने कहा, क्या एनसीईआरटी और सरकार पाठ्यक्रम में रामायण और महाभारत को शामिल करके सीता, शूर्पणखा और द्रौपदी जैसी महान महिलाओं की दुर्दशा को बढ़ावा देना चाहते हैं? जबकि सीता को अग्नि परीक्षा से गुज़रने के बाद भी पीड़ा झेलनी पड़ी, शूर्पणखा ने विवाह प्रस्ताव के बाद अपने नाक और कान कटवा लिए और द्रौपदी को निर्वस्त्र और अपमानित किया गया।

## मायावती ने जताई उम्मीद, राज्य में सत्ता में आएगी बसपा



**हैदराबाद (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उम्मीद जताई कि बसपा राज्य में सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि हमने किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं किया है। इस बार चुनाव परिणाम आश्चर्यजनक होंगे। उन्होंने लोगों से विभिन्न पार्टियों के झूठे वादों से गुमराह नहीं होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ और विपक्षी दल वादे करते हैं, लेकिन निर्वाचित होने के बाद ज्यादातर उन्हें भूल जाते हैं और लोग अब ऐसे वादों पर विश्वास नहीं करते हैं। मायावती ने कहा कि बसपा अपना घोषणा पत्र इसलिए जारी नहीं करती क्योंकि वह सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि काम करने में विश्वास रखती है। बसपा अकेले ही भाजपा और कांग्रेस दोनों से लड़ रही है। उन्होंने लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए तेलंगाना की सत्तारूढ़ पार्टी बीआरएस की भी आलोचना की। सूर्यापेट में बसपा उम्मीदवार वट्टे जन्नय्या पर हमले की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि कानून लागू करने में विफल राज्य सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। मायावती ने कहा कि देश में दलित, आदिवासी, अन्य कमजोर वर्ग, मुस्लिम, अन्य अल्पसंख्यक, मजदूर और किसान अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

## 'पनौती', 'जेबकतरे' पर फंसे राहुल गांधी, चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस, शनिवार तक मांगा जवाब



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** चुनाव आयोग (ईसी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने वाली उनकी हालिया टिप्पणी के लिए गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। नोटिस विशेष रूप से गांधी द्वारा अपने भाषणों के दौरान 'पनौती' (अपशकुन), 'जेबकतरे' जैसे शब्दों के इस्तेमाल और ऋण माफी से संबंधित टिप्पणियों के लिए भेजा गया है। चुनाव आयोग ने गांधी को शनिवार शाम तक जवाब देने का निर्देश दिया है। यह घटनाक्रम सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज कराई गई एक शिकायत के जवाब में आया है, जिसमें पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की गई थी। भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए 'अशोभनीय' थी।

इस बीच, पीएम मोदी पर निशाना साधने वाली अपनी टिप्पणी पर राहुल गांधी को चुनाव आयोग के नोटिस के जवाब में, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किसी भी औपचारिक संचार को संबोधित करने के लिए पार्टी की तत्परता की पुष्टि की है। खड़गे ने कहा, 'हमारे पास आने वाले किसी भी नोटिस का हम सामना करेंगे,' यह पूर्व पार्टी अध्यक्ष द्वारा की गई टिप्पणियों पर चुनाव आयोग की जांच में सहयोग करने की कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नोटिस में चुनाव आयोग ने गांधी को आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की याद दिलाते हुए इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक नेताओं को अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से प्रतिबंधित किया गया है।

चुनाव आयोग का हस्तक्षेप राजनीतिक चर्चा में मर्यादा बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि नेता नैतिक मानकों का खासकर चुनाव प्रचार के दौरान पालन करें। चुनावी राज्य राजस्थान में हाल की रैलियों के दौरान राहुल गांधी द्वारा 'पनौती' और 'जेबकतरे' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जिससे राज्य के राजनीतिक माहौल में विवाद बढ़ गया है। कारण बताओ नोटिस गांधी को चुनाव आयोग के समक्ष अपने बयानों के इरादे और संदर्भ को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान करता है। शनिवार शाम तक आने वाली प्रतिक्रिया से इस बात पर प्रकाश पड़ने की उम्मीद है कि क्या गांधी की टिप्पणियां किसी विशिष्ट उद्देश्य से की गई थीं या वे एक बड़ी राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा थीं।

# म्यांमार से लगी मणिपुर की 400 किमी सीमा पर लगातार हो रही कड़ी चौकसी

### -सीएम बीरेन सिंह ने मीडिया से बातचीत में किया खुलासा, स्थिति पर रख रहे नजर

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के सीएम एन. बीरेन सिंह ने कहा कि म्यांमार में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर पड़ोसी देश के साथ राज्य की लगभग 400 किलोमीटर की सीमा पर सुरक्षा तगड़ी कर दी गई है। सीएम ने मीडियाकर्मियों से कहा, म्यांमार में मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमने सीमा पर बड़ी संख्या में अपनी सेना तैनात की है। न केवल असम राइफल्स बल्कि राज्य सुरक्षा बल, बीएसएफ, सीआरपीएफ को तैनात किया गया है। हम स्थिति पर सख्ती से और बारीकी से नजर रख रहे हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री की टिप्पणी चिन नेशनल ऑर्गनाइजेशन (सीएनओ) की सशस्त्र शाखा चिन नेशनल डिफेंस फोर्स (सीएनडीएफ) द्वारा चिन राज्य में उनके शिविरों पर कब्जा करने के बाद 74 म्यांमार सैनिकों के भारतीय क्षेत्र में भाग जाने के बाद आई है। बता दें कि म्यांमार के सैनिकों को मिजोरम पुलिस ने चम्फाई जिले में पकड़ लिया और असम राइफल्स को सौंप दिया। भारतीय बलों ने सभी 74 सैनिकों को पड़ोसी देश तमू (मणिपुर में मोरेह सीमा के सामने) में म्यांमार सेना के अधिकारियों को सौंप दिया। सैनिकों के अलावा, महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 1,400 म्यांमारियों ने पिछले हफ्ते म्यांमार के तातमाडॉ (सैन्य) और सीएनडीएफ कैडरों के बीच गोलीबारी के बाद मिजोरम के चम्फाई जिले में शरण ली थी।

सीएम ने राज्य में स्थिति सामान्य होने का दावा करते हुए कहा कि कुछ तत्व गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा विस्थापित लोगों के लिए पूर्वनिर्मित अस्थायी घरों को नष्ट करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब हमने सुरक्षा प्रदान की है और पूर्वनिर्मित घरों का पुनर्निर्माण फिर से शुरू किया जाएगा। पिछले एक या दो महीनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य स्थिति बहाल हो गई है। हम इन कृत्यों की निंदा करते हैं। हमें मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।



बता दें कि सोमवार को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक सुरक्षाकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। जनजातीय एकता समिति (सीओटीयू), सदर हिल्स द्वारा कांगपोकपी जिले में लगाया गया 48 घंटे का पूर्ण बंद बुधवार को समाप्त हो गया, जबकि इंफाल-दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) और इंफाल-जिरीबाम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर आर्थिक नाकेबंदी अभी भी जारी है। ये दो महत्वपूर्ण राजमार्ग मणिपुर की जीवन रेखाएं हैं।स्वयंसेवकों को विभिन्न स्थानों पर पूर्ण बंद का पालन कराते हुए देखा गया। हालांकि, किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है।.प्रदर्शनकारियों ने घटना की सीबीआई जांच की मांग है।

## अमेरिका-कनाडा ब्रिज पर हुआ कार में विस्फोट, दो की मौके पर ही मौत

टोरंटो। अमेरिका-कनाडा को जोड़ने वाले ब्रिज पर कार में विस्फोट हुआ है, इस विस्फोट में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक विस्फोट के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने क्षेत्र में चार अमेरिका-कनाडा बॉर्डर क्रॉसिंग को बंद कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट में मरने वालों की राष्ट्रीयता अभी तक साफ नहीं हो सकी है। ब्रिज पर वाहन में विस्फोट होने के साथ ही दोनों देशों के बीच आवागमन स्थगित कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूयॉर्क के नियाग्रा फॉल्स के पास वाहन में विस्फोट के बाद रेनबो ब्रिज को बंद करना पड़ा। फिलहाल एफबीआई आतंकवादी हमले के एंगल से इस मामले की जांच कर रही है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने एक बयान में कहा कि स्थिति बहुत अस्थिर है। एफबीआई इस जांच में स्थानीय, राज्य और संघीय एजेंसियों का साथ ले रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने क्षेत्र में चार अमेरिका-कनाडा बॉर्डर क्रॉसिंग को बंद कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट में मरने वालों की राष्ट्रीयता अभी तक साफ नहीं हो सकी है। इस संबंध में अमेरिका के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कार अमेरिका की ओर से आ रही थी। बॉर्डर क्रॉसिंग पर सीमा शुल्क स्टेशन से टकराने के बाद वाहन में भयंकर विस्फोट हो गया। यह विस्फोट रेनबो ब्रिज के अमेरिकी हिस्से पर हुआ, जो नियाग्रा नदी पर बना है और दोनों देशों को जोड़ता है। इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर पश्चिमी न्यूयॉर्क और ओंटारियो के बीच तीन अन्य ब्रिज को तुरंत बंद कर दिया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने बफेलो-नियाग्रा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सभी कारों की जांच शुरू कर दी और यात्रियों से जांच में सहयोग करने की अपील की गई है। दुर्घटना के साक्षी स्थानीय लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर विस्फोट की तस्वीरें और वीडियो साझा किए गए हैं। जिसमें फुटपाथ पर घना धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। एक चश्मदीद ने कहा कि कार में विस्फोट के बाद 30 या 40 फीट ऊंचा आग का गोला ऊपर बन गया था। उन्होंने कभी ऐसा दृश्य नहीं देखा। एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि वह और उसका दोस्त ब्रिज के पास थे और उन्होंने कुछ टूटने की आवाज सुनी। इसके बाद आग और काला धुआं आसमान में उठता दिखाई दिया।

## अब रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप से जूझ रहा चीन, स्कूल बंद

बीजिंग। कोरोना के प्रकोप से चीन पूरी तरह उबरा भी नहीं था कि रहस्यमयी निमोनिया का प्रकोप फैल गया है। जिसके कारण चीन पर बड़ा खतरा मंडराने लगा है। बढ़ते बीमारी के प्रकोप के कारण यहां स्कूल कालेज बंद कर दिए गए है। चीन सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। कोरोना महामारी के प्रभाव से जूझ रहे चीन में अब नई बीमारी ने व्यापक स्तर पर दस्तक दे दी है। चीन के स्कूलों में एक और बीमारी पूरे देश में तेजी से फैल रही है। यहां के स्कूलों में रहस्यमयी निमोनिया का प्रकोप बढ़ रहा है, यह चिंताजनक स्थिति कोविड संकट के शुरुआती दिनों की याद दिला रही है। 500 मील उत्तर-पूर्व में बीजिंग और लियाओनिंग के अस्पतालों में बड़ी संख्या में बच्चे भर्ती हो रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप के चलते ज्यादातर स्कूल बंद हैं। इस रहस्यमयी निमोनिया से प्रभावित बच्चों के फेफड़ों में सूजन और तेज बुखार सहित असामान्य लक्षण नजर आ रहे हैं। हालांकि उन बच्चों में खांसी और फ्लू, आरएसवी और सांस की बीमारी से संबंधित अन्य दूसरे लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं। ओपन-एक्सेस सर्विलांस प्लेटफॉर्म प्रोमेड ने मंगलवार को खासतौर से बच्चों को प्रभावित करने वाली बिना डायग्नोज हुए निमोनिया की उभरती महामारी के बारे में चेतावनी जारी की है। प्रोमेड ने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं है कि यह प्रकोप कब शुरू हुआ, क्योंकि इतने सारे बच्चों का जल्दी प्रभावित होना सामान्य बात नहीं है।' इसके अलावा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि क्या यह एक और महामारी हो सकती है। लेकिन हमें अभी भी सावधानी बरतनी चाहिए। ताइवानी आउटलेट एफटीवी न्यूज ने बताया कि नए प्रकोप के चलते अस्पतालों में बीमार बच्चों की बहुत अधिक संख्या है। इसमें कहा गया है कि 'माता-पिता ने सवाल किया कि क्या अधिकारी महामारी को छुपा रहे थे।' लेकिन संदेह है कि नया प्रकोप माइकोप्लाज्मा निमोनिया से संबंधित हो सकता है, जिसे वॉकिंग निमोनिया के रूप में भी जाना जाता है, जो कथित तौर पर चीन में बढ़ रहा है।

## हॉलीवुड अभिनेता फॉक्स पर फिर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

लंदन। हॉलीवुड अभिनेता जेमी फॉक्स नई मुसीबत में फंस चुके हैं। दरअसल, अभिनेता के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में अदालत में जानकारी दाखिल की गई। ऑस्कर विजेता जेमी फॉक्स पर कथित तौर पर 2015 में एक महिला का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। महिला ने अभिनेता के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। अदालती दस्तावेजों में महिला की पहचान नहीं जाहिर की गई है। कथित तौर पर महिला ने आरोप लगाया कि फॉक्स ने अगस्त 2015 में न्यूयॉर्क शहर में कैच रेस्तरां की छत पर उनके साथ मारपीट की। फॉक्स ने उन्हें एकांत में कोने में ले जाने के बाद जानबूझकर उनकी अनुमति के बिना उनके निजी अंग को छुआ और उनके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। मुकदमे में कहा गया है कि एक सुरक्षा गार्ड ने छेड़छाड़ होते देखी, लेकिन गार्ड ने हस्तक्षेप नहीं किया। जब महिला की दोस्त ने देखा तब वह उन्हें बचाने के लिए आई और फॉक्स वहां से चले गए। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि हमले के बाद महिला को इलाज के लिए अस्पताल भी जाना पड़ा। महिला ने दर्द, पीड़ा, भावनात्मक संकट, चिंता और अपमान के लिए मुआवजे की मांग की है। यह पहली बार नहीं है, जब जेमी फॉक्स पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। 2018 में मीटू मूवमेंट के दौरान एक महिला ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। यह घटना 2002 में हुई थी, जब एक महिला ने दावा किया था कि वह भी यौन उत्पीड़न की शिकार हुई थीं। हालांकि, अभिनेता ने इन आरोपों से इंकार किया था।



## गाजा में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 14,500 से अधिक हुई

गाजा। गाजा पट्टी में सात अक्टूबर से जारी युद्ध में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या 14,500 से अधिक हो गई है। गाजा के सूचना केंद्र ने कहा, मरने वालों की संख्या 14,532 तक पहुंच गई है। इसमें 6,000 बच्चे शामिल हैं। वहीं इस दौरान हुए हमलों में 35,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इज़रायल और हमास ने बुधवार को लड़ाई में चार दिवसीय मानवीय विराम पर सहमति व्यक्त की। इसके गुरुवार सुबह से प्रभावी होने की उम्मीद है। अस्थायी संघर्ष विराम के हिस्से के रूप में, इज़रायल 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। बदले में हमास 50 इजरायली बंधकों को छोड़ेगा।

## स्पेन में ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, हजारों ट्रेनें रद्द

मैड्रिड। स्पेन में ट्रेड यूनियनों के हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर राष्ट्रीय रेल नेटवर्क रेनफे ने 1,548 मध्यम और लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द किया है। श्रमिकों के अधिकारों की गारंटी की मांग को लेकर स्थानीय ट्रेड यूनियनों ने 24 और 30 नवंबर तथा 01, 04 और 05 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल में 15,000 श्रमिकों के शामिल होने की उम्मीद है। रेनफे ने ट्रेनों के रद्द किये जाने से प्रभावित यात्रियों को यथासंभव शेड्यूल पर रहने वाली अन्य ट्रेनों के लिए अपने टिकटों का आदान-प्रदान करने की पेशकश की है। यात्री अपना टिकट निःशुल्क रद्द या दूसरी तारीख के लिए बदल भी सकेंगे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने मंगलवार को अपना पदभार संभाला है।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी : दक्षिण कोरिया

सियोल। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, जो संभवतः अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रही। दक्षिण कोरिया के 'जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से वह मिसाइल दागी गई। दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया की मिसाइल संभवतः लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रही। इससे एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने एक खुफिया मिसाइल दागी थी।




इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों के शवों को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में दफनाने के लिए गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल से ले जाने के बाद एक सामूहिक कब्र में दफनाया गया।

## चीन की रहस्यमयी बीमारी के बारे में डब्ल्यूएचओ ने मांगी जानकारी



वाशिंगटन। चीन के द्वारा बताया गया था कि उनके यहां ज्यादातर बच्चों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी फैल रही है। इस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)ने बीजिंग से रहस्यमयी बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने को कहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा वक्त में चीन के ज्यादातर अस्पतालों में इस बीमारी से पीड़ित बच्चों का इलाज हो रहा है। गौरतलब है कि पिछले दिनों चीन से यह खबर आई थी कि चीन में बच्चों में एक अलग तरह की बीमारी हो रही है। इसमें कहा गया कि बच्चे एक रहस्यमयी निमोनिया जैसी बीमारी की वजह से इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने इस बीमारी के लिए कोविड-19 प्रतिबंध में ढील देने को जिम्मेदार ठहराया और इसकी ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने को कहा है। चीन का कहना है कि उनके यहां ज्यादातर बच्चों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी फैली है। इसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीजिंग से इस रहस्यमयी बीमारी के बारे में ज्यादा जानकारी मांगी है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के चीनी अधिकारियों ने 12 नवंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांस संबंधी बीमारियों में इजाफे की जानकारी दी थी। डब्ल्यूएचओ ने बीमार हुए बच्चों में इन्फ्लूएंजा, एसएआरएस-सीओवी-2, माइकोप्लाज्मा निमोनिया को लेकर अतिरिक्त जानकारी मांगी है। चिंता जाहिर की जा रही है कि चीन में बच्चों के बीमार होने की हालिया घटनाएं कोविड जैसे लक्षणों को दोहराती दिख रही हैं।

# बाल-बाल बचा खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की एक बार फिर जान बच गई है। अमेरिकी अधिकारी इन इस मामले में जानकारी देते हुए कहा है कि पन्नू को देश की धरती पर मारने की एक साजिश को नाकाम कर दिया है। इस मामले से संबंधित एक अमेरिकी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने इस संबंध में नई दिल्ली के समक्ष चिंता जताई है कि संभवतः भारत सरकार को इस साजिश की जानकारी हो सकती है। यह अधिकारी इस संवेदनशील मामले पर टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं है। अधिकारी ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि अमेरिकी अधिकारियों को साजिश के बारे में कब और कैसे पता चला तथा साथ ही कथित हत्या के प्रयास को कैसे विफल किया गया। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) इस मामले की जांच कर रही है।

एफबीआई और न्याय विभाग के प्रवक्ताओं ने बुधवार को इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हत्या की इस साजिश को विफल करने की जानकारी मीडिया में आई, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका ने कथित साजिश के बारे में अपने कुछ सहयोगियों को सूचित किया है। उप्रेस से बात करने वाले अधिकारी ने कहा कि इस साजिश को लेकर अमेरिकी अधिकारियों ने भारत सरकार के उच्चतम स्तर पर चिंता जताई है और नई दिल्ली में अधिकारियों ने संकेत दिया कि वे मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा, 'हम इस मुद्दे को अत्यंत गंभीरता से ले रहे हैं, और इसे अमेरिकी सरकार ने भारत सरकार के समक्ष उठाया है। हमारे भारतीय समकक्षों ने इसे लेकर आश्चर्य और चिंता व्यक्त की है।'

खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू का जन्म अमृतसर जिले के खानकोट गांव में हुआ है। उसके पिता पंजाब स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड में कर्मचारी थे। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से लॉ डिग्री हासिल करने वाला पन्नू, सिख फॉर जस्टिस का कानूनी प्रवक्ता और प्रवक्ता भी है। कनाडा के अलावा उसके पास अमेरिका की नागरिकता भी है। भारत छोड़कर विदेश जाने वाले पन्नू ने वहां कुछ समय बतौर ड्राइवर काम किया और फिर वकालत शुरू कर दी। उसके हिंसक इरादों को इस बात से ही समझा जा सकता है कि जुलाई 2023 में एक वीडियो जारी करके उसने उत्तरी अमेरिका और यूरोप में भारतीय राजनयिकों की हत्या के आह्वान वाले पोस्टरों की ज़िम्मेदारी ली थी। भारत सरकार ने साल 2020 में पन्नू को आतंकी घोषित कर दिया था और उसकी कृषि भूमि को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत कुर्क कर लिया था।

## बराक ओबामा के पूर्व सलाहकार का इस्लामोफोबिक कमेंट

वॉशिंगटन। बराक ओबामा के पूर्व प्रशासनिक सलाहकार स्टुअर्ट सेल्डोवित्ज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें न्यूयॉर्क में एक दुकानदार को इस्लामोफोबिक गाली देते हुए देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार वह दुकानदार को आतंकवादी कह रहे हैं, साथ ही उन्होंने फिलिस्तीन विरोधी टिप्पणी भी की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक वायरल वीडियो में सेल्डोवित्ज को न्यूयॉर्क शहर के एक दुकानदार को परेशान करते हुए, उस पर फिलिस्तीन विरोधी टिप्पणी और गाली-गलौज करते देखा गया। सेल्डोवित्ज ने यह भी कहा कि 4,000 फिलिस्तीनी बच्चों का मरना पर्याप्त नहीं है। फुटेज को कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक छात्र द्वारा एक्स पर साझा किया गया था। तब से सेल्डोवित्ज द्वारा इसी तरह की टिप्पणी करने का दूसरा वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। कथित तौर पर सेल्डोवित्ज ने अपने गोथम सरकार रिलेशंस बायो के अनुसार ओबामा प्रशासन के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद दक्षिण एशिया निदेशालय के लिए कार्यवाहक निदेशक के रूप में कार्य किया।

## शुक्रवार तक नहीं होगा युद्धविराम, हमास से समझौते के बाद इजरायल का एलान

**तेल अवीव (एजेंसी)।** हमास से समझौते के तहत शुक्रवार तक युद्धविराम नहीं होगा। यह बात इजरायल ने कही है। हालांकि समझौते को मंजूरी दे दी गई है, लेकिन शुक्रवार को बंदियों की रिहाई के दौरान ही युद्धविराम होगा।

बता दें कि हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों में बच्चे और महिलाएं होंगी। वहीं इजरायल द्वारा रिहा किए जाने वाले कैदियों में भी महिलाएं और 18 साल से कम के किशोर शामिल होंगे। इजराइल के अधिकारियों का कहना है कि हमास से समझौते के तहत शुक्रवार से पहले किसी बंधक की रिहाई नहीं होगी और शुक्रवार तक युद्धविराम भी नहीं होगा। हमास के साथ हुए समझौते को इजराइल की सरकार ने भी मंजूरी दे दी है, जिसके बाद बंधकों की रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जाची हानेगबी ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई शुक्रवार से पहले नहीं होगी। गौरतलब है कि इस्राइल हमास के बीच हुए समझौते के तहत गाजा में चार दिनों तक युद्धविराम होगा और इसके बदले में हमास इजराइल के कम से कम 50 बंधकों को रिहा करेगा।

वहीं बदले में इजराइल को कम से कम 150 फलस्तीनी कैदियों को भी रिहा करना पड़ेगा। इसके साथ ही इजराइल गाजा में मानवीय मदद भेजने की भी अनुमति मिलेगी। इजराइल हमास के बीच हुए समझौते के तहत इस्राइल जिन कुल 300 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, उनमें किशोर कैदी भी शामिल हैं। रिहा किए जा रहे कैदियों में एक कैदी 14 साल का अबुदा हसन गैत भी शामिल है। अबुदा हसन को मई में इजराइल के एक पुलिसकर्मी पर हमले और पथराव के आरोप में हिरासत में लिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइल द्वारा समझौते के तहत जिन 300 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा, उनमें 33 महिलाएं 123 किशोर (18 साल से कम वाले) और 144 18 साल से ज्यादा उम्र वाले युवक शामिल हैं।

# भारत का चीन पर परोक्ष रूप से हमला

### - खतरों के प्रति सतर्क रहने की दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषण पर काम करना चाहिए तथा अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के प्रति सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में दूत आर मधुसूदन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखना - सामान्य विकास के माध्यम से स्थायी शांति को बढ़ावा देना नामक विषय पर आयोजित एक खुली बहस में कहा कि यदि संसाधनों की कमी बनी रही तो विकास एक दूर का सपना है। इसलिए भारत ने जी20 की अपनी मौजूदा अध्यक्षता सहित विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के सुधार की दिशा में काम किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 15 सदस्यीय समिति की यह बैठक चीन की इस महीने की अध्यक्षता में हुई। मधुसूदन ने आगे कहा कि जैसा कि बैठक के अवधारणा पत्र से पता चलता है। हमें पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषणर काम करना चाहिए और अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के संबंध में सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक दृष्टिकोण में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के तीन स्तंभों- शांति एवं सुरक्षा, विकास और मानवाधिकारों की परस्पर निर्भरता को शामिल किया जाना चाहिए।

# इस्लाम विरोधी गीर्ट वाइल्डर्स बन सकते हैं नीदरलैंड के पीएम, एग्जिट पोल्स का अनुमान

**हेग (एजेंसी)।** एग्जिट पोल्स की मानें तो इस्लाम विरोधी गीर्ट वाइल्डर्स नीदरलैंड के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। एग्जिट पोल्स के अनुमान में वह भारी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। जानकार बता रहे हैं कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार नीदरलैंड में इतना बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। इसका असर पूरे यूरोप पर देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि नूपुर शर्मा की ओर से पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी पर जब दुनिया भर में बवाल मचा था तो नीदरलैंड से उन्हें समर्थन मिला था। उनका नीदरलैंड के सांसद गीर्ट वाइल्डर्स ने सपोर्ट किया था और कहा था कि मैं भारत से भी अपील करूंगा कि वह कट्टरपंथी मुसलमान देशों के दबाव में न आए। इस्लाम विरोधी और यूरोपियन यूनियन तक को बेकार बताने वाले गीर्ट वाइल्डर्स अब नीदरलैंड के पीएम भी बन सकते हैं। बताया जा रहा है कि उनकी पार्टी देश के संसदीय चुनावों में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। गौरतलब है कि उस समय गीर्ट वाइल्डर्स ने नूपुर शर्मा का बचाव करते हुए कहा था, यह हैरान करने वाली बात है कि अरब और इस्लामिक देश भारत की राजनेता नूपुर शर्मा के बयान पर भड़के हैं। उन्होंने पैगंबर के बारे में सही बोला था।

इतना ही नहीं एक और ट्वीट करते हुए गीर्ट ने भारत सरकार से डिफेंसिव मोड में न आने की अपील की थी। गीर्ट ने लिखा था कि तुष्टीकरण से कभी कोई फायदा नहीं होता। इससे चीजें खराब ही होती हैं। इसलिए भारत के मेरे दोस्तों इस्लामिक देशों के आगे दबाव में मत आओ। इसकी जगह नूपुर शर्मा की अभिव्यक्ति की आजादी के पक्ष में खड़े हो, जिसने पैगंबर मोहम्मद के बारे में सच बोला है। गीर्ट ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भारत और नीदरलैंड जैसे देश लोकतांत्रिक हैं और अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान करने वाले हैं। हमें मुसलमान देश ज्ञान नहीं दे सकते, जो कट्टरता से भरे हैं और वहां लोगों को किसी भी तरह की आजादी नहीं है।

नीदरलैंड के छोटे से कस्बे वीनलो में वाइल्डर्स का 1963 में जन्म हुआ था। उनके पिता एक प्रिंटिंग कंपनी में मैनेजर थे, जबकि मां हाउसवाइफ थीं।





रोमन कैथोलिक परिवार में पले-बढ़े गीर्ट वाइल्डर्स चर्च से जुड़े रहे हैं। ओपन यूनिवर्सिटी से लॉ और हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में पढ़ने वाले गीर्ट वाइल्डर्स को उनके कट्टरपंथी विचारों के लिए जाना जाता है। इस्लामिक देशों की आलोचना करने वाले वाइल्डर्स की बीते कुछ सालों में तेजी से लोकप्रियता बढ़ी है। गीर्ट वाइल्डर्स को कई बार मौत की धमकियां भी मिलती रही हैं। वह इस्लाम के खिलाफ खुलकर बोलते रहे हैं। इसी के चलते वह अकसर कड़ी सुरक्षा में ही रहते हैं।

# अमेरिका में रह रहे 64 लाख अवैध अप्रवासी, 725,000 भारतीय, रिसर्च में हुआ बड़ा खुलासा



**लंदन (एजेंसी)।** प्यू रिसर्च सेंटर ने पाया है कि अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी भारतीयों की है, जिनकी संख्या लगभग 725,000 है। सूची में अमेरिका के बाद मेक्सिको और अल साल्वाडोर हैं। शोध में यह भी पाया गया कि देश के 10.5 मिलियन अनधिकृत अप्रवासी अमेरिका की कुल आबादी का लगभग तीन प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। यह विदेश में जन्मी आबादी का 22 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। शोध कहते है ÷मेक्सिको के अलावा अन्य देशों से अमेरिका में अनधिकृत अप्रवासियों की कुल संख्या तेजी से बढ़ी है। 2021 में, यह जनसंख्या 6.4 मिलियन थी, जो 2017 से 900,000 अधिक है।

इसमें कहा गया है, '2007 से 2021 तक दुनिया के लगभग हर क्षेत्र में अमेरिका में अनधिकृत अप्रवासियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सबसे बड़ी वृद्धि मध्य अमेरिका (240,000) और दक्षिण और पूर्वी एशिया (180,000) में हुई।'

अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा के आंकड़ों से पता चलता है कि बड़ी संख्या में बिना दस्तावेज वाले भारतीय अप्रवासी पैदल ही अमेरिकी सीमा पार कर रहे हैं। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच बिना दस्तावेजों के अमेरिका में प्रवेश करने पर कम से कम 6,917 भारतीयों को पकड़ा गया, निष्कासित किया गया या प्रवेश से वंचित कर दिया गया। कोविड-19 महामारी के कारण सीमाएं खुलने के बाद अमेरिका में बिना दस्तावेज वाले भारतीयों की संख्या काफी बढ़ गई। जहां 2021 वित्तीय वर्ष में 30,662 का सामना करना पड़ा, वहीं 2022 वित्तीय वर्ष में 63,927 का सामना करना पड़ा। इस वर्ष 97,000 मुठभेड़ों के साथ, 30,010 कनाडाई सीमा पर और 41,770 दक्षिणी सीमा पर थीं।

शोध में कहा गया है, 'कुल मिलाकर, 2021 में लगभग 7.8 मिलियन अनधिकृत अप्रवासी अमेरिकी श्रम बल में थे। यह 2019 से थोड़ा अधिक था लेकिन 2007 से 2015 तक हर साल की तुलना में कम था।'

कैलिफोर्निया, टेक्सास, फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और इलिनोइस ऐसे राज्य थे जहां अनधिकृत अप्रवासियों की संख्या सबसे अधिक थी। फ्लोरिडा और वाशिंगटन एकमात्र अमेरिकी राज्य थे जहां अनधिकृत आप्रवासी आबादी में वृद्धि देखी गई। जिन राज्यों में कमी देखी गई वे कैलिफोर्निया और नेवादा थे।

'इस बीच, वैध आप्रवासी आबादी 8 मिलियन से अधिक बढ़ गई, 29प्र. की वृद्धि, और प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिकों की संख्या में 49प्र. की वृद्धि हुई। 2021 में, देश के सभी अप्रवासियों में से लगभग आधे (49प्र.) प्राकृतिक नागरिक थे,' शोध कहता है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Friday, 24 November 2023



# मंसूर का बयान सेक्सिस्ट, अपमानजनक, घृणित
# तृषा कृष्णन

एक्टर मंसूर अली खान ने फिल्म में अपनी को-एक्ट्रेस रहीं तृषा कृष्णन को लेकर एक आपत्तिजनक बयान दिया है। मंसूर के बयान की एक्ट्रेस ने भी निंदा की है और एक्टर को घटिया आदमी बताया है। दरअसल, हाल ही में एक इंटरव्यू में मंसूर अली खान ने कहा कि 'जब मैंने सुना कि मैं तृषा के साथ काम करने वाला हूं, तो मैंने सोचा कि फिल्म में एक बेडरूम सीन होगा। मैंने सोचा कि मैं उसे वैसे ही बेडरूम में ले जा सकता हूं जैसे मैं पहले भी कई फिल्मों में दूसरी एक्ट्रेसेस को ले जा चुका हूं। मैंने कई फिल्मों में रेप सीन किए हैं तो मेरे लिए यह नया नहीं है। पर मेकर्स ने कश्मीर शेड्यूल में मुझे तृषा से मिलने तक नहीं दिया।'वहीं, तृषा ने ट्वीट शेयर करते हुए मंसूर के कमेंट की निंदा की है और साथ ही उनके साथ जिंदगी में कभी काम ना करने की कसम भी खाई।

अपने ट्वीट में एक्ट्रेस ने लिखा- 'हाल ही में मैंने एक वीडियो देखा जिसमें मिस्टर मंसूर अली खान ने मेरे बारे में भद्दी और घटिया बात की है। मैं इसकी कड़ी निंदा करती हूं और इसे सेक्सिस्ट, अपमानजनक, घृणित और खराब मानती हूं। वो ऐसी कामनाएं कर सकते हैं, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं कि मैंने कभी उनके जैसे घटिया व्यक्ति के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर नहीं किया और आगे भी यह सुनिश्चित करूंगी कि मेरे बाकी फिल्मी करियर में भी ऐसा कभी न हो। उनके जैसे लोग पूरी मानव जाति का नाम खराब करते हैं।'

मंसूर के इस बयान के बाद फिल्म के डायरेक्टर लोकेश कनगराज ने भी उनकी आलोचना की। लोकेश ने तृषा के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए लिखा, 'मंसूर अली खान द्वारा किए गए कमेंट को सुनकर निराश और नाराज हूं। यह देखते हुए कि हम सभी एक ही टीम में काम करते हैं। किसी भी इंडस्ट्री में महिलाओं, साथी कलाकारों और प्रोफेशनल्स के सम्मान पर समझौता नहीं किया जा सकता। मैं इस व्यवहार की निंदा करता हूं।' बता दें कि साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म 'लियो' में नजर आए एक्टर मंसूर अली खान अपने एक विवादित बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं।



# परेशान होता हूं तो बच्चों के साथ वक्त बिताकर खुद को संभालता हूं : शाहरुख खान

अभिनेता शाहरुख खान का कहना है कि जब भी वह परेशान होते हैं तो परेशानियों से ध्यान हटाने के लिए बच्चों के साथ वक्त बिताकर खुद को संभालते हैं। शाहरुख इस साल अपनी तीसरी फिल्म 'डंकी' की रिलीज की तैयारी में जुटे हैं। शाहरुख ने फिल्म के पहले गीत 'लुट्ट पुट्ट गया' की रिलीज के कुछ घंटों बाद बुधवार को 'एक्स' पर अपने प्रशंसकों के साथ 'आस्कएसआरके' सत्र आयोजित किया। 'डंकी' का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है और 'पठान' व 'जवान' के बाद शाहरुख की 2023 में यह तीसरी फिल्म है। शाहरुख ने एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में कहा, 'जब भी मैं चिंतित होता हूं तो मैं खुद ही इससे निपटता हूं। मैं थोड़ा बहुत लिखता हूं और अपने बच्चों के साथ वक्त बिताता हूं।' शाहरुख जहां 'डंकी' की रिलीज की तैयारी में जुटे हैं तो वहीं उनकी बेटी सुहाना की पहली फिल्म, जोया अख्तर की 'आर्चीज'आ रही है । उन्होंने कहा, ''सुहाना को डंकी पसंद है और मुझे आर्चीज से प्यार है।'' एक प्रशंसक ने जब उनसे उनके 'बिखरे बाल' के पीछे के रहस्य के बारे में सवाल किया तो शाहरुख ने चुटकी ली, ''आंवला, भृंगराज और मेथी लगाता हूं।'' 'डंकी' में उनके साथ तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमान ईरानी भी हैं जो 21 दिसंबर को रिलीज होगी।

# 600 करोड़ का कारोबार करने में सफल रही फिल्म लियो

साउथ के सुपर स्टार थलापति विजय की हालिया प्रदर्शित और ब्लॉक बस्टर रही आगामी सप्ताह ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म लियो प्रदर्शित होने जा रही है। फिल्म लियो वैश्विक स्तर पर 600 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। 'नेटफ्लिक्स' की दक्षिण भारत शाखा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। हमारे पास आपके लिए अच्छी खबर है। क्या आप तैयार हैं? 'लियो' 24 नवंबर को भारत में और 28 नवंबर को दुनिया भर में तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में नेटफ्लिक्स पर आ रही है।''लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने घरेलू तथा वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। 'लियो' 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म है। फिल्म में तृषा, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, मंसूर अली खान, प्रिया आनंद और गौतम वासुदेव मेनन जैसे कलाकार हैं। बता दें कि अभिनेता विजय की तमिल एक्शन थ्रिलर फिल्म 'लियो' 24 नवंबर से भारत में तथा 28 नवंबर से वैश्विक स्तर पर 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मंच नेटफ्लिक्स पर प्रसारित की जाएगी।




## बॉबी देओल को अपना स्टाइल आइकन मानते हैं रणबीर कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अभिनेता रणबीर कपूर ,बॉबी देओल को अपना स्टाइल आइकन मानते हैं। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म एनिमल के प्रमोशन के दौरान रणबीर कपूर ने बॉबी देओल को अपना स्टाइल बताया है। रणबीर ने बताया कि वह देओल के वॉर्डरोब के दीवाने हैं खासकर के उन आइकॉनिक सनग्लासेज के जो उन्होंने फिल्म सोल्जर और बरसात में पहना था। फिल्म एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज़, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।






# शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी के 14 साल पूरे

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी के 14 साल पूरे हो गये हैं। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी को पूरे 14 साल हो गए हैं। इस खास मौके पर शिल्पा और राज ने एक-दूसरे के लिए एक रोमांटिक वीडियो भी शेयर किया है। 22 नवंबर 2009 में शिल्पा शेट्टी ने राज कुंद्रा के साथ मुंबई में धूमधाम से शादी की थी। शादी की 14वीं सालगिरह पर शिल्पा ने इंस्टाग्राम एक प्यार भरा वीडियो शेयर कर पति को शादी की सालगिरह विश की है। शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज के साथ अपनी तस्वीरों का एक वीडियो पोस्ट किया है और इस वीडियो के बैकग्राउंड में 'तेरे बिना जिया जाये ना' गाना भी लगाया हुआ है कैप्शन में उन्होंने लिखा, 14 साल...तुम्हें अनंत प्यार, मेरी कुकी। यू आर माई हैप्पी प्लेस, राज कुंद्रा, एनिवर्सरी, ग्रैटिट्यूड, टुगेदरनेस, हसबैंडलव। शिल्पा के पति राज कुंद्रा ने भी शादी की सालगिरह के मौके पर इंस्टाग्राम पर शिल्पा के साथ अपना वीडियो शेयर कर लिखा है, 14 साल एंड यू स्टिल जस्ट लुकिंग लाइक ए वॉऊ! 14वीं सालगिरह मुबारक हो शिल्पा शेट्टी, ब्लेस्ड, वाइफ, एंजल लव।

# जान्हवी ने शेयर किया मंत्रमुग्ध कर देने वाला वीडियो

बालीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने फिर से अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला वीडियो साझा किया, जिसमें वह सफेद अनारकली सूट में शास्त्रीय नृत्य करती देखी जा सकती हैं। वीडियो में जान्हवी को बिना मेकअप के लुक में दिखाया गया है, उनके बाल बंधे हुए हैं और उन्होंने झुमके पहने हुए हैं। वह प्रतिष्ठित ट्रैक जिया जले पर परफॉर्म कर रही हैं। इस गाने को लता मंगेशकर और एम.जी श्रीकुमार ने गाया है। यह गाना 1998 की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म दिल से का है, जिसमें शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा ने अभिनय किया है। जान्हवी ने अपने रील वीडियो को कैप्शन दिया, आखिरकार क्रिकेट की चोटों के बाद डांस क्लास में वापस आ गई। अभिनेत्री ने उन चोटों का जिक्र किया है जो कथित तौर पर उन्हें अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग के दौरान लगी थीं। फिल्म में राजकुमार राव भी हैं। वीडियो को 5.4 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं।एक फैन ने लिखा, प्रीति जिंटा की जगह पर कदम रखना आसान नहीं है लेकिन आपने अच्छा किया। एक अन्य ने टिप्पणी की, 'कितना सुंदर एक अन्य दर्शक ने लिखा, खूबसूरत डांस और मूव्स.. ऐसा लग रहा है जैसे श्रीदेवी मैम डांस कर रही हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार, महेंद्र अग्रवाल का किरदार निभाएंगे, जबकि जान्हवी, महिमा माही का किरदार निभाती नजर आएंगी। उनकी झोली में देवरा और उलाज भी हैं। बता दें कि जान्हवी कपूर को शास्त्रीय नृत्य के प्रति बेहद प्रेम हैं। उन्हें अक्सर सोशल मीडिया पर इस तरह की वीडियो पोस्ट करते हुए देखा जाता है।



# गुरुद्वारा गोल्डन टेम्पल पहुंची करिश्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर पंजाब के प्रसिद्ध गुरुद्वारा गोल्डन टेम्पल पहुंची, जहां से उन्होंने अपने दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की है। फैंस करिश्मा की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। शेयर की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि करिश्मा कपूर स्वर्ण मंदिर के सामने दोनों हाथ जोड़े नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर एक अलग ही नूर देखने को मिल रहा है। पिंक सूट के साथ सिर पर मैचिंग दुपट्टा लिए न्यूड मेकअप और माथे पर बिंदी से अपने लुक को कंप्लीट करती करिश्मा बेहद खूबसूरत लग रही हैं।गुरुद्वारा में दर्शन के बाद करिश्मा ने अमृतसर की गलियों का दौरा किया और स्वादिष्ट पकवानों का भी आनंद लिया। कई तस्वीरों में करिश्मा पेड़ के नीचे बैठी सादगी भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- सकारात्मक ऊर्जा और स्वादिष्ट भोजन। अमृतसर में बिताया गया एक अद्भुत दिन। फैंस करिश्मा के इस पोस्ट को खूब लाइक कर रहे हैं।

वहीं काम की बात करें तो करिश्मा कपूर ने साल 1991 में फिल्म प्रेम कैदी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, सबसे ज्यादा सफलता उन्हें अनाड़ी में लीड रोल निभाकर मिली। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। वहीं, अभ एक्ट्रेस लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। बता दें कि एक्ट्रेस करिश्मा कपूर भले ही इन दिनों एक्टिंग से दूर हैं, लेकिन वह अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं।



# सुशांत सिंह बहुत अच्छा इंसान था: अंकिता



एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने स्वर्गीय एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को याद किया और कहा कि 'बहुत अच्छा इंसान था वो। वह एक अच्छा आदमी था। मैं ऐसे बोलती हूं ना कभी, था, मुझे इतना अजीब लगता है। मतलब अभी तो ठीक है नॉर्मल हो गया है। विक्की का भी दोस्त है ना सुशांत।

आप जानते हैं कि अब वो नहीं रहा। इस दुनिया में, सबसे बुरा एहसास है। इसके बाद मुनव्वर फारुकी ने अंकिता लोखंडे से सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बारे में और पूछा। 'बिग बॉस 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अंकिता लोखंडे ने सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात की। वह मुनव्वर फारुकी से बात कर रही थी जब टूटे हुए दिल पर उनकी शायरी ने उन्हें नॉस्टैल्जिक फील कराया। तब अंकिता ने मुनव्वर से कहा, 'मत बोल ये सारी चीज, वो हिट करती है बुरी तरीके से। लेकिन तूने जो कहा वह मुझे पसंद आया।' फिर अंकिता ने फिल्म 'एमएस धोनी: द अटोल्ड स्टोरी' का रोमांटिक सॉन्ग 'कौन तुझे' गाया। इस मौके पर अंकिता ने कहा, 'अभी ये बात नहीं करना चाहती लेकिन ऐसा नहीं है। मुझे ये नहीं बताना तुझे कुछ भी।'

इस पर मुनव्वर ने कहा, 'लोगों के वर्जन है सबके। अलग-अलग लेकिन आप उनमें से एक हैं जिसे बिल्कुल सही पता है।'अंकिता लोखंडे तब खुलासा किया कि वह सुशांत के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सकीं। सुशांत की मौत उनके लिए 'बहुत चौंकाने वाली' थी। उन्होंने कहा, 'मैं तो उसके अंतिम संस्कार पर भी नहीं गई थी। मैं जा ही नहीं पाई। मुझे लगा मैं नहीं देख सकती ये। मैं ये देख ही नहीं सकती। विक्की ने बोला की तू जा कर आ। मैंने कहा नहीं। कैसे देख सकती हूं। मैंने वो अनुभव ही नहीं किया था कभी लाइफ में।' अंकिता लोखंडे आगे कहती हैं, 'मैंने पहली बार मेरे पापा को देखा मुन्ना ऐसे।

मुझे पता चला कि किसी का जाना क्या होता है। मेरे पापा बहुतज आपकी याद आती है डैडी। मैं पापा को बार-बार बोलती थी, पापा बिग बॉस।। हिट करती है यार बस।' अंकिता इस पूरी बातचीत के दौरान इमोनशनल और रोते हुए दिखाई दीं। वहीं, मुनव्वर फारुकी भी थोड़ा दुखी हुए। बता दें कि फिल्म 'एमएस धोनी: द अटोल्ड स्टोरी' साल 2016 में रिलीज हुई थी और दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत इसमें लीड रोल में थे। सुशांत और अंकिता लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे थे।